e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 37

बुधवार

07.02.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सफलता का दरवाजा हमेशा खुला रहता है, यह तो आप पर निर्भर करता है, कि आप उसे पार कर पाते हैं या नहीं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### लोस में पास हुआ पेपर लीक और नकल रोकने वाला विधेयक

**नई दिल्ली :** सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने के प्रावधान वाले 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024% को मंगलवार को लोकसभा ने पारित कर दिया है. लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी या अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं आते और ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि इसके माध्यम से उम्मीदवारों का उत्पीड़न होगा. उन्होंने कहा, यह कानून उन लोगों के विरुद्ध लाया गया है जो इस परीक्षा प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करते हैं. यह विधेयक राजनीति से ऊपर है और देश के बेटे-बेटियों के भविष्य से जुड़ा है.

### सीएम केजरीवाल के पीएस बिभव और सांसद एनडी गुप्ता समेत कई आप नेताओं के घर पर ईडी ने की रेड

**दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की रेड हुई है. जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार और राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता के घर पर ईडी छापेमारी की. दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने एक्शन लिया है.आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार और आम आदमी पार्टी से जुड़े अन्य लोगों के ठिकानों की छापेमारी की है. उन्होंने बताया कि दिल्ली के करीब 12 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है.

### शिमला में भूस्खलन की चपेट में आया मकान, बिहार के दो मजदूरों की मलबे में दबकर मौत

**शिमला :** राजधानी शिमला से करीब 20 किलोमीटर दूर जुन्गा शिमला मार्ग पर अश्वनी खड्ड में भूस्खलन की घटना हुई है। इस घटना में बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के परिजनों और शिमला में रह रहे परिचित लोगों को सूचित कर दिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। घटना के बाद डीसी शिमला अनुपम कश्यप सहित पूरा प्रशासन मौके पर पहुंचा। शिमला सहित प्रदेश में बीते एक सप्ताह से निरंतर बारिश-हिमपात हो रहा है। इससे भूस्खलन घटनाएं देखने को बढ़ने लगी हैं।

### अजित गुट को चुनाव आयोग ने माना असली एनसीपी ,शरद पवार को लगा झटका

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव से पहले शरद पवार को बड़ा झटका लगा है. कारण, चुनाव आयोग ने अजित गुट को ही असली एनसीपी करार दिया है. चुनाव आयोग ने कहा कि तमाम सबूतों के मद्देनजर ये फैसला लिया गया है. चुनाव आयोग का कहना है कि अजित पवार गुट को एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने का अधिकार है. हालांकि आयोग ने शरद पवार को नई पार्टी के गठन के लिए तीन नाम देने को कहा है. ये नाम आज बुधवार शाम 3 बजे तक देने होंगे. 6 महीने से अधिक समय तक चली 10 से अधिक सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा करते हुए अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया है.

### ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय को हुआ कैंसर; पीएम मोदी ने शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कैंसर से पीड़ित ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। मालूम हो कि लंदन स्थित ब्रिटेन के शाही परिवार के आधिकारिक निवास बकिंघम पैलेस ने सोमवार को एक बयान में बताया था कि चार्ल्स प्रोस्टेट ग्रंथि की हाल में हुई जांच के दौरान कैंसर से पीड़ित पाए गए। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया,मैं भारत के लोगों के साथ किंग चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। किंग चार्ल्स को ने कैंसर का पता चलते ही इसका इलाज करवाना शुरू कर दिया है। बकिंघम पैलेस ने एक बयान में कहा, प्रोस्टेट बढ़ने पर किंग ने हाल ही में अस्पताल में जांच करवाई। जांच में कैंसर की पहचान की गई। कैंसर के प्रकार का खुलासा अभी नहीं किया गया है, लेकिन राजमहल के एक बयान के अनुसार राजा ने सोमवार को नियमित उपचार शुरू कर दिया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट : श्मशान जैसा मंजर व बिखरी हुई मिली लाशें

# 11 की मौत, 74 घायल

## 20 किमी तक सुनाई दी आवाज, सैकड़ों मकानों में आई दरार

### तीन किमी तक हिली धरती, चारों तरफ कराहते मिले जख्मी

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर हरदा के बैरागढ़ में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ है. यह धमाका इतना जबरदस्त था कि इसकी आवाज बीस किलोमीटर दूर तक सुनी गई. इस विस्फोट में अब तक 11 लोगों की मौत की खबर है. जबकि 74 से ज्यादा लोग झुलस गए. पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से 50 से ज्यादा घरों में भीषण आग लग गई है. विस्फोट के बाद लोग यहां-वहां भागते हुए नजर आए. ब्लास्ट इतना तेज था कि उसकी आवाज सुनकर अचानक से लोग घबरा गए. फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में बारूद रखा हुआ था. विस्फोट की भयावहता को देखते हुए पचास से ज्यादा एंबुलेंस घटनास्थल पर भेजी गई. ब्लास्ट के बाद सड़क पर बाइक और कारों से आवागमन कर रहे राहगीर भी शिकार हो गए.
रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी टीमों को सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन और बिखरी हुई लाशें मिलीं. इसके अलावा तमाम जख्मी लोग कराहते हुए मिले. घायलों को आनन फानन में अस्पताल रेफर किया गया. विस्फोट इतना भीषण था कि पूरा इलाका जलकर खाक हो गया है.

### प्रधानमंत्री ने पटाखा फैक्टरी हादसे पर जताया दुख

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पटाखा फैक्टरी में हुई दुर्घटना पर दुख जताया। प्रधानमंत्री ने पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में लिखा,मध्य प्रदेश के हरदा में एक पटाखा फैक्टरी में दुर्घटना के कारण हुई लोगों की मृत्यु से व्यथित हूं। उन सभी के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। जो घायल हुए हैं वे जल्द से जल्द ठीक हों। स्थानीय प्रशासन सभी प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये दिए जाएंगे। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जायेंगे।





### विस्फोट के वक्त फैक्टरी परिसर में 250 से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे

जानकारी के अनुसार,शहर में मगरधा रोड पर ग्राम बैरागढ़ में स्थित एक अवैध पटाखा फैक्टरी में मंगलवार को जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई। आग तेजी से फैली और आसपास के 50 से ज्यादा घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इसकी वजह से क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल हो गया और लोग इधर-उधर भागते नजर आए। फैक्टरी से उठती आग की लपटें और धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता है। बताया जाता है कि विस्फोट के वक्त फैक्टरी परिसर में 250 से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे।

### मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियां

फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया। बताया जाता है कि 100 से अधिक लोग अभी भी इस फैक्टरी परिसर के भीतर फंसे हुए हैं। फैक्टरी में रह-रहकर अभी भी धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। हमीदिया में डॉक्टरों को हाई अलर्ट पर रखा गया। घायलों को भोपाल और इंदौर भी भेजा जाएगा। हरदा से भोपाल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

### जांच समिति गठित

घटना की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान की अध्यक्षता में एक समिति का गठन कर दिया है। इसमें धार्मिक न्यास विभाग के अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी, गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई, होमगार्ड महानिदेशक अरविंद कुमार और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आलोक रंजन को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुलाई बैठक



हरदा में हुए भीषण हादसे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को दोपहर में आपात बैठक बुलाई। उन्होंने मंत्री प्रद्युम्न तोमर व उदय प्रताप सिंह, एसीएस अजीत केसरी, डीजी होम गार्ड अरविंद कुमार को तत्काल हरदा जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा भोपाल, इंदौर में मेडिकल कालेज और एम्स भोपाल में बर्न यूनिट को आवश्यक तैयारी करने को कहा। इंदौर, भोपाल से फायर ब्रिगेड की दमकलों को भी हरदा भेजा गया। इसके साथ-साथ राहत कार्यों के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, घायलों का बेहतर से बेहतर उपचार हमारी पहली प्राथमिकता है। मृतकों और घायलों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने की बात कही गई है।



### पलामू में बागेश्वर धाम सरकार की कथा को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाऊंगी : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर :** मेदनीनगर की प्रथम महापौर सह श्री हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा श्री धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा का पलामू में कार्यक्रम करने के लिए दिए गए आदेश के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा अब तक स्वीकृति नहीं दिए जाने और अब जिला प्रशासन एवं सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश के विरोध में पुनः कार्यक्रम को रद्द करने के लिए रांची उच्च न्यायालय में एलपीए फाइल करने की तैयारी पर तीखा प्रतिक्रिया देते हुए कही। सरकार एक संत को झारखंड आने से रोककर हिंदुओं की भावनाओं से खेल रही है। जिसका परिणाम झारखंड सरकार को भुगतना पड़ रहा है। श्रीमती शंकर ने कहा कि सरकार कहती है की इस कार्यक्रम में लगभग 3 लाख की भीड़ प्रतिदिन होगी। जिसके लिए 300 मजिस्ट्रेट एवं 5000 पुलिस बल की आवश्यकता है। जिसे झारखंड सरकार उपलब्ध नहीं करा सकती है। क्या सरकार झारखंड में इतना बड़ा कार्यक्रम कभी नहीं कराई या करेगी या बड़ी-बड़ी राजनीतिक सभाएं रोक पाएंगी ? या फिर यह शर्तें सिर्फ हिंदुओं के संतो, शंकराचार्य या कथा वाचको के लिए झारखंड में रखी गई है द्य संयोजक अरुणा शंकर ने कहा कि हम हिंदू कमजोर नहीं हैं। बाबा बागेश्वर का कथा पलामू मेदिनीनगर में होकर रहेगा। अगर सुप्रीम कोर्ट से आदेश लाना होगा तो भी मैं लेकर आऊंगी।

## उत्तराखंड विधानसभा में पेश हुआ समान नागरिक संहिता बिल




एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में यूसीसी बिल को पेश कर दिया. विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच सीएम धामी ने इस बिल को पेश किया. बता दें कि अगर उत्तराखंड विधानसभा में यह बिल पास होता है तो यूसीसी लागू करने वाला यह देश का दूसरा राज्य बन जाएगा.गोवा में पहले से ही यूसीसी लागू है. बता दें कि उत्तराखंड में सोमवार से विधानसभा का सत्र शुरू हुआ है. सोमवार को उत्तराखंड कैबिनेट ने सीएम धामी की अध्यक्षता में इस बिल को मंजूरी दी थी. कांग्रेस और मुस्लिम संगठन इस बिल के बिरोध में हैं. कांग्रेस का कहना है कि उत्तराखंड का इस्तेमाल प्रयोग के लिए हो रहा है. वहीं, मुस्लिम संगठन भी इस पर अपनी आपत्ति जता रहे हैं.उत्तराखंड विधानसभा में पेश हुए यूसीसी बिल पर उत्तराखंड भाजपा विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक क्षण है. यूसीसी से बड़ी खुशी क्या हो सकती है? यह लोगों को समान अधिकार देता है. मुख्यमंत्री धामी ने इसकी शुरुआत की. बिल पेश होने से पहले सीएम धामी ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि लंबे समय से इस बिल इसकी प्रतीक्षा थी. विधानसभा के आस पास धारा-144 लगा दी गई है.बताया जा रहा है कि धामी सरकार का ये कदम 2024 के चुनाव से पहले गेमचेंजर साबित हो सकता है. यूसीसी राज्य में जाति और धर्म के बावजूद सभी समुदायों के लिए समान नागरिक कानून का प्रस्ताव करता है.

### झारखंड विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## विपक्ष को कांग्रेस से डर : आलमगीर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र महतो ने विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र को मंगलवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में बनी नई सरकार के फ्लोर टेस्ट के लिए आहूत दो दिवसीय विशेष सत्र में सत्ता और विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। दोनों पक्षों ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भाग लिया और एक-दूसरे पर लोकतंत्र की हत्या करने के आरोप लगाए। आलमगीर आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यों को चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार आगे बढ़ाएगी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का गठन भाजपा ने नहीं किया। यदि राज्य सरकार प्रस्ताव नहीं भेजती, तो अलग झारखंड नहीं बनता। इसके लिए हमारे 11 मंत्रियों ने इस्तीफा दिया था। बिहार में हम गठबंधन की सरकार में थे। अलग राज्य के गठन में हमारा सबसे बड़ा योगदान था। आलम ने भाजपा के उन आरोपों का भी जवाब दिया, जिसमें कहा गया कि राहुल गांधी भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातु नहीं गए। उन्होंने कहा कि खूंटी में राहुल गांधी ने भगवान बिरसा मुंडा के परिजनों से मुलाकात की। उनको सम्मानित भी किया। प्रधानमंत्री खूंटी आए थे। आदिवासियों को उम्मीद थी कि सरना कोड की सौगात प्रधानमंत्री उन्हें देंगे लेकिन उन्होंने क्या किया? आदिवासियों को निराश किया।आलमगीर आलम ने कहा कि सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा कम और कांग्रेस पर ज्यादा हुई।उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग कांग्रेस के नाम से डर रहे हैं। ये जान रहे हैं कि आने वाले दिनों में देश कांग्रेसमय होने वाला है। क्योंकि, लोकतंत्र को बचाने में सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही सक्षम है।

## झारखंड में हमने सरकार गिराने से रोका : राहुल गांधी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुमला:** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को गुमला जिले के कामडारा और बसिया प्रखंड पहुंचे। जगह-जगह पर राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया गया। बसिया में राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अदाणी, अंबानी, टाटा व बिड़ला पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के साथ जो हुआ है, वह गलत है। मैं यात्रा में गरीबों से मिला हूं। उनकी समस्याएं सुनीं। मैं राज्य के कुछ मुद्दों पर झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बात करूंगा। झारखंड में जमीन और सरना कोड का मामला प्रमुख है। यूपीए की सरकार बनी तो सरना कोड लागू करेंगे। झारखंड में ट्राइबल फ्रेंडली सरकार है। गरीबों की सरकार है। पहले जो भाजपा की सरकार थी। वे एंटी ट्राइबल सरकार थी। भाजपा ने जो किया है, उसका जवाब जनता देगी। राहुल गांधी ने कहा है कि पूरे देश में ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स विपक्ष पर हमला कर रही है। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। झारखंड में सरकार गिराने की कोशिश की गयी, परंतु झारखंड में हमने सरकार गिराने से रोक दिया। हम लड़ते रहेंगे। यह सच्चाई है। चुनाव आयोग हो, कोई एजेंसी हो, ब्यूरोक्रेसी हो या पुलिस हो। इन सब का देश में दुरुपयोग हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा है कि देश के टॉप 200 कंपनी में ओबीसी मालिक नहीं है। अदाणी, अंबानी, टाटा व बिड़ला का नाम आप जरूर सुने होंगे। लेकिन कहीं आप ओबीसी का नहीं सुनें होंगे। आदिवासी व दलित का भी नाम आपने नहीं सुना होगा। प्रधानमंत्री अपने को ओबीसी कहते हैं, परंतु बाद में वे कंफ्यूजन में आ गये और कहने लगे कि देश में दो जाति हैं।

## भारत में अगले पांच-छह वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में अगले पांच से छह वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा. साथ ही उन्होंने वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया. प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है. देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा.उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश को 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता 254 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने की उम्मीद है. उन्होंने कहा, अगले पांच-छह वर्षों में भारत में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होने जा रहा है.प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ. मोदी ने कहा कि भारत कच्चे तेल तथा एलपीजी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है. प्रधानमंत्री ने वैश्विक समस्याओं के समक्ष देश की ऊर्जा प्रबंधन रणनीति का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले दो वर्ष में भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम हुई हैं. उन्होंने कहा,सभी विशेषज्ञों की राय है कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा.

### जेएसएससी सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामले में संलिप्त अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी का आदेश

## सदर डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखण्ड सामान्य स्नातक, योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 प्रश्न पत्र लीक मामले में राज्य सरकार द्वारा पुनः एसआईटी का गठन किया गया है। इस कार्य हेतु संजीव कुमार बेसरा, पुलिस उपाधीक्षक सदर, रांची स्पेशल टास्क फोर्स का नेतृत्व करेंगे। एसआईटी में चार पुलिस निरीक्षक समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। इससे संबंधित आदेश वरीय आरक्षी अधीक्षक द्वारा जारी कर दिया गया। मालूम हो कि झारखण्ड सामान्य स्नातक, योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 जनवरी 2024 के 8 तारीख को निर्धारित था। परन्तु परीक्षा संचालन के पूर्व ही प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इस घटना के उपरांत तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक, सदर के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया था। लेकिन काण्ड के अनुसंधानकर्ता-सह-पुलिस उपाधीक्षक सदर, रांची का इस जिला से अन्यत्र स्थनान्तरण रूटीन प्रक्रिया के तहत हो गया है। अतः संजीव कुमार बेसरा, पुलिस उपाधीक्षक सदर, रांची को इस काण्ड के अग्रतर अनुसंधान हेतु अनुसंधानकर्ता के रूप में नामित किया गया है। एसआईटी को उपरोक्त प्रश्न पत्र लीक किए जाने के मामले में संलिप्त अभियुक्तों की जल्द शिनाख्त कर गिरफ्तारी का आदेश दिया गया है।

**नामकुम थाना में दर्ज है मामला:** इस संदर्भ में नामकुम थाना काण्ड संख्या 45/24, दिनांक 29 जनवरी 2024 को आईपीसी की धारा - 467/468/420/120बी., 66 आई.टी. एक्ट एवं 12 झारखंड कंपीटीटीव एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन एंड रिड्रेसल ऑफ अनफेयर मींस इन रिक्रूटमेंट) एक्ट 2023 के अन्तर्गत अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध दर्ज किया गया है।

**संक्षिप्त खबरें**

### जहर खाने से युवती गंभीर, मेदिनीनगर रेफर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** सरईडीह निवासी सनाहुल्लाह अंसारी की पुत्री जनम प्रवीण 18 वर्षीय ने जहर खा लिया जिसे तबियत बिगड़ गई परिजनों ने उसे इलाज के लिए उसे छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया। लोगों ने बताया कि घर मे किसी बात को अनबन को लेकर गुस्सा होकर अनाज में रखें जहर को खा गई छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद लड़की कि स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया

# केतार में मैट्रिक परीक्षा का प्रथम दिन कदाचार मुक्त हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड अंतर्गत मैट्रिक की एग्जाम हेतु इकलौता सेंटर मध्य विद्यालय केतार में प्रथम दिन की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जिसमे आज व्यवसायिक विषय का परीक्षा हुआ, जिसमे कुल 69 विद्यार्थी में 68 उपस्थित हुए। जबकि एक विद्यार्थी अनुपस्थी रहा। केंद्रअधीक्षक सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर 100 मीटर के दायरा में धारा 144 लागू है। इसके बावजूद अगर कोई भी व्यक्ति कदाचार करने या कराने की मंशा से घूमते पकड़े गए तो उनपर विधिसम्मत कानूनी कारवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस केंद्र पर परसोडीह एवम छाताकुंड उच्च विद्यालय का सेंटर है। जिसमे आज केवल परसोडिह विद्यालय के छात्र



छात्रा थे। जबकि आगामी 12 फरवरी से दोनो विद्यालय के विद्यार्थी रहेंगे।उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा किसी तरह का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण,चिट पुर्जा लेकर नही आयेंगे। अन्यथा विद्यालय परिसर में प्रवेश नही करने नही दिया जाएगा। इस दौरान गस्तिदल दंडाधिकारी बीडीओ सावित्री कुमारी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। और कहा कि इस सेंटर पर परीक्षा बिल्कुल शांतिपूर्ण एवम कदाचारमुक्त सम्पन्न कराना हम सबों की जिमेवारी है। परीक्षा में किसी तरह का कदाचार न हो उसके लिए दंडाधिकारी नसीम अंसारी, महिला परिवेक्षिका जागृति कुमारी, व ए एस आई सुदामा पांडेय, एस आई विजय कुमार पुलिसबल के साथ तैनात थे। इस दौरान उप केंद्रअधीक्षक देवेंद्र कुमार, राजनाथ राम, धनंजय कुमार, संतोष कुमार, अजय कुमार, शिवनाथ राम, गीता कुमारी, विभा कुमारी, मनोज दास, मनोरंजन कुमार, सुधा कुमारी, उदय शंकर वैद, सतीश वैद, उपेंद्र पाल, अध्यक्ष उपेंद्र बैठा, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# सोन नदी पर पुल निर्माण कराने संबंधी मामले को सांसद ने सदन में उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार के बीच बहने वाली सोन नदी पुल निर्माण कराने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिला (झारखंड) के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार के बीच बहने वाली सोन नदी पर अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण कराने की आवश्यकता है। उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी और



झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। विदित है कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है। यहॉ के मजदूर भारी संख्या मे बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते है। इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढ़ेगी। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साथ वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराने की कृपा की जाय। उक्त पुल की मांग झारखंड एवं बिहार सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है।

# लवली गुप्ता ने किया दीवार लेखन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर देश-प्रदेश एवं जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर और बूथ स्तर पर एक बार फिर से मोदी सरकार का स्लोगन एवं भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल फूल का दीवार लेखन का कार्य 15 जनवरी से शुरू किया गया है। इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा के तरहसी, मनातू बंसी आदि कई गांव में जाकर दीवार लेखन का कार्य किया व मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दीवार लेखन अभियान को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचना है लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर दीवार लेखन अभियान बहुत




ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बहुत से ऐतिहासिक कार्य हुए हैं केंद्र सरकार की योजनाओं से नागरिकों के मन में एक नया विश्वास पैदा हुआ है। देश प्रदेश में वैश्विक स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य हुए हैं हाईवे, रेलवे और एयर कनेक्टिविटी की मजबूती हुई है। नए एम्स, आइआइटी बने हैं कई योजनाओं ने मानक गढ़े हैं योजनाओं के सिर्फ घोषणा नहीं हुई है बल्कि शत प्रतिशत योजनाओं को धरातल पर उतरने के प्रयास भी हुए हैं। मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ा है हर भारतवासियों का मान सम्मान बड़ा है इसलिए आज हम सब की जिम्मेवारी है कि अब की बार 400 पर के संकल्प को पूरा करना है। मौके पर सांसद जिला प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, भाजपा युवा नेता उज्जवल पांडे, आलोक पांडे मोती प्रसाद किशोर प्रसाद सहित बहुत से भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीवार लेखन में भागीदारी निभायी।

# ज्ञान निकेतन स्कूल में दसवीं के छात्रों को समारोह आयोजित कर दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के बेलचंपा सह में रविवार को समारोह आयोजित कर दसवीं बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिसके बाद समारोह का औपचारिक उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल, प्राचार्य दीपक तिवारी, वरीय शिक्षक अजीत तिवारी, विकास दीप चौबे, सुधाकर पांडेय, स्कूल के हेड बॉय हिमांशु कुमार व हेड गर्ल सिमरन सिंह के द्वारा



संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, निदेशक अमित सिंह ने बच्चों को बेहतर भविष्य और उच्च शिक्षा हेतु कई टिप्स दिया। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया.स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों को उपहार देते हुए उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराया गया। मौके पर शिक्षक अजीत तिवारी,मौलाना लतीफ, विकास दीप चौबे, आभा चौबे, चंचल दीक्षित, प्रतिमा कुमारी, अंजली कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रा मौजूद थे।

## बूढ़ीवीर मंदिर में भगवान राम व शंकर सहित 13 देवी देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा 19 को किया जाएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ीवीर पंचायत में नव निर्माण मंदिर में मूर्ति स्थापित करने के लिए बाहर से भगवान राम, लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न, सीता व हनुमान, शंकर, पार्वती, गणेश, कार्तिक, दुर्गा माता का मूर्ति आया जिसको प्रमुख गायत्री देवी के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ शहर सदीक मंजिल चौक से बूढ़ीवीर मंदिर तक भगवान राम का जयकारा लगाते हुए मूर्ति को लाया गया। जहां दिनाँक 19/02/2024 को प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा और भगवान का मूर्ति स्थापित किया जायेगा। मोके पर जिला परिसद सदस्य प्रमोद सिंह, मुखिया अरविन्द तिवारी, समाजसेवी ध्रूप कुमार गुप्ता साहित सैकड़ो ग्रामीण जनता जुलुस मे शामिल थे।

## टेम्पो पलटने से दुधमुंहा बच्चे समेत पांच गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विशुनपुरा-नगर उंटारी मुख्य मार्ग पर पिपरी ग्राम के नजदीक टेम्पो पलटने से टेम्पो पर सवार 4 माह के बच्चे सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगो की मदद से सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लियेलाया गया। जहाँ चिकित्सको द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया। घायलों में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झगडाखाड़ निवासी धनौती देवी, अहिरपुरवा ग्राम निवासी मोती राम, गरबाँध पाटगढ़ निवासी विमला देवी, 12 वर्षीय उसका देवर सनोज कुमार तथा 4 माह का पुत्र के नाम शामिल हैं।

# पुण्यतिथि पर संगीत कला महाविद्यालय में लता मंगेशकर को दी गई श्रद्धांजली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** संगीत कला महाविद्यालय द्वारा सोमवार को स्वर कोकिला स्व. लता मंगेशकर की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर कलाकारों ने उनके गीतों का गायन कर उन्हे श्रद्धांजली अर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. लता मंगेशकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर ज्ञान निकेतन के निदेशक एमपी केशरी ने कहा कि स्व. लता मंगेशकर के गले में मां सरस्वती वास करती थी। उनके द्वारा गाये गीत



आज सारे विश्व मे गुंजयमान है। संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी ने कहा कि हम खुशनसीब है कि इस महान हस्ती के दौर में हम जिंदगी पा लिए। सुर सम्राज्ञी लता मंगेशकर के सुरों की ज्योत सदियों तक सभी के दिलो में जगमगाती रहेगी। कार्यक्रम को वरिष्ठ कलाकार दया शंकर गुप्ता, विजय प्रताप देव, गोपाल कश्यप, सुधांशु कुमार, बसंत कुमार, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता आदि ने भी संबोधित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्ववर्ती छात्रा कृति कुमारी ने नाम गुम जाएगा मेरी आवाज ही पहचान है एवं कही दीप जले कही दिल, पूर्णिमा कुमारी ने रहे ना रहे हम महका करेगें एवं आजा आयी बहार दिल है बेकरार, पूजा कुमारी ने तूने ओ रंगीले कैसा जादू किया एवं वादा ना तोड़, प्रियंका कुमारी ने तुम ना जाने किस जहाँ में खो गए, परिधि कुमारी ने तू जहाँ जहाँ चलेगा मेरा साया साथ होगा समेंत अन्य कलाकारों ने उनके गीतों को गाकर श्रद्धांजलि दिया।

## मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विशुनपुरा मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय बिशुनपुरा में मंगलवार के दिन जैक के मैट्रिक कि परीक्षा शान्ति पूर्वक संपन्न हुआ। केंद्राधीक्षक अजित कुमार पांडेय ने बताया कि इस केन्द्र पर मंगलवार के दिन आईटी एस व एमएसके विषय में कुल 86 परीक्षार्थियों में से 84 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, बाकी 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे द्य इस परीक्षा में मजिस्ट्रेट के रुप में अरिंदम विश्वास व महिला परिवेक्षिका मोनिका कुमारी, वीक्षण कार्य में अनिल कुमार गुप्ता, प्रवीण पांडेय, कृष्ण कुमार, कमलेश यादव, निलु कुमारी, सविता पांडेय सहित शिक्षक मौजूद थे।

# भाजपा डंडा मंडल को गांव चलो अभियान कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर भाजपा डंडा मंडल की बैठक भिखही स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष लखन चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक प्रभारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि गांव चलो अभियान 9 से 11 फरवरी तक चलेगा। गांव चलो अभियान कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी गांव में प्रवास करेंगे। प्रवासी कार्यकर्ता गांव में पुराने नए कार्यकर्ता, समाजिक कार्यकर्ता, एनजीओ से जुड़े लोगों को पार्टी से जोड़ने का



अभियान चलाया जाएगा। गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर भिखही पंचायत के भिखही गांव में पुर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी एवं बोंगासी गांव प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान प्रवासी नेता के रुप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव में भाजपा पुर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। मोदी सरकार ने ऐतिहासिक विकास कार्य किया है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार ने जनहित में अनेकों योजनाएं चलाई है जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। मंडल अध्यक्ष लखन चौधरी ने कहा कि डंडा प्रखंड के हर गांव में बुथ स्तर पर गांव चलो अभियान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। मौके पर भाजपा डंडा मंडल महामंत्री नंदु चौधरी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रमोद जायसवाल, विश्वनाथ विश्वकर्मा, रामचन्द्र ठाकुर, सरोज चौधरी, हरेन्द्र चौधरी, सुकन चौधरी, श्रवण साव, प्रेम चौधरी, बिपिन चौधरी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## मृतक की मां ने ससुराल वालों पर बेटी को मारने का लगाया आरोप, थाना में दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के पहर गेंड़आ निवासी सदरून बीवी ने नगर उंटारी थाना में आवेदन देकर अपनी पुत्री सकीना खातून उम्र 21 वर्ष को दहेज के कारण कुआं में धकेल कर हत्या करने का आरोप उसके पति सद्दाम अंसारी, पिता समसुदिन अंसारी, सास, भसुर व परिवार के अन्य सदस्यों पर लगाते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. थाना प्रभारी को दिये आवेदन में सद रुन बीबी ने कहा है कि मैं अपनी पुत्री की शादी 15 जून 2023 को



मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार गगरिया घाट (चितविश्राम) निवासी समसुद्दीन अंसारी के पुत्र सद्दाम हुसैन के साथ किया था। शादी में दो लाख रुपये नकद, होंडा साइन मोटरसाइकिल सहित अन्य आवश्यक समान भी दिया था। शादी के बाद से ही लड़की के ससुराल वाले दहेज के लिये 5 लाख रुपये एवं एक बुलेट मोटरसाइकिल के लिए प्रताड़ित कर रहे थे.विगत 4 फरवरी को समय लगभग 8 बजे रात्रि में मेरे दमाद सद्दाम हुसैन ने फोन के माध्यम से धमकी दिये कि पैसा और बुलेट गाड़ी नहीं दीजिएगा तो बेटी को कभी सपना में भी नहीं देखिएगा। धमकी देने के बाद 5 फरवरी को लगभग 3:00 बजे लड़की के भसुर के द्वारा सूचना दिया गया कि आपकी बेटी की मौत हो गई है। उन्होंने कहा है कि मेरी लड़की के ससुराल के पूरे परिवार के लोग एक साथ होकर दहेज के लिये मेरी बेटी को कुआं में ढकोलकर जान से मार दिये हैं। उन्होंने थाना प्रभारी से सभी दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की अनुरोध किया है.इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

**जनता के तीखे सवालों का सरलता से जवाब देकर राकेश तिवारी ने जीता दिल**

# चुनाव जीते बिना ही मैं क्षेत्र में कार्य कर के दिखाऊंगा, बाकी जनता मालिक : राकेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जोड़ में स्थानीय लोगों ने एक जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रवक्ता एवं पलामू प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव मुख्य वक्ता एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में जोड़, पूर्वडीहा, पथरिया, रजवाडीह, पोखराहा ओढ़नार, रबदा, अवसाने, बसरिया, बूढ़ीवीर, तलया बभन्डी, और भी कई पंचायतों के लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में कई पंचायत प्रतिनिधियों ने भी सिरकत की और अपने- अपने पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया।




जनसवांद में अधिकतर सिंचाई, रोड, स्कूल, खराब जलमीनार खराब पड़े चापानल, ब्लॉक से सम्बंधित कई समस्याओं को व्यक्त किया गया। राकेश तिवारी ने कई समस्याओं पर तत्काल हल निकालते हुए अगले दिन से ही कार्य प्रारंभ करने का वचन दिया। पूर्वडीहा से पथरिया तक के अति जर्जर सड़क की बात जब लोगों ने बतायी तो राकेश तिवारी ने अगले दिन से ही कार्य प्रारंभ कराने का वादा किया जिसपर उपस्थित लोगों ने ज़ोरदार तालियाँ बजा कर स्वागत किया। बाक़ी विभिन्न पंचायतों में पेय जल और सिंचाई तथा विद्यालयों की जर्जर स्थिति को भी संजीदगी से लेते हुए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया जो कल से ही इन विद्यालयों का दौरा कर के समस्याओं को चिन्हित करेगी और कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा की सभी पार्टियाँ चुनाव जीतकर कार्य करने की बात कहतीं है लेकिन आम आदमी पार्टी बिना जीते ही पलामू में कल से ही कार्य प्रारंभ करने जा रही है बस आपका आशीर्वाद चाहिए। सौरभ ने कहा की पलामू में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे के निर्देशानुसार आप के कार्यकर्ता अब आपके बीच रहेंगे और हर जनसमस्या पर मिल कर काम किया जाएगा।बताते चलें कि 76 डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों राकेश तिवारी और आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता ने राजनीतिक पंडितों को डाल्टनगंज में किसी बड़े परिवर्तन की आहट का एहसास करा दिया है।

## जनता के संकल्प के आगे हम नतमस्तक हैं, लड़ेंगे विस चुनाव : अमृत शुक्ला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** कांग्रेस पार्टी का विश्रामपुर विस स्तरीय कार्यकर्ता मिलन सह वनभोज कार्यक्रम मंगलवार को ग्रासिम मोड़ स्थित महेंद्र शुक्ला स्मृति कॉम्पलेक्स में हुआ। जिसमे विश्रामपुर, पांडू नवाबाजार और उंटारी रोड प्रखंड के कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.नंदलाल शुक्ला व संचालन युवा समाजसेवी फिरोज खान ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरीय कांग्रेसी नेता सह पूर्व विस प्रत्यासी अमृत शुक्ला और विशिष्ठ अतिथि के रूप में भवनाथपुर के पूर्व विधायक राजा राजेंद्र प्रताप देव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आगामी लोस और विस चुनाव पर चर्चा हुई।

# बगदाद शरीफ से आए अतिथि के सम्मान में समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के द्वारा स्थानीय जिला कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर बगदाद शरीफ से आए सैयद अली हमूद अल अरबी को संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने फूल पुष्प, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गढ़वा, कल्याणपुर सहित विभिन्न पंचायत के मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे। इस दौरान सैयद अली हमूद अल अरबी ने कहां की कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान से इनके द्वारा किए जा रहे कार्य में शामिल होने का मौका मिला है। इसके लिए कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सारे पदाधिकारी का मैं शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा कि मंगलवार से झारखंड भ्रमण के दौरान सभी समुदाय के लोगों को घर-घर जाकर इनके संस्था



के द्वारा चलाए जा रहे दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसे कुरुतियों को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक करूंगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ वर्ष में इस तरह की कुरीति हमारे देश से पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी इसे लेकर वह बिहार और झारखंड के 10 दिवसीय दौरा पर आए हुए हैं। सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि बगदाद शरीफ से चलकर आए सैयद अली हमूद अल अरबी के द्वारा बिहार झारखंड के प्रत्येक पंचायत में घर-घर जाकर इनके द्वारा जो जागरूक करने का काम किया जाएगा। वह हमारे संस्था के लिए एक मिशाल कायम होगा। संस्था के संरक्षक उमर नूरानी ने कहा कि विकास कुमार माली ने जो संकल्प ठाना है। उसे हम सभी धर्म के लोगों को मिलजुल कर समाप्त करना है। इस अवसर पर अयूब खान, टिंकू तिवारी, अमानत खान, विभूति पांडे, मोहम्मद एनुअल, मौलाना संजर, पवन औरंगजेब खान, मुर्तुजा अंसारी, रंजीत गौड़ सहित संस्था के विभिन्न पदाधिकारी व संरक्षक मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री बनने के लिए गुरुजी का आशीर्वाद मिला है : सीता सोरेन

**रांची।** झारखंड विधानसभा सभा सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में बनी नई सरकार का कैबिनेट विस्तार बहुत जल्द होने वाला है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष दिशुम गुरु शिबू सोरेन के परिवार से उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन नये मंत्रिमंडल में शामिल होंगी। सीता सोरेन ने कहा कि गुरू जी से उन्हे मंत्री बनने का आशीर्वाद मिला है। उन्होने कहा कि बाबा यानि शिबू सोरेन से आशीर्वाद मिला है, वो मंत्री बनेंगी, उन्हे कौन सा विभाग मिलेगा ये अभी तय नहीं हुआ है। मुझे कौन सा विभाग मिलेगा ये तय नई सरकार को करना है। उन्होने आगे कहा कि उन्हे उम्मीद है कि नई सरकार पूर्व में चलाये जा रहे हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा किये गए काम में तेजी लाएगी, क्योंकि आने वाले समय में चुनाव होना है, इसलिए जो काम अभी तक नहीं हो पाया है, उसे भी करना होगा नई सरकार को।

### दिवाकर पांडेय नियुक्त किए गए रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त

**रांची** : देवघर सिविल कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय को रांची सिविल कोर्ट का (ज्यूडीशियल कमिश्नर) प्रधान न्यायायुक्त नियुक्त किया गया है। इस संबंध में सोमवार रात हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मो. शाकिर की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि दिवाकर पांडेय रांची सिविल कोर्ट में सीबीआई जज के रूप में काम कर चुके हैं।

### राज्यपाल ने राजीव रंजन को महाधिवक्ता के पद पर किया नियुक्त

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन को को झारखंड राज्य के महाधिवक्ता के पद पर फिर से नियुक्त किया है।यह नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद-165 के खंड-(1) के तहत की गई है।

# कोविड ने बदल दी नीदाघ और मोनालिसा की जिंदगी, यूट्यूब से सीखा खाना बनाना

परवेज़ कुरेशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** कोविड महामारी ने हजारों लोगों को जीना सीखा दिया। कैसे आत्मनिर्भर बना जाता है यह 2020-21 में आये कोविड महामारी ने सबको बता दिया है। इसी कोविड ने भुवनेश्वर के रहने वाले नीदाघ पटनायक और उनकी पत्नी मोनालिसा की भी जिंदगी बदल दी। हजारों रुपए की तनख्वाह और अच्छी खासी जॉब को छोड़कर अपनी भाषा, संस्कृति, सभ्यता और खानपान व रहन-सहन की प्रचार प्रसार करने में जुट गए हैं। नीदाघ पटनायक बताते हैं कि वह भुवनेश्वर के रहने वाले और एमटेक पर्यावरण इंजीनियरिंग 2017 और स्वच्छ सर्वेक्षण 2016 में सूडा द्वारा केपीएमजी में मेरा चयन हुआ और केपीएमजी के माध्यम से 2016 में रांची नगर निगम पीएमसी सोल्डि वेस्ट मैनेजमेंट के तहत काम करने लगे। इस दौरान वह अपनी पत्नी मोनालिसा पाणि के साथ रहने लगे। मोनालिसा भी भुवनेश्वर के ही रहने वाली है । मोनालिसा भी स्टेट अर्बन डिपार्मेंट द्वारा रांची नगर निगम में काम करने लगी। मोनालिसा 2018 से 22 तक रांची नगर निगम में रही।

### कोविड ने बदल दी जिंदगी

इस दौरान पति-पत्नी दोनों अपने किराए के घर में तो रहते थे , लेकिन खाना बाहर के रेस्टोरेंट व होटलों में ही जाकर खाते थे। दोनों ने अनुभव किया कि सभी रेस्टोरेंट और होटलों का व्यंजन का स्वाद कुछ अलग अलग है और शुद्ध व्यंजन भी नहीं मिलता।

इसी दौरान 2020-21 में कोविड महामारी आ गया । घर से बाहर नहीं जा सकते थे। खाना बनाना भी नहीं आता था। मोनालिसा ने यूट्यूब के माध्यम से तरह तरह के व्यंजन बनाने की प्रेक्टिस अपने घर पर ही इसकी शुरुआत की । इन लोगों को लगा कि यह इस तरह के नए-नए व्यंजन जो रांची में नहीं मिलता है इस पर कुछ अच्छा व्यवसाय शुरू किया जा सकता है । इसी की सोच के साथ उन्होंने लालपुर थाना के बगल में विरही नमक रेस्टोरेंट खोला।




### जॉब छोड़कर कर पकवान

पति नीदाघ और पत्नी मोनालिसा दोनों मिलकर अपने क्षेत्र के ओड़िया के प्रसिद्ध व्यंजन जिसे झारखंडियों को भी पसंद है वैसे स्वादिष्ट व्यंजन ओड़िया व्यंजन को प्राथमिकता दी जा रही है।

### इसका लीजिए आनन्द

400 स्क्वायर फीट में 4 अक्टूबर 2022 को विरही की शुरुआत की। मोनालिसा ने बताया कि अचानक भुवनेश्वर जाना पड़ा, फिर वहां से जब 2023 में वापस लौट कर आई। नई तरीके से इसकी शुरुआत की। आज विरही रेस्टोरेंट रांची शहर में फेमस है। यहां चिकन पत्रों पोढ़ा, पत्ते में रोस्ट करके दिया जाता है। मशरूम पत्रों पोढ़ा , माच्छा अंबुला बसेरा (कच्चे आम के साथ मछली ) चिंगुड़ी पोढ़ा और चिकन बेशर , पखल थाली यानी पानी भात पसंद किया जा रहा है। नीदाघ ने बताया कि इस तरह से हम दोनों अपनी ओड़िया व्यंजन , भाषा ,संस्कृति, सभ्यता की प्रचार प्रसार भी कर रहे हैं । रांची में ओड़िया के रहने वाले करीब 5 से 10 परसेंट को लोग होंगे। रेस्टोरेंट से लेकर घर घर तक तक परोसा जा रहा है ओड़िया व्यंजन।

# झारखंड में 11 फरवरी से होगी बारिश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में एक बार फिर से बदलाव होगा। 11 और 12 फरवरी को राज्य में फिर से हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। बारिश पश्चिमी विक्षोभ के असर से होगी। 11 फरवरी को राज्य के पश्चिमी हिस्से में बारिश की संभावना है। इसमें पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, कोडरमा जिले शामिल हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 12 फरवरी को पश्चिमी हिस्से के साथ ही मध्य भाग में भी बारिश की संभावना है, जिसमें खूंटी, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला जिला शामिल हैं। इन जिलों में 11 और 12 फरवरी को गर्जन की भी संभावना व्यक्त की गयी है। सात से 10 फरवरी तक राज्य भर में आंशिक बादल का असर देखा जायेगा। बादल छाये रहने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी, जो तीन डिग्री तक की होगी लेकिन तीन दिनों के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी, जो दो डिग्री तक होगी।

# 3469 लोगों ने राज भवन उद्यान का किया भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : हर साल की तरह इस साल भी आम लोगों के लिए राजभवन खोल दिया गया है। पहले दिन करीब 3469 लोगों ने राज भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया। विदित हो कि राज्यपाल के निदेश पर राज भवन उद्यान आम नागरिकों के भ्रमण व परिदर्शन 6 फरवरी से 12 फरवरी, 2024 तक खोला गया है। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक है। विदित हो कि उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट न. 2 से सुरक्षा जांचोपरांत 1 बजे अपराह्न तक दिया जायेगा।

# विधायक सुखराम उरांव के सुपुत्र के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित वर-वधू स्वागत समारोह में शामिल हुए सीएम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर स्थित बनमालीपुर में विधायक सुखराम उरांव के सुपुत्र सन्नी उरांव के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित वर-वधू स्वागत- सह-आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने नव दंपति को सुखद और खुशहाल दाम्पत्य जीवन के लिए बधाई, शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दी। इस अवसर पर उन्होंने सुखराम उरांव के पिता दिवंगत लटटू उरांव की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सरायकेला के बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत।

# ओबीसी को ठगने का काम ना करें : संजय पोद्दार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश रांची जिला के अध्यक्ष संजय पोद्दार ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ओबीसी को ठगने का काम ना करें। राहुल गांधी को अब ओबीसी याद आ रहे हैं जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उन्होंने ओबीसी वर्ग के लिए क्या किया। सिर्फ चुनावी मौसम में ओबीसी याद आते हैं। राहुल अभी झारखंड के दौरे पर हैं । कांग्रेस की सत्ता में भागीदारी भी है ओबीसी को 27त्न आरक्षण दिलवा दें ।

विधानसभा सत्र भी चल रहा है, कांग्रेस को सिर्फ चुनावी मौसम में ओबीसी की याद आती है। वहीं झामुमो ने भी ओबीसी के साथ छल किया कुछ दिन पूर्व हेमंत सोरेन की सत्ता जाते देख जल्दी बाजी में 1932 और ओबीसी 27 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर केंद्र और राज्यपाल के पास भेज दिया गया। वहीं आरक्षण कुल जाति का 72त्न जो कहीं से भी संवैधानिक नहीं है सिर्फ अपनी पीठ थपथपाने के लिए ओबीसी को 27 त्नआरक्षण कुल सभी वर्ग मिलकर 72त्नउन्हें पता था कि केंद्र से इसकी अनुमति नहीं मिलेगी सिर्फ ओवैसी वर्ग को ठगने के लिए विधायक लाया गया और बार-बार केंद्र और राज्यपाल पर ठीकरा फोड़ना कहीं से भी उचित नहीं है।

# झारखंड में शुरू हुई मैट्रिक और इंटर की बोर्ड परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की वार्षिक मैट्रिक और इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गयी। इस परीक्षा में मैट्रिक में 4,21,678 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट में 3,44,822 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। कुल 7,66,500 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, जहां मैट्रिक परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों को 09¬45 में अंदर जाने की अनुमति दी गयी और परीक्षा दोपहर एक बजे समाप्त हुई। इंटर परीक्षार्थियों को दोपहर 1¬45 में परीक्षा केंद्र के अंदर जाने की अनुमति मिली जबकि परीक्षा पांच बजे समाप्त हुई। परीक्षा के पहले दिन मैट्रिक और इंटर में वोकेशनल कोर्स की परीक्षा हुई। मैट्रिक परीक्षा के लिए 1238 और इंटर के लिए 740 केन्द्र बनाए गये हैं। 26 फरवरी को दोनों परीक्षा की अंतिम तारीख है। 26 फरवरी को मैट्रिक में अंग्रेजी विषय की और इंटरमीडिएट में राजनीतिक विज्ञान की परीक्षा होगी। जैक की ओर से इस बार परीक्षा नियंत्रण करने के लिए परीक्षा नियंत्रण कक्ष का बनाया गया है, जो रांची, दुमका और मेदिनीनगर से नियंत्रित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से परीक्षा के दौरान होने वाली समस्याओं का समाधान किया जायेगा। साथ ही केंद्रों की मॉनिटरिंग सीसीटीवी से की जा रही है। इसके लिए जैक कार्यालय में मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है।




# निर्भया फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जारी हुए 7212 करोड़ रुपये

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्र सरकार की ओर से निर्भया फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7212.85 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। इन राशियों का उपयोग विभिन्न मंत्रालय और विभागों द्वारा जारी निर्भया फंड से उपयोग की गई कुल राशि 548 करोड़ रुपये है। यह जानकारी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को लोकसभा में दी। लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने झारखंड में निर्भया फंड के उपयोग से संबंधित सवाल किया था और पूछा था कि झारखंड सरकार के जरिये इसके तहत कार्य और उपयोग के लिए कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सांसद ने अन्य भी कई सवाल इससे जुड़े हुए लोकसभा में रखे थे। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि निर्भया फंड के तहत झारखंड राज्य में आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता 112 मानव व्यापार रोधी इकाइयों की स्थापना, महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सेंटर सहित कई कार्य हो रहे हैं।

इसके अलावा फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना भी की गई है। मूल रूप से यह फास्ट ट्रैक कोर्ट दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के लंबित मुकदमों के निपटारा के लिए किया गया है। वर्तमान समय में झारखंड में 22 ऐसे फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कार्यरत हैं। झारखंड के सभी 24 जिलों में वन स्टॉप सेंटर कार्यशील हैं। इसके अलावा झारखंड राज्य में वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से 3435 महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है। 181 महिला हेल्पलाइन के माध्यम से 41587 महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है। झारखंड में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के माध्यम से दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम से जुड़े 5383 मामलों का भी निपटारा किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने सांसद को यह भी बताया कि झारखंड सहित देश के कई राज्यों के लिए एलएफएसएएल, डीएनए विश्लेषण, साइबर फॉरेंसिक जैसी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 183 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त अमृत शहरों में अंधेरे स्थान पर रोशनी करने के लिए झारखंड को 2.33 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

# राज्यपाल ने स्मारिका का किया विमोचन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राजभवन में सामाजिक, आर्थिक और संसदीय अध्ययन केंद्र की ओर से प्रकाशित जनजातीय सामाजिक आर्थिकी स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र के सचिव अयोध्या नाथ मिश्र, सचिव अमरनाथ झा, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार,सदस्य रामाकांत महतो, अरुण कुमार मिश्र एवं संपादक एसके चौबे उपस्थित थे। इस दौरान संस्था के सचिव ने संस्था के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। दूसरी ओर, राज्यपाल से झारखंड विधानसभा सदस्य रामचंद्र चंद्रवंशी ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की।

### सीआरपीएफ के सेंबो ग्रुप कैंप में 12 को रोजगार मेला

**रांची** : रांची के सेंबो स्थित सीआरपीएफ कैंप में 12 फरवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस कैंप में झारखंड के सभी जिलों के वैसे योग्य युवा जो केंद्रीय सुरक्षा बल में अपना करियर बनाना चाहते हैं, वे शामिल हो सकते हैं।

# हेमंत सोरेन मामले में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री से उच्चस्तरीय जांच का किया आग्रह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया है कि अब यह कहा जा रहा है कि जिस 8.46 एकड़ जमीन के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने हिरासत में लिया है उस जमीन को राजस्व विभाग ने जमीन मालिकों को लौटा दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की भी अपील की है। प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को टैग करते हुए कहा है कि एक बड़ी विचलित करने वाली अपुष्ट सूचना आ रही है। अपुष्ट सूचना यह है कि जिस दिन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने आवास से ईडी अधिकारियों के आने के पहले 40 घंटे तक रहस्यमय तरीके से गायब हो गये थे, उसी दिन राजस्व विभाग ने 8.46 एकड़ की विवादास्पद जमीन की जमाबंदी रद्द कर दी। इसे असली जमीन मालिकों को लौटा भी दिया। प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि यदि यह अपुष्ट सूचना सही है तो इसकी उच्च स्तरीय जांच कराएं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में कहा था कि यदि इससे संबंधित प्रमाण यहां दिखा दिया जाए तो वे न सिर्फ राजनीति से संन्यास ले लेंगे, बल्कि झारखंड ही छोड़ देंगे।



# बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से जुड़ी समस्या को लेकर रक्षा मंत्री से मिले सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के विस्तारीकरणकरण के मुद्दे को लेकर आ रही समस्या के समाधान के लिए सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मंगलवार को मुलाकात की। सांसद ने केंद्रीय रक्षा मंत्री को बताया कि रांची एयरपोर्ट का विस्तारीकरण होना है। इसके लिए रांची एयरपोर्ट के पास अपनी जमीन है। वर्ष 2007-8 में लगभग 123 एकड़ जमीन का म्यूटेशन एयरपोर्ट के नाम से किया हुआ है। वर्तमान समय में इस जमीन को भारतीय सेना भी अपने रिकार्ड की जमीन बता रही है। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि यह दो मंत्रालयों के बीच का मामला है। इस मामले में आपके हस्तक्षेप की आवश्यकता है। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से इस मामले के समाधान का अनुरोध किया है ताकि एयरपोर्ट का समुचित विकास हो सके। यह जानकारी सांसद में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उल्लेखनीय है कि रांची एयरपोर्ट का विस्तारीकरण होना है। लेकिन जमीन का क्लीयरेंस नहीं होने के कारण यह मामला विगत कई वर्षों से अधर में लटका हुआ है। एयरपोर्ट ने 123 एकड़ जमीन को अपना बताते हुए इसे दाखिल खारिज भी करवा लिया। जमीन पर भारतीय सेना की ओर से भी दावा किया जा रहा है। ऐसे में यह मामला अधर में लटका हुआ है। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय एयरपोर्ट प्रबंधन ने पूरे मामले से सांसद को अवगत कराया। इसी आलोक में सांसद ने केंद्रीय रक्षा मंत्री से मिलकर इस समस्या के समाधान का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि उन्होंने पूरे मामले को गंभीरता से सुना है और इसके समाधान के लिए सकारात्मक कार्रवाई करने की बात कही है।



# कुंदन की तरह जेल से बाहर आएंगे हेमंत सोरेन : दीपिका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिस तरह से षड्यंत्र कर फंसाया गया इसका पर्दाफाश होगा, लेकिन जहां तक भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ट्वीट के माध्यम से झूठ फैलाने का काम करते हैं इस पर भी रोक लगनी चाहिए। उक्त बातें कांग्रेस की महागामा विधायक दीपिका पांडे ने कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से दुबे ट्विटर के माध्यम से सरकार गिराने और विधायकों के इधर-उधर जाने के बाद लिखते रहते हैं इस तरह के झूठ फैलाना वह बंद करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसाया गया है यह बहुत जल्द कुंदन की तरह जेल से बाहर निकाल कर आएंगे। राज्य में अगर कोई विकास कर सकता है , जनता हित में बेहतर काम कर सकते हैं तो सिर्फ हेमंत सोरेन की सरकार ही कर सकती है।



## डीएवी खलारी में मनी महात्मा एन डी ग्रोवर की पुण्यतिथि

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी स्कूल खलारी में बिहार झारखंड में शिक्षा का अलख जगाने वाले महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी. कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार ने सभी शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया.सभी शिक्षकों ने भी महात्मा ग्रोवर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की. संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि एनडी ग्रोवर वास्तव में महात्मा थे. वे सादा जीवन एवं उच्च विचारों को जीते थे.बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडीसा आदि राज्यों में 200 से अधिक डीएवी स्कूल खोलकर उन्होंने यहाँ शिक्षा के प्रचार प्रसार में माहिती भूमिका निभायी. वे आदिवासियों को मुफ्त एवं सस्ती शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत रहते थे.इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थितत थे.

## स्व भागवत पांडे की मनी 26 वीं पुण्यतिथि

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वागीश्वरी भागवत पाण्डेय संस्कृत प्राथमिक सह उच्च विद्यालय मरकच्चो के संस्थापक सह भूमि दाता स्व. भागवत पांडेय की 26वी पुण्यतिथि विद्यालय परिवार की ओर से धुम धाम से मनायी गयी। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गण मान्य लोग उपस्थिति थे। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी रविशंकर तिवारी मंटू ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके द्वारा संस्कृत विद्यालय के लिए भूमि दान करना हम सभी को समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर झारखंड प्रदेश संस्कृत शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष बलदेव पांडेय, समाजसेवी डॉक्टर प्रयाग चन्द्र यादव, प्रेम पाण्डेय, मो शाकिर आलम, सुमन मोदी, मोजम्मिल आलम, मनु कुमार पाण्डे बाबूलाल पाण्डेय, सदानंद पाण्डेय, शिव शंकर पाण्डेय, सुरेश पांडेय समेत विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे। सभी ने बारी बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

## सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ श्री आशीषकुमार चौहान अंतरिम बजट 2024 को 10/10 आदर्श मानते हैं। विकास, कल्याणवाद और राजकोषीय संयम पर अटूट फोकस के लिए बजट की सराहना करते हुए, चौहान ने नीतियों और कराधान में निरंतरता के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की। बजट में क्षमता निर्माण पर जोर दिया गया है, जो हार्ड और सॉफ्ट दोनों बुनियादी ढांचे पर बढ़े हुए खर्च से चिह्नित है, जिसे चौहान ने रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में रेखांकित किया है। वंचितों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए आवंटन विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो वैश्विक अनिश्चितता की स्थिति में आर्थिक विकास के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का संकेत देता है। स्ड्ड23-24 के लिए संशोधित राजकोषीय घाटा 5.8ब्ल है जो राजकोषीय विवेकशीलता को प्रदर्शित करते हुए प्रारंभिक अनुमान से 10ड्ढश्चह्य सुधार दर्शाता है।

## हैप्पीनेस ड्राइव - एक सीएसआर पहल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वर्ष 2020 में शुरू हुआ, यह लगातार तीसरा वर्ष था जब श्याम स्टील ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह आयोजन पूरे पश्चिम बंगाल में, दक्षिण बंगाल से लेकर उत्तर बंगाल तक किया जाता है। हमने पिछले कुछ वर्षों में 5000 से अधिक (मलिन बस्ती, अनाथ, विकलांग बच्चे और वृद्ध लोगों) के चेहरे पर खुशियाँ फैलाई हैं।प्रत्येक वर्ष हम 3000 से अधिक स्लम और अनाथ बच्चों और वृद्ध लोगों को शीतकालीन कपड़े और पढ़ने और ड्राइंग सामग्री प्रदान करते हैं, उनके साथ एक दिन बिताते हैं, उनके साथ ड्राइंग प्रतियोगिता, नृत्य और गायन जैसी विभिन्न गतिविधियों में शामिल होते हैं।श्याम स्टील ने भी इस सीएसआर अभियान के माध्यम से सभी के लिए 1 दिन का भोजन उपलब्ध कराया। बर्दवान पश्चिम कार्यक्रम रानीगंज क्षेत्र में आयोजित किया गया था. नादिया कार्यक्रम मायापुर क्षेत्र में आयोजित किया गया था और हुगली कार्यक्रम प्रबार्तक सेबा निकेतन, मानकुंडु में आयोजित किया गया था।

## नए सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने लिया प्रभार

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल मरकच्चो के नये अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया।उन्होंने प्रभारी बीडीओ सह अंचलाधिकारी सना उस्मानी ने उनका स्वागत करते हुए पदभार सौंपा। इस अवसर पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें नये अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा को बुके देकर स्वागत किया गया।मौके पर सीआई दिनेश राम, शिवशंकर प्रसाद वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रखंड इकाई की एक बैठक मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद की अध्यक्षता में साप्ताहिक हॉट मैदान में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनूप जोशी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नितेश चन्द्रवंशी उपस्थित हुए।इस दौरान जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी जिस भरोसे से जिले का भार उनके कंधो पर सौंपी है।उस पर वे हर सम्भव खरा उतरने का प्रयास करेंगे।वहीं बैठक में पार्टी की मजबूती पर विशेष रूप से चर्चा की गयी।

## प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति व प्रखंड स्तरीय छापामार दस्ता का कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो शना उसमानी की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति एवं प्रखंड स्तरीय छापामार दस्ता के साथ बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं एक दिवसीय टीबी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख विजय कुमार सिन्हा , प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विपीन कुमार, एवं मुखिया, वार्ड सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि मरकच्चो प्रखंड ने भाग लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो द्वारा बताया गया कि कि युवा समाज के धरोहर हैं उनको तंबाकू से दूर रहने की जरूरत है। तम्बाकू ज़हर है और इसे जागरूक करके ही समाप्त किया जा सकता है। साथ ही उनके द्वारा टीबी मुक्त पंचायत बनाने हेतु सभी के सहयोग की बात कही गई। उनके द्वारा बताया गया कि केन्द्र एवं राज्य के निर्देशानुसार राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिसका लक्ष्य माननीय् प्रधानमंत्री के द्वारा वैश्विक लक्ष्य 2030 से पॉच वर्ष पूर्व ही सन् 2025 रखा गया है एवं झारखण्ड राज्य द्वारा दिसम्बर 2024 तक्ष्य निर्धारित है। लक्ष्य के प्राप्ति हेतु पीआरआई सदस्य एवं समाज के विभिन्न वर्गो के लोगो को टीबी के प्रति जागरूक करने तथा संभावित टीबी मरीजों की खोज में तेजी लाया जाना है एवं गॉव व समाज में वैसे व्यक्ति जिनमें ''दो हफ्तो से अधिक की खॉसी'', ''वजन कम होना'', ''धीमा बुखार'', ''बलगम में खुन आना'' से संबंधित समस्या हो उनको नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम जॉच के लिए जरूर भेजा जाए, साथ ही संक्रमण को ध्यान में रखते हुए वैसे व्यक्ति को मास्क का प्रयोग करना चाहिए।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा टीबी बिमारी के लक्षण, जॉच की विधि, बचाव एवं उपचार की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उनके द्वारा बताया गया कि टीबी रोग से ग्रस्ति मरीजों का इमयूनिटी कमजोर हो जाने के कारण प्रोटीनयुक्त आहार लेना आवश्यक है एवं सभी यक्ष्मा के मरीजों को शत-प्रतिशत् एचआईवी एवं ब्लड शुगर जॉच आवश्यक है। यक्ष्मा के संदिग्ध मरीजों का समुचित ईलाज जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्र में मुफ्त जॉच, मुफ्त ईलाज की सुविधा उपलब्ध है। टीबी की दवा खा रहे मरीजों का समय-समय पर जॉच एवं मॉनिटरिंग आवश्यक है, इसमें गॉव स्तर पर सहिया, ए.एन.एम. एवं सीएचओ से मदद लिया जा रहा है। साथ ही तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी के द्वारा बताया गया कि पंचायत को तंबाकू मुक्त कैसे किया जाना है साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यालयों में नौवीं कक्षा से 12 तक के बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है विश्व में तंबाकू सेवन से लगभग 54 लाख लोग और देश में 12 लाख लोग प्रतिवर्ष मौत के शिकार हो रहे हैं उन्होंने कोटापा के तहत विभिन्न धाराओं के बारे में जानकारी दी। अखिलेश कुमार जिला कार्यक्रम समन्वयक (यक्ष्मा) के द्वारा टीबी रोग के लक्षण एवं ईलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, प्रखण्ड स्तर पर सभी प्रखण्ड़ों के पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं सभी पीआरआई सदस्यो के साथ संयुक्त रूप से टीबी मुक्त पंचायत बनाने हेतु आग्रह किया गया एवं टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए शपथ लिया गया।

# खलारी में कड़ी निगरानी के बीच जैक बोर्ड की मैट्रिक व इंटर की परीक्षाएं शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड अधिविद्य परिषद के द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गयी. परीक्षा के लिए खलारी में तीन केंद्र बनाए गये हैं. जिनमें एसीसी हाई स्कूल खलारी, जनता उच्च विद्यालय खलारी बाजारटांड तथा आदर्श हाई स्कूल खलारी में परीक्षाएं हुयी.प्रथम पाली में पीएसीसी हाई स्कूल खलारी केंद्र में मैट्रिक के जनता हाई स्कूल के 72 परीक्षार्थियों ने इंट्रोडक्ट्री इंफार्मेशन टेक्नोलाजी (आईआईटी) एवं वोकेशनल विषय की परीक्षा दी. जबकि केन्द्र में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा.आदर्श हाई स्कूल शांतिनगर खलारी में मैट्रिक के वोकेशनल कोर्स के परीक्षार्थी नहीं होने के कारण प्रथम पाली में परीक्षा नहीं हुई. वहीं इंटर के परीक्षा में आदर्श हाई स्कूल परीक्षा केन्द्र में द्वितीय पाली में जनता हाई स्कूल से इंटर कला व वाणिज्य संकाय के 88 परीक्षार्थियों ने वोकेशनल विषय के अंतर्गत हेल्थ केयर एजुकेशन तथा इंफोरमेशन टेक्नोलोजी सिस्टम (आईटीएस) की परीक्षा दिए. वहीं जनता उच्च विद्यालय खलारी बाजारटांड परीक्षा केन्द्र में आदर्श हाई स्कूल शांतिनगर के कुल 54 मे से 52 परीक्षार्थियों ने इंट्रोडक्ट्री इंफार्मेशन टेक्नोलाजी (आईआईटी) की परीक्षा दी. वहीं दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. दोनो पाली की परीक्षाएं नीयत समय से शुरू हुई. प्रश्न पत्र सही समय पर केंद्रों पर पहुंचा दिए गए थे. तीनों केन्द्र पर सीसीटीवी सहित स्टेटिक व जोनल दंडाधिकारियों की निगरानी में कदाचार मुक्त परीक्षा हुयी.परीक्षार्थियों के लिए पेयजल सहित दूसरे आवश्यक सुविधाओं का इंतजाम रखा गया था. केंद्रों पर पुलिस के एक-एक अधिकारी के साथ सशस्त्र बलों की तैनाती थी. वहीं स्टेटिक दंडाधिकारी और जोनल दंडाधिकारी ने तीनों परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया.

# बीडीओ ने कराँजी व दिघिया पंचायत के विकास योजनाओं का निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने मंगलवार को कराँजी और दिघिया पंचायत के विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम कराँजी पंचायत के खत्री खटंगा गांव पहुंचे जहां जल जीवन मिशन के तहत् चल रही जल नल योजना से बनने वाले जलमीनार में नल जहां लगना है वहां का प्लेटफोरम नहीं बनाया है। वहीं घरों तक जाने वाली पाईप को जमीन के अंदर नहीं गाड़ा गया है। पाईप बिखरा पड़ा हुआ है। जमीन में नहीं गड़े होने के कारण पाईप फट रहा है। तत्पश्चात दिघिया पंचायत के तुको मिडिल स्कुल के समीप बना एक जलमीनार पुर्णतः भंग पाया गया। वहीं पीएचडी से बना हुआ जलमीनार में सिपेज पाया गया। जबकी इसका निर्माण लगभग साल भर ही हुआ है। इसपर प्रखंड विकास पदाधिकारी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण का आदेश दिये।

# आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड परिसर स्थित पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्क्स यूनियन के तत्वाधान में आंगनबाड़ी सेविका/सहायिक की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष कल्याणी देवी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सिल्ली प्रखंड के सेविका व सहायिका शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई एवं सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं आगामी 11 फरवरी को रांची में आयोजित झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्क्स युनियन की महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी सेविका व सहायिका महासम्मेलन में भाग लेंगे। जहां सम्मेलन के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका अपने हक अधिकार को केंद्र सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस मौके पर पुष्पा देवी सुषमा मंडल, आरती, गौरमनी, सुनीता, चारु, नीलिमा, रीता, प्रमिला, बेबी, फुल मनी, मोहिनी आदि उपस्थित थे।

## आगंनवाड़ी केंद्रो की सेविकाओं व एएनएम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जयनगर ब्लॉक के 75 आगंनवाड़ी केंद्रो की सेविकाओं और 14 ए.एन.एम और कोडरमा ब्लॉक के 75 आगंनवाड़ी केंद्रो की सेविकाओं और 15 ए.एन.एम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण तितली संस्था के द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) के अति महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करके समाप्त किया गया। प्रशिक्षण में तितली संस्था द्वारा सेविकाओं को पोषण ट्रैकर भरना,ड्यु लिस्ट,चेक्लिस्ट और मुलायंकन् को प्रशिक्षण के प्रत्येक दिन की तरह कराकर जानकारी दी गई एवं सेविकाओं का मूल्यांकन किया। मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के सन्नी कुमार ने जयनगर और अक्षय झा ने कोडरमा की सेविकाओं और ए.एन.एम को टिकाकरण की जानकारी भी दी। तितली संस्था के द्वारा वीएचएसएनडी की सामान्य जानकारी पर मूल्यांकन, वीएचएसएनडी क्या हैं,इसका प्रमुख उदेश्य तथा इसके लाभार्थी (गर्भवती और धात्री) के बारे में विशेष रूप से जानकारी और बातचित की गई। ये प्रशिक्षण जिला की देख-रेख एवं सहयोग से आरंभ होना मुमकिन हुआ। इसके लिए तितली की पूरी टीम जिला प्रशासन को तहे दिल से धन्यवाद करना चाहती हैं।प्रशिक्षण में सेविकाओं और ए.एन.एम के साथ गर्भवती और धात्री को मिलने वाले लाभ पर रोल प्ले करवाया तथा इससे संबंधित जानकारी भी दी साथ ही धात्री महिला का जाँच किया। प्रशिक्षण में सेविकाओं और ए.एन.एम को ग्रोथ मोनिटिरिंग चार्ट में प्लॉटिंग,के.एम.सी की जानकारी एवं उसकी विशेषताएँ और एम.सी.पी कार्ड भरने की आवश्यकता पे जानकारी एवं बातचित की। मौके पर बीडीओ सुमन गुप्ता और ब्लॉक समन्वयक,पप्पू यादव(कोडरमा)ने सेविकाओं को पोषण ट्रैकर के महत्व की जानकारी भी दी।प्रशिक्षण में प्रत्येक दिन सेविकाओं और ए.एन.एम के साथ वीएचएसएनडी के सभी लाभार्थियों का डेमो भी करवाया गया। टीम में मयूरिका त्रिपाठी,मीरा ठक्कर, निशि शाह,इच्छा सिंह,सूम्मती शिवशंकरा ,नितेश कुमार मोदी,मनीष कुमार यादव और पंकज मोदी उपस्थित थे।

# बुद्धा पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल पदक का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** बुद्धा पब्लिक स्कूल में सोमवार के दिन सफल विद्यार्थियों के बीच विद्यालय के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद पदक का वितरण किया गया। बताते चले कि 29, 30 और 31 जनवरी को विद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। खेलकूद प्रतियोगिता में क्रिकेट टूर्नामेंट, फुटबॉल टूर्नामेंट, कबड्डी, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, मटका फोड़ प्रतियोगिता, विभिन्न प्रकार के दौड़ समेत और भी कई तरह का प्रतियोगिताओं का आयोजन बच्चों के बीच किया गया था। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग भी लिए थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को रजत पदक, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में विद्यालय के निदेशक रणधीर कुमार ने कहा कि इस तरह का आयोजन से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। वही विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि खेलकूद में भाग लेने से शरीर तंदुरुस्त और मजबूत रहता है। मौके पर जितेंद्र, राकेश, राहुल भद्रा,गोविंदर, नकुल बडाईक, लंकेश्वर, प्रतिमा देवी, सुषमा सिंह, सुमित्रा कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, शालिनी कुमारी, प्रेमचंद महतो, विपुल राय समेत बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

## नियमों को दरकिनार कर नाबालिग सड़कों पर दौड़ा रहे हैं वाहन

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चैक चैराहों पर नाबालिक छात्राओं एवं वाहन चालकों के द्वारा सारे नियम को दरकिनार कर सरपट गाड़ी दौड़ाई जा रही है वहीं अभिभावकों के द्वारा एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार का पहल नहीं किया जा रहा ! विद्यालय से लेकर एग्जाम सेंटर तक नाबालिक बच्चे दो पहिया वाहन से आते हैं और उनकी दो पहिया वाहन की रफ्तार मानो बुलेट ट्रेन चल रही हो।

और यह चिंता का विषय है क्योंकि पिछले कई वर्षों से लगातार देखा जा रहा है कि एग्जाम सेंटर पर अभिभावक अपने बच्चों को उनकी खुशी के लिए बाइक देकर के भेजते हैं और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन न करने की वजह से नाबालिक छात्रा एवं बच्चे सड़क दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं नाबालिग बच्चे दोपहिया वाहन पर तीन-चार सवारी के साथ लापरवाही पूर्वक चल रहे हैं। इतना ही नहीं कई वाहन ऐसे हैं जिन पर नंबर अंकित नहीं है। युवक बाइक पर नियम विरुद्ध नंबर लिखवा रहे हैं। बाइक चालक के द्वारा हेलमेट का भी प्रयोग नहीं किया जा रहा है बच्चे एक दूसरे से आगे जाने एवं रेस लगाने के फेर में दुर्घटना के शिकार हो जा रहे हैं। इस संबंध में अंचल अधिकारी ओम बड़ाईक ने कहा कि परीक्षा केंद्र एवं विद्यालय नाबालिक बच्चों को दो पहिया वाहन से ना भेजें हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें जिससे आप सुरक्षित रहें एवं शांति व्यवस्था भी बनी रहे।

# दिशुम गुरु व मुख्यमंत्री से मुंडा/भूमिज समाज के प्रतिनिधि को मंत्री बनाए जाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिले के बुंडू स्थित मुंडा कॉलोनी में झारखंड मुंडा समाज के कार्यालय में मंगलवार को एक एक आवश्यक बैठक झारखंड मुंडा समाज के अध्यक्ष गीरीश सिंह मुंडा की अध्यक्षता में रखी गई और गोष्ठी में सर्वसम्मति से ये निर्णय लिया गया कि मुंडा/भूमिज समाज के जनप्रतिनिधियों को सत्ता में भागीदारी हेतु दिशुम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से आग्रह किया जाएगा।

इस बाबत झारखंड मुंडा समाज ने दिशुम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पत्र लिखकर आग्रह पूर्वक कहा कि वर्तमान राजनीतिक हालात एवं आर.एस.एस. ,भाजपा का आदिवासियों के प्रति साजिश से हमारा मुंडा/भुमिज समाज वाकिफ है। इनके साजिश के खिलाफ लड़ाई में झारखंड मुंडा/भूमिज समाज सदा आपके साथ रहेगा। साथ झारखंड मुंडा समाज ने दिशुम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कि मुंडा/भूमिज समाज के चार विधायक में से किसी एक को राज्य की वर्तमान सरकार में मंत्री पद दिया जाए। मुंडा/भूमिज समाज के इन चार विधायकों में तमाड़ से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक विकास कुमार मुंडा,कोलेबिरा से कांग्रेस विधायक नमन विल्सन कोनगाड़ी,पोटका से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक संजीव सरदार और सिसई से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक जिग्गा सुसन होरो हैं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाई गई महान कर्मयोगी एनडी ग्रोवर की पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर महान कर्मयोगी एनडी ग्रोवर की 16वीं पुण्यतिथि मनाई गई।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने महात्मा ग्रोवर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया,जिसके बाद स्कूल के सभी शिक्षको और बच्चों ने भी बारी-बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के शिक्षकों सहित बच्चों ने महात्मा एनडी ग्रोवर के जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि महात्मा ग्रोवर डीएवी के स्तंभ थे, जिन्होंने लगभग 200 डीएवी की नींव डाली।सादा जीवन और उच्च विचार से प्रेरित महात्मा ग्रोवर शिक्षाविद के साथ सामाजिक कार्यकर्ता थे।जिन्होने डीएवी की आजीवन अवैतनिक की सेवा की।उनके कार्यों को डीएवी परिवार कभी भी भूला नहीं सकती है।उनके आदर्शों का पालन करना हम सभी का कर्तव्य है।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे। एक अन्य कार्यक्रम मे डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में समारोह आयोजित कर स्कूल के दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई।इस मौके पर बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया।स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा सहित शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर स्कूल के बच्चो द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## समाजसेवी रामबिलास यादव बने अनाज मंडी दिल्ली के कोषाध्यक्ष

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के टेहरो पंचायत अंतर्गत मथुराडीह निवासी समाजसेवी रामविलास यादव दिल्ली के सबसे बड़ी अनाज मंडी नया बाजार के कोषाध्यक्ष बने जिन्होंने 17 वोट से जीत दर्ज किया. जबकि गिरिडीह जिला के गावां प्रखंड युवा समाजसेवी संजय यादव को प्रवक्ता बनाया गया. वहीं पप्पू यादव को भी उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लडे और 17 वोट से जीत दर्ज किए।चुनाव झारखंड युवा एकता संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा,नरेश वर्मा,रणधीर मंडल,कमिटी नया बाजार के अध्यक्ष बिनोद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।वहीं चयनित पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा की मजदूरों के लिए क्या रात और क्या दिन,सभी समय हमलोग खड़ा रहूंगा और सभी को एक परिवार की तरह देखूंगा।

# पानी की समस्या से परेशान महिलाओ ने सड़क पर उतर कर किया हंगामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सबसे बड़े आवासीय कॉलोनी बसंत विहार बचरा आवासीय परिसर में पिछले 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने की सूचना है। कॉलोनी में पानी की सप्लाई बंद होने के कारण कॉलोनी में रहने वाले सीसीएल कर्मचारी एवं उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पानी की समस्या को लेकर मंगलवार को कॉलोनी की कई महिलाओं ने सड़क पर उतर कर हंगामा किया।मिली जानकारी के अनुसार बंसत विहार कॉलोनी की महिलाएं सबसे पहले बसंत विहार में संचालित मेंटेनेंस ऑफिस पहुंची,जहां महिलाओं ने पानी सप्लाई बंद होने को लेकर जमकर हंगामा किया।जिसके बाद सभी महिलाएं बचरा संगम विहार आवासीय कॉलोनी पहुंची,यहां भी महिलाओं ने पानी की मांग को लेकर हंगामा किया।इस दौरान संगम विहार में अधिकारियों के नहीं रहने के कारण सभी महिलाएं मुख्य द्वार पर खड़ी हो गई।इधर सूचना पाकर एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,प्रभारी कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपाल,सिविल अधिकारी नागेंद्र राम,भीम प्रसाद मेहता सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंच कर महिलाओं से बात।इस दौरान अधिकारियों ने विभाग से बात कर जल्द कॉलोनी में पानी सप्लाई चालू करने का आश्वासन दिया।आश्वासन के बाद महिलाएं शांत हुई और सभी अपने-अपने घर चली गई।इस संबंध में महिलाओं ने बताया कि करीब 15-20 दिनों से बसंत विहार कॉलोनी में पानी की सप्लाई बंद है, जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है।कई बार मेंटेनेंस ऑफिस में बात की गई,लेकिन कोई पहल इस पर नहीं की गई है,जिसके कारण सभी महिलाएं सड़क पर उतरी है।महिलाओं ने कहा कि यदि जल्द पानी सप्लाई चालू नहीं की गई तो सड़क जाम किया जाएगा। इधर विभागीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि पेयजल आपूर्ति के पंप हाउस में लगे मोटर मे तकनीकी खराबी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है,जिसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग के अनुसार जल्द ही कॉलोनी में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## उज्जीवन एएफबी ने झारखण्ड में किया विस्तार



**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड (उज्जीवन एएफबी/बैंक) ने धनबाद, बैंक मोड़ झारखण्ड में अपनी नई शाखा खोली है। इस अवसर पर इत्तिरा डेविस, एमडी एवं सीईओ, उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक ने कहा कि धनबाद, झारखण्ड में अपनी नई शाखा खोलते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हमारे पर्सनलाइज़्ड बैंकिंग प्रोडक्ट एवं सेवाएं तथा बचत एवं डिपोज़िट पर प्रतिस्पर्धी ब्याज़ दरें क्षेत्र के लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करेंगी। यह विस्तार प्रमुख मास-मार्केट बेंक बनने के हमारे मिशन के अनुरूप है। बैंक का उद्देश्य डिजिटल बैंकिंग एवं राजस्व के विविधीकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को अपने साथ जोड़ना है। झारखण्ड में 21 शाखाओं के साथ बैंक 2 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं प्रदान करता है।

## समाजसेवी बासु राऊत का निधन, दुकाने रही बंद



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार की शाम राजनगर के समाजसेवी बासुदेव राऊत का आकस्मिक निधन ह्रदय गति रुकने से हो गया। मंगलवार के सुबह उनके अंतिम संस्कार के बाद राजनगर ऊपर बाजार के सभी दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों को स्वेच्छा से बंद रखा एवं दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दुकानदारों ने कहा, बासु दा राजनगर का दिल थे। इसलिए अब उनकी कमी हमेशा खलेगी।

## मानसिक व मिर्गी रोगियों के लिए जांच शिविर आयोजित

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्वी सिंहभूम एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को पटमदा के माचा स्थित सीएचसी में एक दिवसीय निःशुल्क मानसिक एवं मिर्गी मरीजों की चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मनोचिकित्सक डॉ. दीपक कुमार गिरी द्वारा पटमदा, बोड़ाम, नीमडीह, चांडिल व पश्चिम बंगाल से आये हुए 92 पुराना एवं 09 नए मरीजों को जांचोपरांत निःशुल्क एक महीने का दवाइयां दी गई। शिविर की अगली तिथि 5 को मार्च को सीएचसी में ही रखी गई है। शिविर को सफल बनाने में डॉ दीपक कुमार गिरी, सहायक तंजीन कुल्लु, पवन कुमार, पीएलवी शिव शंकर महतो, निताई चंद्र गोराई व नंद रजक का सराहनीय योगदान रहा।

## जमशेदपुर में गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के रोडशो का हुआ शुभारंभ

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर्स और 3- व्हीलर्स की इबलु रेंज बनाने वाली कंपनी, ने आज अपने देशव्यापी रोडशो को जारी रखने की घोषणा की है। रोडशो का शुभारंभ आज से जमशेदपुर के मानगो पारडीह चौक, स्थित सिटी राइड्स डीलरशिप में गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन प्रदर्शित के साथ शुरू हो गया है। यह रोडशो का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक रखा गया है। इसमें कंपनी लाइनअप के सबसे नये इलेक्ट्रिक वाहन दिखाए जाते हैं। रोडशो के दौरान मुख्य रूप से गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के फ्लैगशिप मॉडल्स दिखेंगे, जैसे कि इबलु रोज़ी (ई-ऑटो एल5एम), इबलु रेइनो (ई-लोडर), इबलु फियो (इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर) और इबलु स्पिन तथा इबलु थ्रिल (ई-साइकल रेंज)। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ हैदर खान ने रोडशो पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'देशव्यापी रोडशो किफायती एवं पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक यातायात को बढ़ावा देने के लिये हमारी प्रतिबद्धता का सबूत है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स रिटेल विस्तार के साथ आगे बढ रही है। भारत में इसके 50 डीलरशिप्स हैं और आने वाले महीनों में इसकी और भी डीलरशिप्स खोलने की योजना है।

## अयोध्या से लौटने के क्रम में ईचागढ़ में महंत विद्यानंद सरस्वती का हुआ स्वागत

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु, मिलन चौक राम मंदिर सहित कई जगहों पर मंगलवार को पारडीह काली मंदिर के महंत विद्यानंद सरस्वती का अयोध्या से लौटते समय समाजसेवी व राजनीतिक दलों के नेता व क्षेत्रीय लोगों ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। मिलन चौक स्थित श्री राम मंदिर, सितु आदि जगहों पर जुना अखाड़ा के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती ,मेघानंद सरस्वती, पांडे श्री आदि साधु संतों का चरण बंदन ,बुके व भगुआ अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। राम मंदिर प्रांगण में आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बुके देकर सम्मानित किया । वहीं समाज सेवी खगेन महतो ने अपने सहयोगियों के साथ सितु मिलन चौक में भगुआ अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर योगेन्द्र नाथ महतो, मनोरंजन ठाकुर, गुरुपद सोरेन, दामोदर सिंह मुंडा,शिवेश्वर महतो, गोपेश कुमार महतो,अक्षय महतो,आदि लोगों ने माला पहनाकर मंहत व संतो का स्वागत किया ।



## परसुडीह में कुएं से बच्ची का शव मिलने के मामले में जांच की मांग

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परसुडीह थाना अंतर्गत गैंताडीह की 4 वर्षीय बच्ची चंदू कुई का शव सोमवार को एक कुएं से मिला था। इस मामले में परिजनों ने बच्ची की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। बच्ची के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले है। इधर, मंगलवार को इसे मामले को लेकर परिजन व काफी संख्या में ग्रामीण दक्षिण करनडीह पंचायत की मुखिया सरस्वती टुडू के नेतृत्व में थाना पहुंचे और नारेबाजी कर विरोध जताया। थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि इस मामले में जो भी दोषी होंगे वो बक्शे नहीं जायेंगे. इसके बाद पुलिस टीम के साथ मुखिया व ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे. मौके पर पुलिस ने पहुंच कर एक-एक बिंदु पर गहनता पूर्वक जांच की। मालूम हो कि बच्ची घर के समीप से खेलते हुए दो फरवरी को लापता हो गई थी. परिजनों ने थाना में मामला भी दर्ज कराया था, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला. काफी खोजबीन के बाद बच्ची का शव 05 फरवरी को कीनूडीह गांव में खेत के पास कुएं से मिला. बच्ची के पिता मोयका आलडा ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है. कहा है कि रोजाना उक्त कुएं के पास लोग नहाने जाते है. ऐसे में बच्ची वहां कैसे पहुंची यह जांच का विषय है. मुखिया सरस्वती टुडू ने भी बच्ची के साथ कोई घटना घटित होने की संभावना जताई है।

# अबुआ आवास के लिए प्राप्त आवेदनों के भौतिक सत्यापन में तेजी लाने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में अबुआ आवास योजना को लेकर समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित पंचायत स्तरीय शिविरों में प्राप्त आवेदन के भौतिक सत्यापन कार्य मे प्रगति की समीक्षा की गई तथा भौतिक सत्यापन कार्य मे तेजी लाने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया। राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना को लेकर सभी प्रखण्डों से 1 लाख 30 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 90 फीसदी से ज्यादा लाभुकों का सत्यापन किया जा चुका है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को प्राप्त आवेदनों के सत्यापन में तेजी लाते हुए यथाशीघ्र शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगो से मिले उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय में आयोजित सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं समाजिक समस्याओं के निराकरण हेतू आए लोगो से जिला दण्डधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को उपायुक्त नें संबंधित पदाधिकारियों को करते हुए यथोचित कार्वाई के निर्देश दिए, कुछ समस्याओं का तत्काल ही समाधान किया गया। आज आयोजित जनता दरबार में मुख्य रुप से भूमि विवाद, सिंहभूम कॉलेज चांडील द्वारा रैयती भूमि पर अवैध निर्माण कराने, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राशन वितरण मे अनियमितता समेत विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसरित किया गया।

# सिदगोड़ा में कंपनी ने बिना नोटिस चार परिवार को घर से निकाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत कृष्णा रोड स्थित चार क्वार्टर में रह रहे परिवारों को बिना नोटिस घर से बाहर निकाल दिया गया। ये परिवार बीते बीस सालों से उक्त क्वार्टर में रह रहे थे। पीड़ित परिवार ने टाटा स्टील पर घर से निकालने का आरोप लगाया है। क्वार्टर नंबर 59 निवासी सुनीता सिंह ने बताया कि वह प्राइवेट काम कर जीवन यापन करती है और बीत 20 सालों से उक्त क्वार्टर में रह रही है. आज 40-50 की संख्या में लोग पहुंचे जो खुद को टाटा स्टील का अधिकारी बता रहे थे। सभी ने मिलकर घर से सामान बाहर फेंकना शुरु कर दिया. बच्चों ने फोन पर घटना की सूचना दी। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंची तब तक सभी सामान निकाल चुके थे। उन्होंने पड़ोस में रहने वाले प्रेम कुमार, शंभूनाथ सिंह और रेशमी हाइबुरू के घर से भी सामान बाहर फेंक दिया और घर को सील करते हुए एक नोटिस चिपका दिया। सुनीता ने बताया कि घर से निकाले जाने से अब उनका परिवार सड़क पर आ गया है। वे लोग खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हो गए है। अगर कंपनी को उनका घर खाली कराना था तो वे लोग पहले नोटिस कर देते पर बिना नोटिस के ही घर को खाली करा दिया गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

## प्रो कमरुज्जमा के निधन पर करीम सिटी कॉलेज में शोक सभा आयोजित, कल होंगे सुपुर्द-ए-खाक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के वाणिज्य विभाग से सेवानिवृत प्रोफेसर कमरूज्जमा के देहांत की सूचना मिलने पर करीम सिटी कॉलेज के प्रांगण में एक शोक सभा आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के तीनों संकायों के सभी प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल हुए। सभा में उनके लिए 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआएं की गई। सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्ज डॉ मोहम्मद रेयाज ने हार्दिक दुख प्रकट किया। उन्होंने बताया कि आज सुबह कमरुज्जमा साहब का देहांत जाकिर नगर स्थित उनके आवास पर हो गया। प्रो कमरुज्जमा साहब ने 20 अगस्त 1976 को कॉलेज में अपनी सेवा प्रारंभ की थी तथा 1 जून 2011 को सेवानिवृत हुए। वे 78 साल के थे। प्राचार्य ने बताया कि कल 7 फरवरी को जोहर के बाद एमओ एकेडमी मस्जिद, जाकिर नगर में उनके जनाजे की नमाज पढ़ी जाएगी और उसके बाद ज़ाकिर नगर कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## इको टूरिज्म योजना अंतर्गत तीन दिवसीय अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल दलमा गेस्ट हाउस माकुलाकोचा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग इको टूरिज्म योजना अंतर्गत तीन दिवसीय अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसमें दलमा जंगल के तराई में आदिवासी, आदिम जनजाति, पिछड़ी जाति के लगभग सैकड़ों महिलाओं ने अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण ले रही है। महिलाओं ने बताया कि प्रशिक्षण लेकर अपने अपने घरों पर अगरबत्ती निर्माण कर बंजारों में बेचकर परिवार को पालन पोषण करुंगी। दलमा वन क्षेत्र पदाधिकारी डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि इको टूरिज्म योजना के तहत दलमा क्षेत्र के ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभाग प्रशिक्षण दे रहा है। महिलाओं अगरबत्ती बना कर अपने अपने दुकान खोल कर यहां आने वाले पर्यटकों को बेचकर लाभदायक बनेगी।

## शिवम शिल्प कला ने टांगराईन स्कूल में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य, कल्याण और कला को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध एनजीओ, शिवम शिल्प कला ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगराईन पोटका में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के बीच संस्था की अध्यक्ष मधु सिंह द्वारा स्वेटर, फल और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। योग प्रशिक्षक निशा सिंह ने बच्चों को योग सिखाया और एकाग्रता और समग्र कल्याण हेतु योग के महत्व के बारे में बताया। इस कार्यक्रम को विद्यालय के प्रिंसिपल अरविंद तिवारी से सराहना मिली, जिन्होंने शिवम शिल्प कला को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। अरविंद तिवारी को एवं योगा इंस्ट्रक्टर निशा सिंह को संस्था की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आशा सिंह, चमन गिल, सोनू बिस्वाल और अन्य लोगो ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सरायकेला में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला के बिरसा चौक में झामुमो कार्यकर्ता पांच बजे से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के स्वागत को लेकर खड़े थे। उत्साहित कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि स्थानीय जनता भी मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार इस क्षेत्र में अपने प्रिय नेता चंपई सोरेन को देखने एवं स्वागत करने को उत्साहित थी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का सरायकेला में कोई कार्यक्रम नहीं था। मिली जानकारी अनुसार वे चक्रधरपुर से इसी रास्ते से होकर जमशेदपुर निकले। सरायकेला पहुंचने में संध्या हो गया था। बिरसा चौक में वे उतर कर भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति को नमन कर माला पहनाया। इससे पूर्व झामुमो कार्यकर्ताओं सहित कई पंचायतों के मुखिया, ग्राम प्रधान एवं अन्य द्वारा उनका स्वागत किया गया।

## अधिग्रहीत जमीनों का मुआवजा राशि देने की मांग को ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड की बोंटा भाया भादुडीह सातनाला, बोड़ाम बाजार होते हुए पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र माधवपुर गांव तक चौड़ीकरण के साथ सड़क का निर्माण करने में अधिग्रहीत किये गए जमीनों का मुआवजा राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। जबकि सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मुआवजा राशि नही मिलने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के नाम मुआवजा राशि दिलाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि सरकारी नियमानुसार अधिग्रहीत किये गए जमीनों का मुआवजा राशि जल्द से जल्द भुगतान करें। ज्ञापन सौपनें वालों में मुख्य रूप से किसान अरुण गोप, धनंजय षाड़ंगी, चित्तरंजन गोप, नारायण चंद्र, भीमचंद्र मोदक, जीतुलाल महतो, सतीश चंद्र गोप समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## मछुवा समाज द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल का विजेता बना काला नाग क्लब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के कुचाई प्रखंड के बारूहातु पंचायत के पोडाडीह फुटबॉल मैदान जय मां रकणी क्लब डुमरडीह मछुवा समाज की ओर से एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला काला नाग बंदगांव और जूनियर एफसी डुमरडीह के बीच खेला गया और पेनल्टी शूटआउट काला नाग बंदगांव ने विजय हुई। मुख्य अतिथि के रूप में खूंटपानी प्रखंड प्रमुख सह जेबीकेएसएस के सिद्धार्थ होनहागा, विशिष्ट अतिथि बारूहातु पंचायत के मुखिया रेखा मुनी उरांव, गोमियाडी पंचायत के मुखिया मंगल सिंह मुंडा उपस्थित हुए। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष चंदन मछुवा,सचिव सागर मछुवा, संरक्षक मछुवा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दुखु मछुवा, समाजसेवी राजू मछुवा और कमिटी के सभी सदस्य मौजूद थे।

# वाटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर अवार्ड्स 2023-24 में टाटा स्टील एफएएमडी की बड़ी जीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने सोमवार को दिल्ली में आयोजित वाटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर अवार्ड्स 2023-24 में डिजिटलाइजेशन में उत्कृष्टता श्रेणी में जीत हासिल की है। गजेंद्र सिंह शेखावत, मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और टाटा स्टील को यह पुरस्कार प्रदान किया। ये पुरस्कार टाटा स्टील की रेजिडेंट एक्जीक्यूटिव (दिल्ली) सुगंधा जयसवाल ने कंपनी की ओर से प्राप्त किया। टाटा स्टील के एक्सक्यूटिव इंचार्ज (एफएएमडी) पंकज सतीजा ने कहा, यह पुरस्कार पाकर हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो हमें जल संरक्षण की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखने के लिए प्रेरित करेगा। बता दें कि, एफएएमडी ने ओडिशा के जाजपुर जिले के सुकिंदा स्थित खदान से लेकर ओडिशा के कटक जिले के अथागढ़ स्थित फेरो क्रोम प्लांट तक मूल्य श्रृंखला में अपने उत्पाद के लिए पानी की खपत जानने के लिए डिजिटलीकरण को सक्षम किया है।

## कथा सुनने जा रही महिलाओं से भरी टेम्पो डोबो में पलटा, 7 घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** डोबो में कथा सुनने जा रहे हैं महिलाओं से भरी टेंपो पलटने से उसमें सवार 5 वर्षीय बच्ची समेत 7 महिलाएं घायल हो गयी। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि सभी गम्हरिया जगन्नाथपुर के रहने वाले हैं। डोबो में आयोजित हो रही प्रदीप मिश्रा के कथा को सुनने के लिए आठ लोग टेंपो में सवार होकर जा रहे थे। इसी बीच कथा स्थल से कुछ दूरी में एक तेज रफ्तार बाइक सामने अचानक आ गयी। जिसे बचाने में टेंपो नियंत्रित हो गई और पलट गया। इस घटना में टेम्पो में सवार 7 महिलाएं और बच्ची में 5 वर्षीय ज्योति कुमारी, सुनीता देवी उसकी सास शकुंतला देवी, मंजू, अरूणिता देवी सहित अन्य लोग घायल हो गए घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें एमजीएम अस्पताल लाया गया जहां सभी का इलाज किया जा रहा है।

**घटना के बारे में घायलों ने बताया कि सभी गम्हरिया जगन्नाथपुर के रहने वाले हैं।**

# उच्च शिक्षा के औचित्य पर बहस

देश भर में उच्च शिक्षा के मामले में बहस होते रहता है। इस बहस की कसौटी पर औचित्य और अनुचित के बीच यूं तो महीन सा फर्क काफी सताता है, फिर भी सियासत के छबील अपनी खुशामत में संसाधनों की बेकद्री करते रहते हैं। हिमालय में औचित्य को साबित किए बिना राजनीतिक ने ऐसा प्रतिस्पर्धा खड़ी कर दी की लगातार सरकारों ने प्रदेश स्तर पर ऐसी विफलताओं की परिभाषा स्थायी स्वरूप दिया। ऐसे में अनुचित की दुरुस्ती को यहां अपराध मान लिया या औचित्यहीनता के समानांतर ऐसे अनेक फलसफे चुन लिए। ताजातरीन उदाहरण मंडी स्थापित किए गए एसपीयू विश्वविद्यालय के औचित्य को लेकर सामने आ रहा है, जहां उच्च शिक्षा के प्रबंधन की उचित कसौटी तय हो रही है। जिस तेजी से मंडी विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी, उससे स्थापित शिक्षण की परंपराएं भी चकित थी। उस दौर की प्राथमिकता में नए विश्वविद्यालय को दौड़ाने की हर संभव कोशिश हुई और शिक्षा अपने बंटवारे की सतह पर हतप्रभ थी। चंद दिनों की मुनादी में शिमला विश्वविद्यालय के अस्तित्व को इतना हलाल किया कि प्रदेश के कई बड़े महाविद्यालय भी चीख उठे। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ। जब हमीरपुर में तकनीकी विश्वविद्यालय बना, तो प्रदेश के इंजीनियरिंग व बीएड कॉलेज उखड़ रहे थे। जब मंडी में मेडिकल यूनिवर्सिटी बन रही थी, तो अधिकांश सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय उचित फैकल्टी के लिए तरस रहे थे।यह तो गनीमत है की संस्कृत और डिजिटल विश्वविद्यालय की खेप उतरी नहीं, वरना हिमाचल का किरदार तो आकाश में झंडों की तरह सिर्फ हवा के दम पर फहराना चाहता है।बहरहाल मंडी विश्वविद्यालय को ऐसी सीमा रेखा पर खड़ा किया जा रहा है, जिसे आगे सिर्फ तीन जिलों की शिक्षा की अमानत मिलेगी।भविष्य में मंडी, कुल्लू व लाहुल स्पीति के कॉलेज ही इस विश्वविद्यालय के औचित्य को सिद्ध करेंगे। इसे हम अनुचित को सही करना मानें या औचित्य हिसाब से देखें,लेकिन कुछ तर्क हमेशा ऐसे फैसलों के पक्ष तो कुछ विपरीत खड़ी रहती है।जाहिर है मंडी विश्वविद्यालय को परिपक्वता हासिल करने के लिए कुछ समय लगेगा और इसी के साथ शिमला विश्वविद्यालय के पास अपने अतीत के संदर्भों को गांठने का अवसर रहेगा। शिमला बना मंडी विश्वविद्यालयों की होड़ सत्ता का नजरिया और शिक्षा के प्रति गंभीरता का आकलन किया है। शिमला विश्वविद्यालय से मंडी विश्वविद्यालय की उत्पत्ति से करीब चार दशक पूर्व ही धर्मशाला में विश्वविद्यालय क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र स्थापित हो चुका था, लेकिन इस संस्थान को राजनीति निगल गई । इसी तरह धर्मशाला में आया केंद्रीय विश्वविद्यालय राजनीति हिस्सेदारी में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में अपने हद मुकर्रर करता रहा है । जदरांगल की प्रस्तावित जमीन के बदले राज्य सरकार को तीस करोड़ जमा कराने हैं।लेकिन शिक्षा की दीवार पर इसके हक में पोस्टर नहीं लगे। यह दीगर है कि दो या इससे कम संख्या वाले 117 प्राथमिक व 26 मिडल स्कूल सरकार को बंद करने पड़े हैं। अभी कई संस्थान डिनोटिफाई होकर अपने औचित्य की जंग लड़ रही है। हिमाचल का राजनीतिक इतिहास में हमें बार-बार सचेत कर रहा है कि औचित्यहीन फसलों के कारण प्रदेश ने अपने आर्थिक संबल तोड़ डाले हैं।कितने ही औचित्यहीन स्कूल, कॉलेज, चिकित्सालय, दफ्तर तथा सरकारी उपक्रम संसाधनों की बर्बादी के चिड़ियाघर बने हुए हैं, जहां जनता सिर्फ सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की तरक्की में राज्य की लाचारी का तमाशा देख रही होती है।हम भी इस लाचारी का तमाशा बन जाते हैं जब तथा कथित स्नातकोत्तर कॉलेजों में शिक्षा ग्रहण करके भी योग्यता के बाजार में असफल होते हैं। हमारे चिकित्सा संस्थान तो जिंदगी से बेरहम सौदेबाजी में हर मरीज को तमाशा बना देते हैं और जब पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टर पूछते हैं कि हिमाचल का चिकित्सा विभाग हर दिन मरीजों को रैफर करके आखिर क्या कर रहा है, तो यह प्रदेश का तमाशा है आखिर हम बतौर राज्य कर क्या कर रहे और कहां है हमारा औचित्य। इसलिए अगर सुक्खू सरकार मंडी विश्वविद्यालय में अनुचित देख रही है, तो इसी धार पर अन्य विश्वविद्यालयों या उच्च शिक्षण संस्थानों के औचित्य पर पूरी ईमानदारी से और भी फैसले लेने होंगे, वरना कल कोई और आकर किसी अन्य संस्थान के अचित को गौण कर देगा।

### आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा

# भ्रष्टता निवारण है सशक्त लोकतंत्र का आधार

ललित गर्ग

> भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े भारत लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है।

**झारखंड** राज्य में जमीन खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और मनी लॉनड्रिंग के कथित पुराने मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से झारखंड की सरकार संकट में आ गयी और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े भारत लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है। स्पष्ट है कि अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार होने वाली नहीं है। अगर ये लोग सोचते हैं कि ताकतवर होने के कारण कानून उन तक नहीं पहुंच सकता, तो ये मुगालते में हैं। अगर उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, तो उन्हें अपने किए की सजा मिलेगी ही। भ्रष्ट आचरण से करोड़ों-अरबों की संपत्ति लूटने वाले नेतागण शायद नहीं जानते कि केंद्र में ऐसी मजबूत सरकार है, जो भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती। इसीलिए तो जांच एजेंसियों को पूरी छूट मिली हुई है कि वे भ्रष्ट आचरण करने वालों को पकड़ें। दबाव मुक्त केन्द्रीय एजेंसियां अपने काम में जुटी भी हुई हैं, उनकी टांग खिंचने की बजाय उनका हौसला बढ़ाना चाहिए। इनदिनों गैरभाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी जेल की सलाखों के पीछे हैं, इनकी गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक मजबूरियां जी रहे हैं। राजनीति की




सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। राजनीतिक दल अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है। भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर इंडिया गठबंधन में कोई बहस नहीं है, कोई आदर्श राष्ट्र निर्माण की दृष्टि एवं दिशा नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए, तो उनके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही हैं, वह सराहनीय है। भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके ऐसे नेताओं की कमी नहीं है, जो यह मानते हैं कि सरकार उनकी है और वे कुछ भी कर सकते हैं। इस तरह की भ्रामक सोच भारतीय राजनीति का पतन कर रही है। इसकी शुचिता और पारदर्शिता को धूमिल कर रही है। पहले राजनीति का अर्थ लोगों की सेवा करना होता था, लेकिन बाद में यह अपने लोगों की सेवा का माध्यम समझी जाने लगी। बिहार, बंगाल, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य तो इसमें सबसे ऊपर दिखते हैं। झारखंड में ही अभी जो घटनाक्रम हुआ है, क्या उससे यह धारणा नहीं बनती कि हेमंत सोरेन ने जरूर कुछ ऐसे कार्य किए हैं कि पहले उन्हें ईडी से भागना पड़ा और जब उन पर दबिश बढ़ी, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर ईडी अधिकारियों के हाथों गिरफ्तार होना पड़ा। बिहार का हाल भी झारखण्ड से अलग नहीं है। वहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का भ्रष्टाचार लगातार खबरों में रहा है, वे भी सजा भुगत चुके हैं। उनके पुत्र तेजस्वी यादव व अन्य परिजन पर भी जमीन घोटाले के आरोप हैं। कहा जाता है कि जब ईडी ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछे, तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने घोटाले के वक्त खुद के नाबालिग होने की बात कही। जब ईडी अधिकारियों ने पूछा कि करोड़ों की कंपनी कैसे बनाई, तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी न होने की बात कही। जबकि लालू यादव के पास इतनी संपत्ति कैसे जमा हुई, यह कोई छिपा रहस्य नहीं है। इसलिए यह कयास भी गलत नहीं है कि देर-सबेर तेजस्वी यादव भी अपने पिता की तरह जेल में दिख सकते हैं। कुछ इसी तरह की कहानी देश के अन्य राज्यों में भी है, जहां मुख्यमंत्री और बड़े नेता ईडी के निशाने पर हैं, इसलिए मुमकिन है कि आने वाले दिनों में हम और भी कई नेताओं को कालकोठरी में देख सकते हैं। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय जनता दल, की ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसकी खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भ्ज्ञी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह आजादी के अमृत महोत्सव मनाने की सार्थक पहल है, जिसके माध्यम से वे भारत के विलक्षण और ऐतिहासिक प्रधानमंत्री माने जाएंगे। राजनीतिज्ञों की साख गिरेगी, तो राजनीति की साख बचाना भी आसान नहीं होगा।

दृष्टि कोण

# द ग्रेट रशियन रॉबरी, जिसने बदल दिया दुनिया के अनाज कारोबार का रिवाज

**ऑस्ट्रेलिया** में इस साल किसान सूखी जमीन में गेहूं बोएंगे। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक अपनी सबसे बड़ी फसल पर अल-नीनो वाले सूखे के असर के लिए तैयार हो रहा है। भारत में चुनाव के कारण मुफ्त अनाज बांटने का ऐलान किए बैठी सरकार को पता नहीं है कि इस साल किसान उसे पर्याप्त अनाज बेचेंगे या नहीं। रबी पर अल-नीनो की काली छाया पड़ चुकी है। उपज कम होने का खतरा है। भारत में गेहूं का सरकारी भंडार सात साल के न्यूनतम स्तर पर है। एक साल से ज्यादा हो गया, मगर भारत में अनाज की महंगाई कम नहीं हुई। भारत ने गेहूं और चावल का निर्यात रोक दिया, मगर खौलती कीमतें ठंडी नहीं पड़ी हैं। दुनिया के खाद्य बाजार में अफरा-तफरी मची है। बाजार को लगता है कि भारत को गेहूं का आयात शुरू करना पड़ सकता है। 1803 से लेकर 1972 तक गेहूं की कीमतों में इतिहास में कहीं किसी भी बड़ी तेजी का जिक्र नहीं है। बीसवीं सदी के सातवें दशक की शुरुआत तक महंगाई में गेहूं का योगदान नगण्य था, पर 1970 के दशक में अचानक पूरी दुनिया में अफरा-तफरी मच गई। आइए टाइम मशीन तैयार है...पकड़िए अपनी सीट। मनी हेइस्ट यानी बैंक लूट तो सुनी होगी, आइए गेहूं की एक अनोखी लूट से मिलते हैं, जो रूस ने की थी। उसके बाद गेहूं का बाजार ही बदल गया। हम



1970 के दशक में है। दूसरे विश्व युद्ध को तीस साल बीत चुके थे। अमेरिका अब दुनिया में कृषि उत्पादन की बड़ी ताकत बन गया था। गरीबों को फूड स्टांप कार्यक्रमों के जरिये सस्ता अनाज दिया जा रहा है। दूसरी बड़ी लड़ाई में अपना दबदबा स्थापित करने के बाद अमेरिका उदारता और मदद के सहारे कूटनीतिक प्रभाव बना रहा था। 1954 में फूड फॉर पीस कार्यक्रम आया, जिसके तहत जरूरतमंद देशों को खाद्य सहायता दी जा रही थी। यह वही अमेरिका था, जो दूसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत तक कुपोषण और अनाज की कमी से जूझ रहा था। लिजी कॉलिंघम अपनी मूल्यवान किताब 'द टेस्ट ऑफ वार – वर्ल्ड वार टू एंड बैटल फॉर फूड' में लिखती हैं कि दूसरी बड़ी जंग के दौरान अमेरिका में सेना के लिए सेहतमंद लोग मिलना मुश्किल थे। प्रत्येक पांच में दो पुरुष फौज में भर्ती से नकार दिए जाते थे, क्योंकि वे कुपोषित थे। 1930 की महामंदी के बाद हुए कृषि सुधारों ने अमेरिका की खेती को संकट से समृद्धि में बदल दिया था। किसानों को मूल्य समर्थन और सब्सिडी दी गई थी, जिसका फायदा भरपूर फसलों के तौर पर पककर सामने आने लगा था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद नई तकनीकों से खेती के उत्पादन में और तेजी आई और अनाज के कोठार भरने लगे। यूं तो यह दौर चरम शीत युद्ध था, मगर अमेरिका और रूस के बीच कारोबारी रिश्तों की गर्मी देखते ही बनती थी। 1971 में अमेरिका रूस को गेहूं का निर्यात करता था। यह सौदे बहुराष्ट्रीय अनाज कंपनियों के जरिये किए जाते थे। 70 के दशक की शुरुआत में डॉलर कमजोर हो रहा था। गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन बुरी तरह परेशान थे। अमेरिका का निर्यात यूरोप और जापान से मात खा रहा था। अमेरिका की सरकार विदेश व्यापार का चेहरा ठीक करने के लिए गेहूं का निर्यात बढ़ाना चाहती थी। भारी उत्पादन के कारण भंडार भरे थे, जिन्हें खाली करना जरूरी था। इधर सोवियत संघ में 1971-72 में गेहूं की फसल बुरी तरह मारी गई। अमेरिका को पता था, सोवियत रूस को अनाज चाहिए। अर्ल बट्ज अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन की सरकार में कृषि मंत्री थे। तेज-तर्रार, मुंहफट और विवादित बट्ज को अमेरिका में खेती की नीतियां बदलने के लिए जाना जाता है। उस वक्त तक अमेरिका में भारत जैसी समर्थन मूल्य प्रणाली लागू थी। किसानों का अतिरिक्त उत्पादन सरकार खरीदती थी। यह नीति महामंदी के दौर में आई थी। बट्ज ने कृषि उपज के निर्यात का बड़ा कार्यक्रम बनाया। टाइम मशीन सफर करते हुए आपको अमेरिका के अखबारों में ऐसी सुर्खियां दिख जाएंगी, जिनमें देश के कृषि मंत्री खूब पैदावार का आह्वान कर रहे हैं और अमेरिका गेहूं निर्यात की ताकत बनाने का दावा कर रहा है। मगर इसी मुकाम से शुरू होती है अमेरिकी कृषि व्यापार नीति की सबसे बड़ी चूक, जिसे इतिहास में ग्रेट रशियन रॉबरी के नाम से दर्ज किया गया। कृषि मंत्री अर्ल बट्ज ने सोवियत रूस के साथ अनाज निर्यात का समझौता किया। उन्होंने सोवियत संघ को 50 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन जारी की। यह कर्ज अमेरिकी गेहूं खरीदने के लिए था। इसके बदले सोवियत रूस को अगले तीन साल में करीब 75 करोड़ डॉलर का गेहूं खरीदना था। बट्ज ने सपने में भी नहीं सोचा था कि सोवियत वाले यह अनाज एक साल में ही खरीद लेंगे। सोवियत की कमान लिओनिद ब्रेझनेव के हाथ थी। ब्रेझनेव की कूटनीतिक चतुरता का कोई सानी नहीं था। जोसेफ स्टालिन के बाद वह सबसे लंबे समय तक रूस की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव रहे। भारत और रूस के बीच की मशहूर संधि उनके कार्यकाल में ही हुई थी। भारत का नेतृत्व तब इंदिरा गांधी कर रही थीं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## अयोग्य के राशन कार्ड धारी के विरुद्ध जिला प्रशासन रामगढ़ की बड़ी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** जिले के सभी योग्य व गरीब लोगों को राशन कार्ड के लाभ से आच्छादित करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार द्वारा अयोग्य रूप से राशन कार्ड रखने वालो का नाम राशन कार्ड की सूची से हटाने एवं उनके विरुद्ध जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान 1 एवं 11 लोगों को अवैध रूप से राशन कार्ड रखने का दोषी पाया गया जिसके उपरांत जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध जुर्माना किया गया। दी गई अवधि के उपरांत भी जुर्माना राशि जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध अब नीलम पत्र वाद शुरू कर दिया गया है। सभी दोषियों को धारा 7 के तहत नोटिस निर्गत किया गया है। दोषियों में संध्या देवी, हलदर महतो, वीणा देवी, बकाउल्लाह, प्रमिला देवी, कुसुम राणा, फगनी देवी, संगीता देवी, फोकन साव एवं कमला देवी शामिल है वहीं काला बाज़ारी एवं कम राशन देने वाले डीलरों में एक डीलर गंगा प्रसाद शामिल है। गौरतलब होकि नोटिस जारी होने के बाद भी जुर्माना राशि जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध गिरफ्तारी व कुर्की जब्ती की कार्रवाई। वही नोटिस जारी होने के बाद भी जुर्माना राशि जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध गिरफ्तारी व कुर्की जब्ती की होगी कार्रवाई।

## मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के विशवास मत हासिल करने पर राजू यादव ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन(इंटक) कार्यलय में मंगलवार को झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विश्वास मत हासिल करने पर राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह कांग्रेस पार्टी के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष राजू यादव ने उन्हें बधाई दी है। वहीं राजू यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के झामुमो, कांग्रेस,राजद के सभी विधायक गण मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पछ में 47 वोट हाथ उठाकर दिये और उन्हें भारी मतों से बहुमत हासिल कराया।इसी आलोक मे सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाया गया।वहीं महागठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। इस मौके पर सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, डा जीआर भगत, संजय यादव, अजय मिश्रा, चन्दू जायसवाल, तालों बेसरा, दीपक कुमार यादव, बिनोद प्रजापति, राधेश्याम बैठा, श्याम बेदिया, जतरू बेसरा, प्रकाश हांसदा, सीगू मांझी, आदि लोग मौजूद थे।

## पोक्सो एक्ट से संबंधित जागरूकता हेतु हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों आदि के बीच पोक्सो एक्ट से संबंधित जागरूकता को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में मंगलवार को डीएवी अग्रसेन स्कूल भरेचनगर, डीएवी आरा में बच्चों को पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, जेजे एक्ट, बाल संरक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर बच्चों ने काफी ध्यान पूर्वक विभिन्न नियमों एवं अपने अधिकारों को लेकर जानकारी प्राप्त की वही उनके द्वारा कई सवाल जवाब भी किए गए। इसके साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों के लिए अलग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित गया। कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे, बाल कल्याण समिति के सदस्य आरती, विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी श्री रंजीत कुमार, बाल संरक्षण अधिकारी अनिल मेहता, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## मध्य विद्यालय अरगड्डा के रसोई घर से बच्चों के खाने पकाने वाले 16 बर्तनों की हुई चोरी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय अरगड्डा के रसोई घर से खिड़की की कुंडी तोड़कर बच्चों के खाना पकाने वाले 16 बर्तनों की चोरी होने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया हैं। इस संदर्भ में विद्यालय के हेड मास्टर ने थाना रामगढ़ को लिखित सूचना दी हैं। जिसमें बताया गया है कि सुबह 6 फरवरी को विद्यालय आने के बाद रसोई घर पहुंचने पर चोरी का मामले के बारे में पता चला।



## अधिवक्ताओं के कार पार्किंग परिसर का हुआ शिलान्यास

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ को आवंटित 52 डिसमिल भूमि पर आज बृजेश कुमार गौतम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा पीयूष पांडे पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त रामगढ़ की उपस्थिति में उनके कर कमलों द्वारा शिलान्यास किया गया, इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं उपायुक्त रामगढ़ के प्रयास से डी एम एफ टी फंड से लगभग 54 लाख रुपया का आवंटन अधिवक्ताओं के लिए कार पार्किंग सेट बनाने के लिए किया गया जिसका निर्माण भवन निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा, भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि 4 से 5 माह के अंदर पार्किंग बनाकर जिला अधिवक्ता संघ को सोफा दिया जाएगा, संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि पिछले 5 वर्षो से संघ के द्वारा पार्किंग के लिए प्रयास किया जा रहा था जो उपायुक्त चंदन कुमार के प्रतिस्थापन के बाद उनके प्रयासों से यह संभव हो सका है इसके लिए जिला अधिवक्ता संघ ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार गौतम एवं उपायुक्त रामगढ़ चंद्र कुमार का आभार व्यक्त किया है इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष ऋषि महतो महासचिव सीताराम कोषाध्यक्ष हरखनाथ महतो संयुक्त सचिव शंभूनाथ प्रसाद लाइब्रेरियन शंभू तिवारी कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे तेजेंद्र महतो जगत महतो राजू महतो योगेश पांडे मीनू कुमारी द्वारिका महतो राजेंद्र महतो प्रमोद कुमार सिंह अरविंद कुमार राजेंद्र नाथ महतो सुधांशु उपाध्याय मनीष उपाध्याय धीरेश कुमार महेंद्र महतो अनुज गुप्ता मोईन अरफी राजकुमार गुप्ता उमेश महतो दिलदार हुसैन आबिद अली डी एन सिंह शिवली सुभाष गुप्ता मीनू कुमारी झलक देव महतो सुरेश महतो अमन पाठक जितेंद्र कुमार अभिषेक दराद दिलीप शर्मा भैरव ठाकुर एवं अन्य उपस्थित थे।



## बुमरी में सहिया दीदी कुसुम देवी की मृत्यु से ग्रामीणों में शोक


**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू प्रखंड अंतर्गत बुमरी पंचायत सहिया दीदी कुसुम देवी पति जलेश्वर पाठक की सोमवार की सुबह अचानक मृत्यु हो गई । जानकारी के मुताबिक कुसुम देवी की रात में अचानक तबीयत खराब हो गई थी । परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ ले जाया गया था। इलाज के दौरान ही अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी। मंगलवार की सुबह उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया । सहिया दीदी कि अचानक मृत्यु हो जाने से क्षेत्र के महिलाओं सहित अन्य ग्रामीणों में शोक व्याप्त है ।



## मुखिया सुधीर सिंह ने लगाया बीपीओ पर रिश्वत मांगने का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के बन्हे पंचायत के मुखिया सुधीर कुमार सिंह ने बीपीओ राजेश पासवान पर मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। इस बाबत उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को आवेदन दिया है और जांच कर कार्रवाई की मांग किया है। मुखिया का कहना है कि बीपीओ योजनाओं में मनमाने ढंग से पैसे की मांग कर रहे हैं। जिन कूपों की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है तथा जियो टैगिंग हो चुका है उन्हें भी बीपीओ के द्वारा नहीं छोड़ा जा रहा है। जो भी लाभुक इस



कार्य के लिए उनके पास पहुंचता है उनसे दस हजार रुपए की मांग की जाती है। ऐसे में लाभुक परेशान हैं और कूप निर्माण का कार्य बाधित है।

### राजपुर पुलिस ने पोस्ता अफीम के खिलाफ चलाया अभियान

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के कान्हाचट्टी थाना क्षेत्र के सबसे सुदूरवर्ती पंचायत बेंगोकला के पथेल गांव में राजपुर थाना प्रभारी भोला नाथ फास के नेतृत्व में पोस्ता विनष्टीकरण अभियान चलाया गया।जिसमें लगभग दो एकड़ में लहलहा रही पोस्ता की फसल को नष्ट किया। थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्ता जहां भी लगा हुआ है वे खुद पोस्ता को नष्ट कर दें अन्यथा पुलिस पोस्ता नष्ट करती है तो जिनके जमीन में पोस्ता लगा है या वन विभाग की जमीन पर पोस्ता लगा हो तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## कान्हाचट्टी प्रखंड में शुरू हुई मैट्रिक की परीक्षा

## बीडीओ व सीओ ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** कान्हाचट्टी प्रखंड में मंगलवार से मैट्रिक के परीक्षार्थियों का परीक्षा शुरू हो गया।जिसमें मंगलवार को वोकेशनल सब्जेक्ट की परीक्षा हुई।इस परीक्षा में मंगलवार को 170 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे।बताते चलें कि प्रखंड के दो परीक्षा केन्द्रों, क्रमशः बी के प्लस टू उच्च विद्यालय, एवं राम नगर उच्च विद्यालय को केंद्र बनाया गया है।मंगलवार को रामनगर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण बीडीओ हुलास महतो एवं अंचल अधिकारी ने किया।बी डी ओ श्री महतो ने बताया कि प्रखंड के इन केंद्रों पर बिल्कुल कदाचार मुक्त परीक्षा चल रहा है। केंद्र के सौ मीटर के परिधि में किसी को आने जाने पर रोक है और न ही भीड़ लगा सकते हैं। बी के प्लस टू उच्च विद्यालय के सेंटर



पीतीज होने पर परिजनों ने विरोध जताया है। बताते चलें कि कान्हाचट्टी प्रखंड के सभी उच्च विद्यालय का सेंटर कान्हाचट्टी में है लेकिन बी के प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों का परीक्षा सेंटर पीतीज कर दिया गया है। जिसका अभिभावकों ने विरोध किया है। अभिभावकों का कहना है कि पहले कान्हाचट्टी में रामनगर उच्च विद्यालय, बी के प्लस टू उच्च विद्यालय एवं बेसिक बुनियादी विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया जाता था तब प्रखंड के सभी विद्यालय के परीक्षार्थियों का केंद्र प्रखंड में ही रहता था लेकिन वर्तमान में रामनगर एवं बी के प्लस टू को मात्र दो सेंटर बनाया गया जिसके कारण परीक्षार्थियों के साथ साथ अभिभावकों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के बिल्सी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सबानो निवासी मो मेहताब और तौसीफ का नाम शामिल है। दोनों का प्राथमिक उपचार सिमरिया अस्पताल में किया जाने के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार दोनों अपाची मोटरसाइकिल में सवार होकर डाड़ी से सिमरिया चौक और आ रहे थे। गति तेज होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही एक बोलेरो से टकरा गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जबकि दोनों को गंभीर चोटें लगी है। हेलमेट नहीं पहनने के कारण गंभीर चोटें सर पर भी लगी है। ग्रामीणों की सहायता से उन्हें आनन-फानन में सिमरिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना के बाद सिमरिया अस्पताल में उनके परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है।

## जेएसएलपीएस के कृषक सखी व पशु सखी के साथ किया गया मासिक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जेएसएलपीएस संचालित आस्क ऑफिस में कृषक सखी एवं पशु सखी के साथ मंगलवार को मासिक बैठक किया गया। यह बैठक एफटीसी अनिल प्रजापति ने किया। जहां उपस्थित सभी समूह के दीदीयों को कई दिशा निर्देश दिए गए। एवं महीने भर का कार्य का जायजा लिया



गया। साथ ही साथ महिलाओं को दिए जाने वाले प्रोत्साहित राशि का वर्क डॉन भी जमा करवाया गया। मौके पर उपस्थित एल एचसीआरपी सुमन वर्मा बीआरपी विजय रजक युगेश्वर दांगी महिलाएं नीलम कुमारी सुगी कुमारी उषा देवी मालती देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## दिव्यंगता जांच शिविर का हुआ आयोजन 200 मरीजों का हुआ जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर अस्पताल में दिव्यांगता जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 200 से अधिक लोगों का दिव्यांगता का जाँच किया गया। कई ऐसे भी मरीज थे जो ब्रेन, सैकेट्रिक, सहित अन्य रोगों से ग्रसित मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सको के आभाव में जाँच के लिए हज़ारीबाग और रांची रेफर किया गया। दिव्यांगता जाँच टीम में शामिल



डॉक्टर अज़हर ने बताया की यह शिविर प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को लगाया जाता है। जिसमें जिले के सभी प्रखंडो से लोग पहुँचते हैं और जाँच करवाते हैं।

## बाइक दुर्घटना में घटनास्थल पर युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य पथ के गोसाईटील्हा एचपी गैस एजेंसी के आगे पुल पर अनियंत्रित हो बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। लोगों के द्वारा बताया गया कि व्यक्ति चतरा सदर थाना के लैन मुहल्ला निवासी मो.फैसल (अमर) है। इस घटना की सूचना राहगीरों ने थाना प्रभारी को बताया। और थाना प्रभारी गुलाम सरवर अपने दल बल के साथ



घटना स्थल पर पहुंचे। जहां घायल व्यक्ति को अपने वाहन से चतरा सदर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।बताया गया है कि यह व्यक्ति हजरीबाग की ओर से तेजी से चतरा जा रहा था।गोसाई टील्हा पुल पर अनियंत्रित हो पुल के बगल में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मृत्यु घटनास्थल पर हो गयी। पुलिस बाइक को थाना ले गयी है। जिस गाड़ी का नंबर जेएच 13 सी 6691 है।

## दयानंद पब्लिक स्कूल में कला व विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** मां सुनैना देवी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित दयानंद पब्लिक स्कूल गाड़ीलौंग (टंडवा) में मंगलवार को कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में एन टी पी सी विद्युत परियोजना में पदस्थापित सी आई एस एफ के छ्.त्व, क्क्स श्रीजीत व टंडवा भाजपा प्रवक्ता महेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापीका रजनी कुमारी, निर्देशक पवन कुमार चौरसिया व



विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिका मौजूद थे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात मुख्य अतिथि ने बारीकी से प्रत्येक मॉडल का निरीक्षण किया एवं बच्चों से कई प्रश्न भी पूछे, तत्पश्चात उन्होंने कहा कि बच्चे काफी होनहार हैं, एवम् निश्चित ही इनका भविष्य उज्जवल होगा, साथ ही उन्होंने कहा कि इन सभी छात्र-छात्राओं की प्रतिभामई प्रदर्शनी को देखकर मुझे अपने स्कूल के दिन याद आ गए। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के निर्देशक पवन कुमार चौरसिया ने बताया कि, कला के क्षेत्र में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा चार तक एवम् विज्ञान के क्षेत्र में कक्षा पांच से लेकर कक्षा आठ तक के बच्चों एवं बच्चियों ने भाग लिया। बच्चों ने वातावरण संरक्षण, चंद्रयान मिशन, जल के शुद्धता, इंटरनेट के दुष्प्रभाव, ज्वालामुखी, बिजली बचत, सड़क सुरक्षा इत्यादि पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया। इस सफल कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में इससे भी बेहतर प्रदर्शनी का आयोजन करने का संकल्प लिया।

## मनरेगा अंतर्गत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर सभागार में मंगलवार को हमारा पैसा हमारा हिसाब मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 के सामाजिक अंकेक्षण का प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोकपाल संध्या प्रधान के द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम प्रखंड प्रमुख अनीता यादव जिला परिषद सदस्या अनीता देवी एसेजी समूह से अंजू देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के समक्ष कार्यक्रम की शुरुआत की गई।




जहां सामाजिक अंकेक्षण सदस्य अजीत प्रजापति गणेश यादव विनय कुमार ठाकुर उपस्थित थे। इन सभी के बीच मनरेगा से जुड़े सभी योजनाओं का जनसुनवाई कार्यक्रम में पेश किया गया। जहां पूरे प्रखंड से 22 योजनाओं के बारे में बातें रखी गई। जिसका ऑन द स्पॉट निष्पादन सभागार में ही किया गया।मौके पर उपस्थित बीपीओ रामकुमार सिंह सभी पंचायत के मुखिया निर्मला देवी सुमीरा देवी देवी सरिता देवी जगदीश यादव डेगन गंझु पंचायत सेवक प्रियंका प्रिया दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार सभी रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी पार्वती देवी शालिनी भारती प्रदीप कुमार सत्येंद्र कुमार एवं अनेकों लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## बारियातू में इंटर की परीक्षा में दो परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड में बनाये गए दो परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय व आदर्श मध्य विद्यालय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट के परीक्षा मंगलवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू में कृषि (वोकेशनल) की परिक्षा में पांच परिक्षार्थीयों में सभी उपस्थित रहे।वहीं संकाय विज्ञान की परिक्षा में सभी 54 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। इधर आदर्श मध्य विद्यालय परिक्षा केन्द्र में एग्रीकल्चर की परिक्षा में 67 परिक्षार्थी में 65 उपस्थित रहे जबकि 2 अनुपस्थित रहे। वहीं ऑटोमोटिव की परिक्षा में 55 परिक्षार्थी में सभी उपस्थित रहे। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर व दंडाधिकारी आशिस कुमार गुप्ता तथा बारियातू आदर्श मध्य विद्यालय के केन्द्राधिक्षिका अनिता देवी ने परिक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाए। मौके पर विक्षक संजिव कुमार, अजय बैठा, महेंद्र प्रसाद, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, मो महताब, राकेश कुमार सिंह, रामजी प्रसाद, जमुनाधर मिश्र, बाबूलाल कुजुर, सत्येन्द्र राम, इमरेंसिया कुजुर, द्वारिका राम, रामाधार राम सहित कई विक्षक का परिक्षा संपन्न कराने में अहम भुमिका रहा।

## बालूमाथ में स्वागत समारोह का आयोजन

## क्षेत्र में अपराध व उग्रवाद पर लगाम लगाना पहली प्राथमिकता : कुमार सत्यम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** थाना परिसर में मंगलवार को नए एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम का योगदान के बाद बालूमाथ थानां परिसर में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, सद्भावना कमेटी के मोतिउर रहमान, मोहम्मद जुबेर, रोहन यादव, समाजसेवी मोहम्मद मुजम्मिल, झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव, झामुमो नेता मोहम्मद इमरान, श्यामसुंदर यादव भाजपा नेता गंगेश्वर यादव समेत कई लोगों ने एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम को बुके व



माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीपीओ आसुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि इस क्षेत्र में अपराध व उग्रवाद पर लगाम लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इससे पूर्व यहां के पुलिस पदाधिकारी द्वारा कई अच्छे कार्य किए हैं इस कार्य को आगे बढ़ना मेरा मकसद है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप मुझे सहयोग दें मैं आपको भय मुक्त बालूमाथ दूंगा। बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने कहा कि बालूमाथ के लोग आपसी सौहार्द के साथ रहते हुए पुलिस को बराबर सहयोग करते आ रहे हैं और आप लोगों से भविष्य में भी सहयोग की उम्मीद है ताकि पुलिस और पब्लिक के बीच का संबंध और मधुर हो सके। वही मोती उर रहमान ने कहा कि हम लोग जिस तरह से मिलजुल कर चलते आ रहे हैं वह आगे भी जारी रहेगा एवं हर तरह के सहयोग हम लोग देंगे। इस मौके पर बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, सब इंस्पेक्टर कुबेर साब, धीरज कुमार सिंह, जावेद अख्तर, एस आई उमेश यादव, मनोज मुर्मू, मोहम्मद सलीम, झाबर मुखिया पति वासुदेव उरांव, प्रिंस यादव, सोहराय भगत, मोहम्मद मनाजिर, अख्तर अंसारी, जाबेद अख्तर समेंत कई लोग उपस्थित थे।

## क्रुर पति ने पत्नी को चाकू से गला रेतकर किया हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो गाँव में परिवारिक झगड़ा में पति ने अपनी पत्नी को चाकू से गल्ला रेतकर सोमवार की रात हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मंगलवार की सुबह पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। इधर आरोपी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।सुत्रों ने बताया कि सिंजो गांव निवासी शंभू प्रसाद और उनकी पत्नी कोमल देवी के बीच अक्सर झगड़ा होते रहती थी शंभू प्रसाद के द्वारा कई बार मारपीट भी की गई थी। इसी बीच सोमवार की रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी झगड़े में शंभू प्रसाद ने अपनी पत्नी पर धारदार चाकू से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई।हालांकि रात में घटना की जानकारी लोगों को नहीं हो पाई मंगलवार की सुबह जब स्थानीय लोगों को इसकी सूचना मिली तो पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी। आरोपी शंभू प्रसाद अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद घर से फरार हो कर लातेहार आ गया था जहां लातेहार पुलिस के द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। लातेहार थाना में पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। इधर महिला के बच्चों ने बताया कि रात में मम्मी और पापा के बीच झगड़ा हुआ था।परंतु बाद में बच्चे सो गए थे इस कारण उन्हें अधिक जानकारी नहीं हो पाई। घर में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चे ही रहते थे। स्थानीय लोगों ने सिर्फ इतना बताया कि पति-पत्नी के बीच झगड़ा अक्सर होते रहता था।महिला

## बालूमाथ में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ में जैक की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गयी है, जिसमे 10 वीं की परीक्षा पहली पाली में व 11 वीं की परीक्षा दूसरी पाली में ली जा रही है। इस परीक्षा में तीन परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमे राजकीय उच्च विद्यालय बालूमाथ, कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं परियोजना इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय बालूमाथ शामिल है। परीक्षार्थियों को सघन जांच के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा में पहले दिन प्रथम पाली इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय मैट्रिक परीक्षा में वोकेशनल,



आईटीएस, एमईटी में 110 परीक्षार्थी शामिल हुवे वही द्वितीय पाली इंटर की परीक्षा विज्ञान में144 एवं वाणिज्य में 123 कुल 267 विद्यार्थी शामिल हुवे जिसमे केंद्राधीक्षक मो0 जशीम व भिक्षक निर्मल कुमार सिन्हा, प्रयाग कुमार, पवन कुमार, चंचल सिंह, संध्या गुप्ता मौजूद रहे। वही राजकीय उच्च विद्यालय बालूमाथ में द्वितीय पाली इंटर की परीक्षा वोकेशनल में 504 की जगह 502 परीक्षार्थी शामिल हुवे जिसमें केंद्राधीक्षक योगेंद्र प्रसाद भिक्षक मो0 अनवर, विजय प्रसाद गुप्ता, मो0 मुमताज, निर्दोष खलखो, रवि यादव, शामिल रहे। वही कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में आज की विषय का परीक्षा नही होने के कारण वहाँ का परीक्षा नही हो पाया।

### बानपुर के तालाब से अज्ञात महिला का शव हुआ बरामद

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के बानपुर स्थित छठ घाट तालाब में बीते मंगलवार की दोपहर तकरीबन 2:50 बजे एक महिला का शव बरामद किया गया है। जिसकी पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई है। सूत्रों के मुताबिक महिला नहाने के लिए तालाब गई हुई थी इस दौरान यह घटना घटित हुई है जब ग्रामीण सौच के लिए तालाब गए तो देखा कि एक महिला का शव तालाब में पड़ा हुआ है इसके बाद इसकी सूचना लातेहार सदर थाना को दी गई सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो पाई है आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद भी महिला का कोई पहचान नहीं हो पायी है। यह हत्या है या आत्महत्या फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता है। महिला की पहचान हेतु हर बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## श्री राम जानकी मंदिर परिसर में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक पूज्य पंकज जी महाराज का सत्संग सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** हेरहंज में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के मुख्यालय, मथुरा से संस्थाध्यक्ष सन्त पंकज जी महाराज के सानिध्य में चल रही 82 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा ने कल सायंकाल राम जानकी मन्दिर के मैदान हेरहंज में पड़ाव किया। यात्रा का हेरहंज निवासी भाईयों, बहनों, बच्चों ने भव्य स्वागत किया।यहाँ आयोजित सत्संग समारोह में अपने सम्बोधन में पूज्य पंकज जी महाराज ने कहा यह अनमोल मानव शरीर परमात्मा ने इसलिए दिया है कि अबकी बार किसी प्रभु की प्राप्ति करने वाले सन्त, महात्मा की खोज करें। वह जो दया का प्रसाद दे उससे भजन करके जन्म-मरण के बन्धन से मुक्त हो जायें। इसी उद्देश्य के साथ हमारे गुरू महाराज बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने अथक परिश्रम किया



और गृहस्थ में रहकर प्रभु की प्राप्ति की सरल साधना सुरत-शब्द (नाम योग) में बीसों करोड़ लोगों को लगाया। उन्होंने कहा इस कलियुग में सन्तों का अवतरण हुआ जिन्होंने दया करके सुरत-शब्द योग का आत्म कल्याण हेतु सरल रास्ता जारी किया और बताया कि सारी आत्मायें शब्द नाम पर उतार कर लाई गयी है।संस्था प्रमुख ने गुरु की महिमा पर बहुत प्रकाश डाला। गुरू को सर्वोच्च दयागार कहा। गुरू के बराबर कोई नही। यहाँ तक कि सतनाम अनामी भी गुरू के आगे कुछ नहीं। गुरू मेरे पूर्ण कृपा के आधार हैं। मैं उन्हीं का गुण गाऊँगा। उन्होंने कलयुग की सुगम से सुगम नाम योग साधना का उपदेश किया। आज समाज में परस्पर प्रेम स?द्भाव की आवश्यकता है। प्रेम से मिल जुलकर जीवन यापन करें। शाकाहार सदाचार अपनाकर, नशों का त्याग करें। अच्छे समाज के निर्माण में भागीदार बनें। उन्होंने आगामी 24 से 26 मार्च तक जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा में आयोजित होने वाले होली सत्संग में आने का निमन्त्रण दिया तथा बताया कि मथुरा में वरदानी जयगुरुदेव मन्दिर बना है जहां मिठाईयां चढ़ाने पर मनोकामना की पूर्ति होती है। जिला-इटावा उ.प्र. में तह. भरथना के गांव खितौरा धाम में बाबा जी की पावन जन्मभूमि है यहां पर भी भव्य वरदानी मन्दिर बना है। यहाँ सभी सम्प्रदायों के लोग आते हैं। महाराज जी ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। इस अवसर पर झारखण्ड संगत के अध्यक्ष रामचन्द्र यादव, विहार प्रान्त के अध्यक्ष मृत्युन्जय झा, सहयोगी संगत जिला सीतापुर के तह लहरपुर के गोपी, अमर सिंह, राज बहादुर एवं संस्था के कई पदाधिकारी एवं प्रबन्धन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिसरी उम्मीदों को लगे आशाओं के पंख

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिखरी और बिसरी उम्मीदों को जैसे आशाओं के पंख लग गए। हजारीबाग जिला कोषागार पदाधिकारी उज्वल चौरसिया ने ऐसी नजीर पेश की कि एक बेसहारा गरीब परिवार को जैसे बड़ा सहारा मिल गया। उन्होंने आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक सरकारी सेवानिवृत्त कर्मचारी के परिवार के लिए खत्म हो चुकी पेंशन की उम्मीद को फिर से जिंदा कर न सिर्फ पीड़ित मानवता की सेवा का परिचय दिया, बल्कि सरकारी कर्मी होने के दायित्व और कर्तव्य का पाठ भी पढ़ाया।दरअसल जिला समाहरणालय संवर्ग के इचाक अंचल कार्यालय से सेवानिवृत्त लिपिक शिव प्रसाद की मृत्यु के पश्चात् उनकी पांच पुत्रियों जिनमें दो दिव्यांग व मानसिक रूप से कमजोर हैं के सामने समस्याओं का पहाड़ था। उनकी देखभाल की जिम्मेवारी उनकी बड़ी बहन के कंधो पर थी। चूंकि शिव प्रसाद अविभाजित बिहार के समय में सेवा में आए थे और इस वर्ष हजारीबाग से सेवानिवृत्त हुए थे।

उनके घर में कोई पुरुष नहीं होने तथा खुद बीमार रहने व दिव्यांग बेटियों की परवरिश के कारण पेंशन आदि विभागीय कार्रवाई नही हो पाई थी। उनके पिता की मृत्यु के उपरांत परिवार में भरण-पोषण की बड़ी समस्या थी। दोनो दिव्यांग पुत्रियां अपनी बड़ी बहन के घर में रह रही हैं। पेंशन स्वीकृति संबधी जानकारी जिला समाहरणालय के कोषागार कार्यालय को प्राप्त हुई।

फलस्वरूप कोषागार पदाधिकारी (टीओ) ने व्यक्तिगत इच्छाशक्ति से उक्त वर्णित परिवार की स्थिति को जानने के लिए उनके घर गए। उन्होंने बताया कि परिस्थितियां बिल्कुल दयनीय थीं। आय का कोई श्रोत नहीं होने के कारण उन्हें भरण-पोषण में काफ़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कोषागार पदाधिकारी ने बताया कि उन बेटियों के पिता की पेंशन निर्गत करने संबंधी कई अड़चने थीं। बिहार सरकार के एजी कार्यालय से लेकर झारखंड सरकार के एजी कार्यालय तक कई चरणों में वार्ता की गई तथा कागजातों को एकत्रित किया गया।

अंततः दोनों राज्यों से सहमति की स्वीकृति के फलस्वरूप कोषागार कार्यालय को पेंशन निर्गत करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई। टीओ ने बताया कि इतने प्रयासों के बाद स्वर्गिय शिव प्रसाद की बेटियों को उनके पिता के पेंशन का लाभ मिल पाएगा। उनसे उनकी तकलीफें खत्म तो नहीं हो जाएंगी, लेकिन हां परेशानियां कुछ कम जरूर होंगी।

### नव विवाहित जोड़ी के लिए नई पहल किट का वितरण

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नए जीवन की शुरुआत नई पहल किट के साथ को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया ।अपने नए जीवन में भरें खुशियों के रंग सहिया दीदी से लेकर नई पहल किट के संग, के तहत नई किट का वितरण चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार के हाथों किया गया। डॉ अविनाश कुमार ने सहिया साथी एवं सहिया दीदी को दिशा निर्देश दिए हुए कहा कि शादी के 2 वर्ष बाद पहला बच्चा का जन्म होना चाहिए।नई पहल किट में परिवार नियोजन के साधन से संबंधित कई प्रकार की सामग्री उपलब्ध है।किट में मुख्य रूप से किट बैग , दीवाल घड़ी , दो चश्मा , फोटो फ्रेम , चाबी रिंग , विवाह पंजीकरण फॉर्म , छाया गोली , गर्भ निरोधक गोली , गर्भावस्था जांच किट , परिवार नियोजन निबंध कार्ड आदि उपलब्ध है। इस कार्यक्रम को लेकर प्रत्येक सहिया को नव विवाहित जोड़ों को इस किट का वितरण कर उसे परिवार नियोजन से संबंधित विशेष जानकारी देना है।

मौके पर मुख्य रूप से एएनएम गीता देवी , बीटीटी बबीता देवी , गोपी महतो , कांडतरी क्लस्टर सहिया साथी आशिया खातून , सहिया अनिता कुमारी , अनुराधा देवी, भुवनेश्वरी देवी , शबाना खातून , पाकीजा खातून , जरीना खातून , सलमा खातून , लीलावती देवी , सालखो देवी, किरण देवी , मोनिका देवी सहित दर्जनों सहिया उपस्थित थे।

### राजू साहू ने पदाधिकारी बनाए जाने पर अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आभार प्रकट किया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा पवन साहू को भाजपा किसान मोर्चा एवं अमरदीप यादव को ओबीसी मोर्चा का दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर राजू साव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी का आभार प्रकट किया है।

इस दौरान राजू साहू ने रांची में बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर बुके भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान राजू साहू ने बड़का गांव की जन समस्याओं को रखा । उन्होंने कहा कि बाबूलाल के नेतृत्व में आने वाला लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करेंगी। झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगी तथा विधानसभा चुनाव के 81 विधानसभा में 60 सीटें जीतकर झारखंड में भाजपा सरकार बनाएंगी। मौके पर सुमन गिरी, श्याम रजक, महेंद्र महतो ,उमेश प्रसाद, राजकिशोर यादव, धर्मेंद्र कुमार, रवि, जितेंद्र , विनोद गोस्वामी इत्यादि बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा माह के 23वें दिन भी जागरूकता अभियान चलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सडक सुरक्षा माह के 23 वा दिन मनाया जा रहा है जिला परिवहन कार्यालय मोटर यान निरीक्षक तथा यातायात पुलिस के साथ संयुक्त रूप से Rose at Road Campaign चलाया गया। जिसके अंतर्गत हज़ारीबाग शहर के विभिन्न स्थानों मे यातायात नियमो के पालन कर्ता वाहन चालको पुल गुलाब देकर उन्हे सम्मानित किया गया तथा सडक सुरक्षा वारियर का स्टिकर भी लगाया गया, इसके अलावे यातायात नियमो के उल्लंघन करने वाले वाहन चालको की काउंसलिंग की गयी। कैम्पन हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट मोड़, मटवारि, पुराना बस स्टैंड सहित कई स्थानो मे आयोजित की गयी। इसके अलावे पुराना बस स्टैंड के सामने लगाए गये विशेष वाहन जांच मे बुलेट वाहन चालाको मे साइलेंसर मॉडिफाई कर वाहन चलाने वाले वाहन चालको के खिलाफ कारवाई की गयी इसके उपरान्त हिन्दु हाई स्कूल गली स्थित विभिन्न गैराज मे छापेमारी करते हुए मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले मैकेनिक को शख्त हिदायत दी गयी। उक्त अभियान मे जिला परिवहन पदाधिकारी बैधनाथ कामती, मोटर यान निरीक्षक गोपीनाथ डे, मोबाइल दरोगा महेन्द्र पासवान, यातायात प्रभारी के के साहा, रोड सेफ्टी मैनेजर संतोष कुमार,आईटी सहायक अरविन्द कुमार, परिवहन कार्यालय के लिपिक छवि कुमारी आदि शामिल हुए। ज्ञात हो की सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत अलग अलग दिन सडक सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा प्रति दिन जागरूकता रथ के माध्यम से सुदूरवर्ती इलाको तक सडक सुरक्षा सम्बन्धी सूचना तथा पम्पलेट्स पहुंचाई जा रही है।

## भरभरा कर गिर गई भ्रष्टाचार से बनी पानी टंकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बरकट्ठा प्रखंड के बरकंन गंगो पंचायत के ग्राम बरकंन गांगो में शिव मन्दिर के पास सरकारी योजना से बनी पानी टंकी अचानक भरभरा कर गिर गई।समीप के शिव मंदिर में पूजा कर रहे लोग पानी टंकी और सोलर प्लेट गिरने से बाल बाल बच गए।लोगों का कहना है कि इस समूचे खेल में पंचायत सेवक, जेई तथा मुखिया ने विकास के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति किया है। निम्न क्वालिटी का समान लगा कर खुले आम बंदर बाट की गई है।लोगों का कहना है कि बरकट्ठा में यदि कोई पंचायत भ्रष्टाचार में डूबा है तो वो है बरकंगंगो पंचायत।ग्रामीण सीमा सुरक्षा बल के जवान दिलीप कुमार ने बीडीओ और डीसी से अनुरोध किया है कि ऐसे प्रतिनिधि और पदाधिकारी पर कारवाई होनी चाहिए।

## बरही के नव पदस्थापित डीएसपी को अनुमंडल पुलिसकर्मियों ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के नव पदस्थापित डीएसपी नौशाद आलम से बरही अनुमंडल में कार्यरत पुलिसकर्मियों ने उनके कार्यालय में मुलाकात की। मौके पर डीएसपी को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान ऑफिसियली वार्ता की और बरही अनुमंडल क्षेत्र के कई ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। स्वागत कार्यक्रम में इंस्पेक्टर बरही अंचल जगलाल मुंडा, सा.नि.दिनेश महतो,आरक्षी में अभय प्रताप सिंह, प्रकाश उरांव, उमेश यादव, सोनी दिनेश महतो, चौकीदार दिनेश कुमार रामदेव कुमार शामिल थे।

## बीजेपी सरकार के इशारों पर केंद्र की जांच एजेंसी कार्य कर रही है : संजीव बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने बड़कागांव प्रखंड का दौरा किया। झारखंड में चंपई सोरेन सरकार बनने पर अपने कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई बताकर खुशी इजहार करते हुए आतिशबाजी जश्न मनाया।

इस दौरान बेदिया ने कंडाबेर माता स्थान में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख व स्मृद्धि की कामना की।



मौके पर बेदिया ने कहा जिस प्रकार से बीजेपी सरकार के इशारों पर ईडी कार्य कर रही है झारखंड में कभी सफल नहीं हो सकता है।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में कहा यदि केंद्र सरकार या ईडी हमको गलत साबित कर दे तो राजनीतिक से संन्यास ही नहीं बल्कि झारखंड छोड़ दूंगा। प्रखंड झामुमो अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा चंपई सोरेन के सरकार बनने से बीजेपी का होश उड़ गया है।

मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, जिला सोशल मिडिया प्रभारी संजय भुईयां, सचिव सरोज कुमार, राकेश मिश्रा, जिला कांग्रेस महासचिव पंकज गुप्ता, बैजनाथ महतो, श्मशान घाट सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश सिंहा, पीयूष बेदिया, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र बांडो, संजय रविदास, नंदकीशोर भुईयां, नरसिंह तुरी, मनोज ठाकुर, शिबू मेहता, पवन तुरी, धानेश्वर कुमार, विक्रम कुमार, विकास कुमार, दिलीप कुमार, मनीष कुमार, राजकिशोर राम, प्रवीण भुईयां के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने नए एसडीओ व डीएसपी का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखण्ड में नव पदस्थापित हुए अनुमण्डल पदाधिकारी जोहन टुडू व अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी नौसाद आलम का स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। मौके पर नए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी को उनके कार्यालय कक्ष में पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

स्वागत करने वालों में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद के प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष कांति देवी, एससी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, भाजपा ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनोज साहू, युवा नेता मुन्ना यादव, युवा समाजसेवी अमित सिंह, सचिन यादव, पिंटू ठाकुर, मनोज राणा, कैलाश साव, सुनील कुमार, मनोज यादव, अंकित यादव आदि उपस्थित थे।

## बड़कागांव पुलिस ने दो अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जब्त, मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना अंतर्गत ग्राम राउतपारा अंबाझरना में रात्रि में पुलिस ने अवैध कोयला लदा 2 ट्रैक्टर जप्त किया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने बताया कि ग्राम राउतपारा अंबाझरना क्षेत्र से दो अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया है। दोनों अवैध कोयला जप्त ट्रैक्टर बड़कागांव थाना ले लाया गया है। वहीं दोनों ट्रैक्टर के ड्राइवर



अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए। मामले को लेकर बड़कागांव थाना कांड संख्या 36/24 दिनांक 6 फरवरी 2024 धारा 414/34 भा0 द0 वी0 एवं 30 (ii) कोल माइन्स एक्ट तथा 33 वन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर मालिक, चालक एवं अवैध तरीके से संचालित कोयला खदान के मालिक पर मामला दर्ज किया गया है।

## 18 फ़रवरी को विश्वकर्मा अधिकार रैली मोरहाबादी मैदान में : विकास राणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हज़ारीबाग जिला कमेटी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में की गई ! विश्वकर्मा समाज की जिला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया ! कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए । बैठक में मुख्य रूप से 18 फ़रवरी को राँची के मोरहाबादी मैदान में आहूत विश्वकर्मा अधिकार रैली की तैयारी को लेकर चर्चा की गई हज़ारीबाग जिला के सभी प्रखण्ड में पोस्टर और हैंडविल के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा और विश्वकर्मा समाज के लोग अपने अधिकार के



लिए राँची जायेंगे । मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि पूरे झारखण्ड के विश्वकर्मा समाज 18 फ़रवरी को एक दिन अपना काम और अपना प्रतिष्ठान बंद कर राँची जाएंगे । विश्वकर्मा अधिकार रैली का आयोजन 18 फरवरी राँची के मोरहाबादी मैदान में आयोजन किया गया है जिसमें झारखण्ड के सभी 24 जिला से लाखों की सँख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे ! बैठक की अध्यक्षता करते हुए विश्वकर्मा समाज के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने कहा कि हज़ारीबाग जिला से लगभग बीस हज़ार लोग 18 फ़रवरी को राँची के मोरहाबादी मैदान जायेंगे । सभी प्रखण्ड के पदाधिकारी विश्वकर्मा अधिकार रैली की तैयारी में जोर शोर से लगे हैं ।

हज़ारीबाग परिसदन भवन में आयोजित जिला कमेटी की बैठक में जिला सचेतक महावीर राणा, पूर्व कोषाध्यक्ष उमेश राणा, बरकट्ठा प्रखण्ड अध्यक्ष अर्जुन राणा, बंडासिंघा पंचायत की पूर्व मुखिया गुड्डी देवी, ईचाक प्रखण्ड अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ़ बेनी राणा, चुरचू प्रखण्ड से महादेव विश्वकर्मा, दारू प्रखण्ड अध्यक्ष बासुदेव शर्मा, सदर प्रखण्ड अध्यक्ष विनोद राणा, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार राणा, कटकमसांडी प्रखण्ड अध्यक्ष अनुज राणा, फलजीत राणा, राजेश शर्मा, सुरेन्द्र राणा सही अन्य लोग शामिल हुए ।

## आज नईटांड़ में रूपेश पाण्डेय का प्रतिमा का होगा अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के दुलमाहा पंचायत के नईटांड़ में बहुचर्चित स्वर्गीय रूपेश पांडेय का प्रतिमा अनावरण को लेकर कई जन प्रतिनिधि ने स्थल का मुयैना करने पहुंचे। स्थल निरीक्षण करने के बाद मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि बरही का एक होनहार और पिता का इकलौता सपूत का निर्मम हत्या 6 फरवरी 2022 को सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान हो गई थी। इसके बाद झारखंड के कई जिलों में सांप्रदायिक तनाव हो गया था। झारखंड में पहली बार कई जिलों में एक साथ इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थी। इसके बाद कई चर्चित चेहरे स्वर्गीय रूपेश पांडेय को न्याय दिलाने के लिए उनके आवास पहुंचे थे। अंततः रूपेश पाण्डेय मॉब लिंचिंग की जांच सीबीआई ने किया था। वही दुःखद बेला में पीड़ित परिवार एवं जनमानस को ध्यान में रखते हुए। मौजूद ग्रामीणों के बीच सदर विधायक मनीष जायसवाल ने आवाह्न किया थी कि स्वर्गीय रूपेश पांडेय का प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जिसके बाद उन्होंने स्वर्गीय रूपेश पांडेय प्रतिमा भी दिया. आज स्वर्गीय रूपेश पाण्डेय का दूसरी पुण्यतिथि मानने जा रहें हैं। इस अवसर पर उनके आवास नईटांड़ में उनका प्रतिमा का अनावरण की जाएगी,जिसका स्थल निरीक्षण की औपचारिकता पूरी कर ली गई है।

## बड़कागांव में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शुरू प्रखंड में कुल पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** वोकेशनल परीक्षा के साथ बड़कागांव में दसवीं बोर्ड एवं इंटर की परीक्षा शुरू हो गई है। मैट्रिक परीक्षा के लिए अंचलाधिकारी बालेश्वर राम एवं इंटर की परीक्षा के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल को दंडाधिकारी बनाया गया है। कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए, सभी केंदों में केंद्र अधीक्षक समेत कुल 103 शिक्षक प्रतिनियुक्ति किए गए हैं।

वही शांति व्यवस्था के लिए दंडाधिकारी के साथ बड़कागांव पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। मैट्रिक एवं इंटर के परीक्षा को देखते हुए बड़कागांव में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

जिनमें कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव में मैट्रिक के195 परीक्षार्थी, आदर्श मध्य विद्यालय



बड़कागांव में मैट्रिक के 386 परीक्षार्थी एवं इंटर के 572 परीक्षार्थी, इंदिरा गांधी मेमोरियल कॉलेज बड़कागांव में मैट्रिक के 407 परीक्षार्थी एवं इंटर के 389 परीक्षार्थी, कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में मैट्रिक के 353 परीक्षार्थी तथा प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव में मैट्रिक के 379 परीक्षार्थी एवं इंटर के 453 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। मैट्रिक के 1718 परीक्षार्थी एवं इंटर के 1414 परीक्षार्थी कुल 3132 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। सफलतापूर्वक परीक्षा संचालन के लिए बड़कागांव शिक्षा विभाग कृत संकल्पित है। सदाचार मुक्त परीक्षा के लिए करणपुरा महाविद्यालय में प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो, आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव में खालिद अंसारी, इंदिरा गांधी इंटर मेमोरियल कॉलेज में कुलेश्वर महतो, बड़कागांव कन्या मध्य विद्यालय में अशोक राम, प्लस टू उच्च विद्यालय में प्राचार्य कृष्ण कुमार कन्हैया को केंद्र अधीक्षक बनाया गया है।

## सरस्वती हाई स्कूल में स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी का जन्म दिवस मनाया गया



**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत सरस्वती उच्च विद्यालय में स्वतंत्रता सैनानी सरस्वती देवी का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया पुष्पमाला अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई , और उनके पोता पोती ने आकर अपनी दादी को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी और सभी को अपने दादी के बारे में बतलाया सरस्वती देवी का जन्म 5 फ़रवरी 1901 को हज़ारीबाग बिहारी दुर्गा मंडप के पास हुआ था। इनके पिता राय बिष्णु दयाल लाल सिन्हा संत कोलम्बा कॉलेज के उर्दू, फ़ारसी और अरबी के अध्यापक थे। सरस्वती देवी का विवाह 13 साल की आयु में दारू गांव में अधिवक्ता केदार नाथ सहाय से हुआ था। शुरू से ही सरस्वती देवी समाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। विवाह के बाद वह ससुराल आ गई। केदारनाथ सहाय वकील थे। इसके अलावे केदारनाथ, राजेंद्र प्रसाद की बिहार स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी से भी जुड़े थे।इस जन्मोत्सव में कई लोग शामिल हुए।,मीना नारायण, भैया मुकेश, भैया सुकेश, भैया अनूप, दिव्या शालिनी, सुमित सहाय थे , आज सरस्वती उच्च विद्यालय के शिक्षक गण पूर्व प्रधानाध्यापक, ताजुद्दीन अहमद एवं वर्तमान प्रधानाध्यापक श्री रामेश्वर प्रसाद और शिक्षक गण, वासुदेव कुमार मंडल , कामेश्वर सिंह, परितोष कुमार झा, राजेश कुमार राय, राजेश कुमार दास, श्रीमती रंजू सिंह, मनीषा कुमारी, जितेंद्र कुमार पांडे, अजय गोप, इत्यादि कई लोग शामिल थे और वहां पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नास्ता का आयोजन किया गया ओर बच्चों को पुरस्करित किया गया जिसमें पायल, मोनिका, मधु, सरिता, सुरुचि, रिया, अर्शी, ग्रुप एन एस, ग्रुप आशा, इत्यादि सभी विद्यार्थी अपना अहम योगदान दिए।

## महिला समूहों के बीच धान कुटाई मशीन व टेंट हाउस की सामग्री का वितरण

**कटकमदाग :** प्रखंड के ग्राम चीची, कूबा व रजहर में एचडीएफसी बैंक से संपोषित व केजीविके द्वारा संचालित सम्पूर्ण ग्राम विकास परियोजना से सूक्ष्म उद्यमिता विकास के तहत महिला समूहों के बीच धान कुटाई मशीन और टेंट हाउस की सामग्री वितरण किया गया। अडरा मुखिया संगीता देवी, केजीविके के सहायक प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार तिवारी व रमेश कुमार ने चीची में गुलाब सखी मंडल, कुबा में लक्ष्मी सखी मंडल को धान कुटाई मशीन व रजहर में इमली सखी मंडल को टेंट हाउस का समान वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि एचआरडीपी परियोजना व केजीविके की ओर से महिला समूह को आत्म निर्भर बनाना सराहनीय कार्य है। केजीविके के सहायक प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि परियोजना द्वारा चयनित 14 ग्रामों मे अभी तक 20 से अधिक महिला समूहों को सूक्ष्म उद्यमिता से जोड़ने के लिए आंटा चक्की, धान कुटाई मशीन व टेंट हाउस का सामन दिया गया है। मौके पर आशीष कुमार, ग्राम समन्वयक रेखा, रुमा, भोला व महिला समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूमार्केट में खुला आयुर्वेदिक नशा मुक्ति केंद्र



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कटिया बस्ती के न्यूमार्केट में पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो और वेदालेक्स कंपनी के डॉ पारसनाथ उराँव के द्वारा अनीता हर्बल आयुर्वेदिक स्टोर नशा मुक्ति केंद्र का उदघाटन किया गया। मौके पर मुखिया किशोर कुमार महतो तथा डॉ पारसनाथ उराँव ने कहा कि अब क्षेत्र के लोगों को इंग्लिश दवा पर निर्भर नहीं रहना होगा वह अपना इलाज डॉक्टर के सलाह पर आयुर्वेदिक तरीके से करवा सकते हैं यहाँ पर वेदालेक्स वर्ल्ड क्लास कंपनी की आयुर्वेद उत्पाद उपलब्ध रहेगा और हर बीमारी का इलाज आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति द्वारा किया जायेगा इसके लिए हर महीने डॉ उपलब्ध रहेंगे और मरीजों को सेवा प्रदान किया जायेगा बहुत ज्यादा सीरियस पेसेंट के लिए हॉस्पिटल सेवा भी कंपनी का उपलब्ध है इस सेंटर नशा मुक्ति का विशेष आयुर्वेद दवा उपलब्ध है जो नाश मुक्ति का काम करेगा। मौके पर उप मुखिया नंदकिशोर महतो,गणेश ठाकुर,निर्मल जैन,सुनीता देवी,सुशीला कुमारी, चिन्ता देवी,शिबू सोरेन महतो,सुभाष उराँव,प्रकाश महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रोचाप डोकाटांड में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोचाप डोकाटांड में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने हेतु काली मंडप में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता भीम महतो एवं संचालन चेतक कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से सरस्वती पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें संरक्षक उमेश कुमार महतो,सोमेन्द्र महतो,सुरेन्द्र महतो एवं नरेश महतो अध्यक्ष रामकिशोर ठाकुर,उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, सचिव अमरलाल महतो, उपसचिव अजीतठाकुर, कोषाध्यक्ष अमृतमहतो, उपकोषाध्यक्ष पंकज कुमार चुने गए सदस्य में गणेशमहतो, सिबन ठाकुर, निर्मल, अजय, अभिमन्यु, सिकन्दर, ब्रह्मदेव, संजय, दशरथ, बनवारी, अमरलाल, बीरबल, संतोष, धनी, अनील, चन्द्रशेखर, सुदर्शन, महेश, रमेश, रवि, भोला, बालेश्वर, प्रदीप, बबलू, बिष्णु, दीपक, अंजनी, धनेश्वर, शिवनारायण, रामचंद्र, किशोर, बिजेंद्र, कामेश्वर, विनोद विकास, एलसंजीत, भरत, मनोज, सुनील, रौशन, अनु, धीरज, खेमलाल, किसुन एवं नरेश महतो को चुने गए बैठक में कफी संख्या में डोकाटांड के नवयुवक उपस्थित थे।

## साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों ने किया माडल का प्रदर्शन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची पब्लिक स्कूल में आज साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि स्कूल के संस्थापक दर्जनों संस्था के संरक्षक एम सईद थे, विशिष्ट अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, स्कूल के निदेशक प्रोफेसर जावेद अहमद, स्कूल के सचिव मो तौहीद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि शिक्षा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय, और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है। शिक्षित लोग समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान करते हैं, सामाजिक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं, और समाज के उद्धार में योगदान करते हैं। शिक्षा मानव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। रविवार को आयोजित प्रदर्शनी में रांची पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने स्मार्ट सिटी, चंद्रयान, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ट्रैफिक रूल्स, मक्का, मदीना, विंड मिल, मॉडल ऑफ सेटेलाइट, हाइड्रालिक ब्रिज, वालकेनो, एनिमल सेल्स (टीएस सेक्शन), रोबोट, फोटो सिंथेसिस व स्पेस सेविंग, रैन वाटर सेविंग्स सिस्टम मॉडल का प्रदर्शन किया। मेहमानों ने कहा कि सलम क्षेत्र में शिक्षा की जो अलख जगाई है, वह काबिले तारीफ है। प्रदर्शनी में छात्रों ने जो हुनर दिखाया है वह इनके उज्ज्वल भविष्य को दर्शाता है। विद्यालय प्रबंधक ने आभार व्यक्त किया।

## बदलते मौसम में ऐसे रखें अपनी सेहत का खास ख्याल

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में सर्दी का पारा उतार चढ़ाव चल रहा है। ऐसे में बीमार पड़ने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। इस मौसम में सर्दी-जुकाम और खांसी जैसी परेशानियां होना सामान्य है। ऐस में हमें अपनी आदतों और डाइट में लेने वाली चीजों को भी बदलना चाहिए। ऐसी डाइट का सेवन करना अच्छा माना जाता है, जिससे बॉडी को एनर्जी मिले और इम्यूनिटी लेवल को बढ़ावा मिल सके। वेदर में चेंजिंग आने के साथ ही इम्यूनिटी का स्तर तेजी से घटने लगता है, जिसके चलते कई बीमारियां हमें आसानी से घेर सकती हैं। उक्त बातें रांची के प्रख्यात फिजिशियन गेस्ट्रालॉजिस्ट डॉक्टर एम हसनैन ने कहीं। वह रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बदलते मौसम में संक्रमण का खतरा अधिक बढ़ जाता है, जिससे बचने का एकमात्र उपाय आपकी डाइट होती है। इसलिए अपने आहार में पौष्टिक फूड्स को शामिल करें और रात के समय हल्का भोजन लेना ठीक रहेगा। ?इसके साथ ही जूस, सूप, स्मूदी और सलाद को डाइट में शामिल करना आपके स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है। उन्होंने कहा कि आप देखेंगे कि जैसे ही गर्मी के बाद सर्दी आती है या फिर सर्दियों के बाद गर्मी दस्तक देती है, तो आपके घर में कोई ना कोई व्यक्ति खांसी या बुखार का मरीज बना रहता है।

## सिटी पब्लिक स्कूल में मना एनुअल फंक्शन एंड प्राइज डिसटीब्यूशन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिटी पब्लिक स्कूल स्किंड स्ट्रीट हिंदपीढ़ी रांची का वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नात नबी से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक मसूद कच्छी ने की। और संचालन मिस सुंबुल ने की। इस अवसर पर स्कूल स्टूडेंट्स ने मनमोहक प्रस्तुति दी। जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण नृत्य, विमेन इंपावरमेंट, गुरूप सॉन्ग, गुरूप डांस, सिंगल डांस, डांस,देश भक्ति गीत रहे। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में स्कूल परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुरु से बड़ा कोई नहीं है और शिष्य से प्रिय कोई नहीं है। यह बात विद्यालय परिवार में शिक्षक व शिष्य के बीच आपसी रिश्ते से पता चलती है। पुरस्कृत होने वाले सभी विद्यार्थियों को स्कूल के निदेशक मसूद कच्छी, शान तल्हा मसूद ने पुरस्कार दिए। साथ ही स्कूल के 2023 के बोर्ड टॉपर को सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम में 139 छात्राओ को शील्ड, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर मसूद कच्छी, कहकशा मसूद, शान तल्हा मसूद, अजमेरी, मोना, नाज़नीन, नाहिद, चांदनी समेत स्कूल परिवार से जुड़े सभी लोग उपस्थित थे।

# सीसीएल के सुभाषनगर अरगड्डा डबल स्टोरी क्वार्टर में सुरक्षा अधिकारी की मिली भगत से हो रहा अवैध कब्जा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सुभाष नगर अरगड्डा डबल स्टोरी कॉलोनी क्षेत्र में अरगड्डा सुरक्षा प्रबंधन के चुनिंदा एक अधिकारी और उनके दलालो के द्वारा क्वार्टरों पर कब्जा करवाया जा रहा हैं। सूत्र बताते है कि आए दिन अरगड्डा में पान गुमटी, ठेले और प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले कामगारों को मोटी रकम पर क्वार्टर बेच दिए जा रहे हैं। बताया जाता है कि इस प्रकार का मामला जांच के घेरे में मंगलवार को भी दिखाई पड़ा। यहां एडीएस 61 नंबर क्वार्टर में प्राइवेट फैक्ट्री रुंगटा में काम करने वाला एक दीपक नामक व्यक्ति रह रहा हैं। जिसे सुरक्षा विभाग के अरगड्डा क्षेत्र के एक अधिकारी, एक कोऑर्डिनेटर के द्वारा संरक्षण देते हुए सुरक्षा विभाग सिरका के आंखों में धूल झोंकने के साथ क्वार्टरों की खरीद बिक्री की जा रही हैं। इस सबंध में सुरक्षा सिरका प्रभारी राजू राम ने बताया कि क्वार्टर खरीद बिक्री की जानकारी नहीं हैं। जांच कर आगे की कार्रवाई होगी। वहीं सूत्रों की हवाले से माने तो करीब तीन से चार दिनों



पहले एडीएस 61 क्वार्टर का ताला सुनियोजित ढंग से रात्रि करीब शाम 7 बजे तुड़वाया गया। इसके बाद सफेद रंग की बोलेरो पर बैठे एक अधिकारी नीचे सड़क पर पहुंचे, यहां क्वार्टर की मोटी रकम के रूप में करीब 50 से 60 हजार रुपए की डील हुई, साथ ही सुरक्षा विभाग के अधिकारी ने क्वार्टर तोड़कर घुसे व्यक्ति को यह कहां कि यदि सीसीएल सिरका सुरक्षा विभाग के कोई भी गार्ड आते हैं, तो उन्हें कहना 10 वर्ष से इस क्वार्टर में रह रहे हैं। बताया जाता है कि जहां क्वार्टर बिकने की घटना घटी, वहां से महज कुछ मीटर दूरी पर सुरक्षा विभाग अरगड्डा के पदाधिकारी व कोऑर्डिनेटर का भी आवास हैं। चर्चा है कि सुरक्षा अरगड्डा विभाग के एक अधिकारी और कोऑर्डिनेटर के द्वारा सुभाष नगर क्षेत्र के दायरे में दर्जनों क्वार्टरों को कौड़ी के भाव बिक्री कर दिया गया हैं। जिसकी जांच होने पर इनके कारनामों की पोल खुल सकती हैं। हमेशा देखा जा रहा है कि सिरका कोलयरी में काम करने वाले कई कर्मियों को हाउस मीटिंग में क्वार्टर भी नहीं मिल पा रही हैं, लेकिन कुछ को क्वार्टर पर क्वार्टर मिल जाया कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में प्रबंधन के भ्रष्ट अधिकारी की ओर सबकी नजर दौड़ पड़ती हैं, अरगड्डा क्षेत्र सुरक्षा विभाग में ऐसे लोगों को दायित्व दिया गया हैं, जो पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोप में लिप्त हैं, इनके द्वारा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कमजोरों पर ही कलम और बल का प्रयोग किया जा रहा हैं, जो प्रबंधन की दोहरी नीति को भी जाहिर करता हैं, यदि ऐसे घोटालेबाज भ्रष्टाचार करने वाले लोगों के ऊपर जांच या कार्रवाई नहीं होती हैं, तो सीसीएल कंपनी की सरकारी संपत्ति यूं ही नीलाम हो जाएगी।

## भदानीनगर फोरलेन स्थित दो अलग-अलग सड़क दुघर्टना में एक की मौत एक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के भदानीनगर फोरलेन स्थित आज सड़क दुघर्टना में बारीडीह पंचायत कोड़ी निवासी घायल हो गए , जबकि कुरसे स्थित हुई दुर्घटना में रांची मांडर निवासी जीतू नायक की मौत हो गई।जानकारी अनुसार रांची से बोकारो की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार कोड़ी निवासी घायल हो गए जिन्हें स्विफ्ट डिजायर पर सवार लोगों ने अपने कार पर घायल व्यक्ति को बैठाकर सीसीएल अस्पताल लाया गया और इलाज के खर्च हेतू दस हजार रुपए सहायता के रूप में देकर मानवता का परिचय दिया गया। तो वहीं एक बाइक सवार मांडर निवासी जो अपने रिश्तेदारों के घर से वापस मांडर जाने के दौरान कुरसे स्थित सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस सड़क दुर्घटना में स्विफ्ट डिजायर कार और बाइक भी क्षतिग्रस्त हुआ।

## कांग्रेस की सरकार केंद्र में आएगी, कराएगी जातीय जनगणना : राहुल गांधी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने जातीय जनगणना कराने को प्रमुख मुद्दा बनाया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने बार बार मुद्दा उठाया है कि जब केंद्र में हमारी सरकार आएगी तो जातिगत जनगणना करायी जायेगी। राहुल गांधी कहते आये हैं कि देश में कितने ओबीसी हैं, कितने दलित हैं, कितने आदिवासी हैं, कितने गरीब सामान्य वर्ग से हैं, यह आंकड़ा बहुत ज़रूरी है। इसके लिए हमने प्रधानमंत्री से जातीय जनगणना कराने का आग्रह किया था लेकिन उन्होंने इसे नहीं माना। राँची में यात्रा में उन्होंने फिर से घोषणा किया कि लोकसभा चुनाव में अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो जातीय जनगणना करायेंगे।विधायक अंबा प्रसाद ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए कहा



कि देश में पूँजीपतियों की राजनीति में पिछड़े, आदिवासी, दलित के साथ अन्याय बहुत बढ़ गया है। इसलिए जातीय जनगणना न्याय और नीति की मांग है। इसके लिए उन्होंने कई बार ओबीसी महासमेलन के माध्यम से, विधानसभा में, पार्टी नेतृत्व के सामने और सरकार में इस मुद्दे को उठाया है। राज्य सरकार इस मामले में संवेदनशील है, शीघ्र ही राज्य में ही जातीय जनगणना कराया जाए इसके लिए भी मैं पहल कर रही हूँ।

## राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने अरगड्डा महाप्रबंधक को पेलोडर लोडिंग बंद कर युवाओं को रोजगार देने समेत 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने सीसीएल अरगड्डा महाप्रबंधक को लोकल सेल सिरका में पेलोडर लोडिंग रोक व स्थानीय युवाओं को रोजगार, न्यूनतम मजदूरी व पार्टी को भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 10 सूत्री मांग पत्र सौपा हैं। पत्र में कहा है कि लोकल सेल सिरका में पेलोडर लोडिंग बंद कर आस-पास के मजदूरों से लोडिंग कराया जाए, केंद्र और राज्य सरकार द्वारा लागू न्यूनतम मजदूरी भुगतान किया जाए, सिरका लोकल सेल के पुराने दंगल की सदस्यता जांच हो, नई शीरे से दंगल विस्तार किया जाए, लोकल सेल में पावर प्लांट की हाईवा गाड़ी बंद कर सेल गाड़ी लाया जाए, लोकल सेल डंप में कोयले में लगी आग बुझाया जाए, लोकल सेल सिरका क्षेत्र के सड़कों पर पानी छिड़काव किया जाए, अरगड्डा क्षेत्र से लेकर नईसराय सड़क तक रोड मरम्मत सहित चौड़ीकरण किया जाए, लोकल सेल सिरका में लोडिंग गाड़ियों में तिरपाल ढककर ले जाया जाए, सीसीएल सिरका खदान में ब्लास्टिंग होने के दौरान आस-पास के क्षतिग्रस्त आवासों को चिन्हित कर उचित मुआवजा दिया जाए, सिरका लोकल सेल में अन्य राजनीतिक पार्टियों की तरह राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए, पार्टी के सिरका-अरगड्डा क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं को रोजगार से जोड़ा जाए आदि बातें शामिल हैं। उक्त मांगों पर 10 दिनों के अंदर महाप्रबंधक से ध्यान आकर्षित करते हुए समस्याओं का निदान करने की बातें कही गई हैं।

## नए पुलिस पदाधिकारी का स्वागत पुराने को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले के एससीडीपीओ व चार इंस्पेक्टर समेत अन्य के तबादले व एससीडीपीओ, डीएसपी तथा चार इंस्पेक्टर समेत अन्य की जिले में पदस्थापन को लेकर मंगलवार को कोडरमा पुलिस परिवार के द्वारा समारोह का आयोजन कर विदाई व स्वागत किया गया. मौके पर एसपी अनुदीप सिंह सभी के किए गए सभी के द्वारा किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया तथा सभी आएं नए पदाधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि कोडरमा को अपराध मुक्त कैसे बनाएं इसके लिए हम लोग मिलकर काम करना होगा.ज्ञात हो कि एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, पु0नि0 राम नारायण ठाकुर, अवधेश कुमार, द्वारिका राम, निरंजन उरांव, परिचारी प्रवर विनाश टुड परिचारी सन्नी कच्छप, परिचारी युगेश कुमार को पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मानित कर विदाई दिया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसके साथ ही कोडरमा जिला में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कोडरमा के पद पर योगदान देने वाले जीतवाहन उरांव और पुलिस उपाधीक्षक (मु0) के पद पर योगदान देने वाले पुरूषोतम कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया गया।

# सौंदा डी के सभी भूमिगत खदानों के मुहानों को बंद करने की मुहिम शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र में लोहा और कोयला चोरों का उत्पात चरम पर है। चोर बंद खदानों से भी लोहा और कोयला चुराने से बाज नहीं आ रहे हैं। इधर, सौंदा डी परियोजना की बंद खदानों में बड़े पैमाने पर लोहा चोरी और अवैध रूप से कोयला खनन का मामला उजागर होने बाद प्रबंधन ने मंगलवार को परियोजना के सभी बंद भूमिगत माइंस के मुहाने को बंद कराने की पहल शुरू की है। जेसीबी के माध्यम से सौंदा 'डीं' के सभी चार भूमिगत खदान हाथीदाड़ी, बांसगढ़ा, अपर सिमाना और 34 नंबर माइंस के मुहानों में मिट्टी-पत्थर भरा जा रहा है। जिससे खदान में चोरों का प्रवेश रोका जा सके। इस दौरान सीनियर ओवरसियर डी. आर.



महली ने बताया कि खदान के मुहाने को बंद करने का निर्देश मिला है। जिसपर जेसीबी के माध्यम से मुहानें को भरकर बंद करने की कार्रवाई चल रही है। बताते चलें कि बीते दिनों सौंदा 'डी' परियोजना की बंद भूमिगत खदानों में लोहा चोरी और अवैध रूप से कोयला खनन का बड़ा मामला प्रकाश में आया था। मुहानों की दिवारों को ढाहकर चोरी की जा रही थी। खदान से लोहा और कोयला निकाला जा रहा था। ऐसे में कभी भी दुर्घटना की संभावना बनती दिख रही थी। अभियान में सिक्युरिटी इंचार्ज उमेश रविदास, होमगार्ड ॠषिकेश यादव, सुरक्षाकर्मी विशेश्वर भैना, आशिक अंसारी सहित अन्य शामिल हैं।

# समाज के चौथे स्तंभ के साथ बुरा बर्ताव बर्दाश्त नहीं होगा : सत्येंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) ने स्थानीय सिरका-अरगड्डा प्रबंधन के द्वारा पत्रकारों के साथ भेदभाव मामलों को लेकर मोर्चा खोल दिया हैं। इसे लेकर मंगलवार को एजेकेएसएस अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र महतो व सोशल मीडिया प्रभारी देवकुमार बेदिया ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर घोषणा की हैं। दोनों प्रतिनिधियों ने कहां है कि स्थानीय पत्रकारों के साथ हमेशा सीसीएल प्रबंधन के अधिकारीगण भेदभाव करने का मामला प्रकाश में आ रहा हैं। इस संदर्भ में बीते दिनों अरगड्डा क्षेत्र के पत्रकारों ने इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन पत्रकार संगठन के बैनर तले ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों और प्रबंधन से सीसीएल में सीएसआर, वेलफेयर व अन्य योजना से मिलने वाले लाभों के विषय में जवाब मांगा हैं। इधर एजेकेएसएस क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र महतो ने कड़े शब्दों में कहां है कि स्थानीय पत्रकारों के साथ भेदभाव सीसीएल प्रबंधन की दो तरफा नीति को दर्शाता हैं। जबकि हमारी



यूनियन पत्रकारों, समाजसेवी और संस्था के हक, अधिकार व सीएसआर, वेलफेयर व अन्य योजनाओं से मिलने वाले लाभ देने की मांग करती हैं। वहीं सोशल मीडिया प्रभारी देव कुमार बेदिया ने सीसीएल प्रबंधन को हर हाल में पत्रकारों, समाजसेवियों, संस्था से जुड़े सदस्यों को कल्याणकारी फायदो से जोड़ना होगा, तभी भारत के चौथे स्तंभ को जरुरी व्यवस्था और उनकी सुरक्षा को सुदृढ़ बनाया जा सकता हैं। आह्वान किया कि पत्रकारों के बगैर हम सभी का संचार माध्यम और अपनी बातों का उलगुलान को आगे बढ़ाने के लिए हमें मीडिया के अधिकारों और उनकी रक्षा का दायित्व निर्वाहन करना होगा।

# स्वदेशी मेला आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** स्वदेशी मेला आयोजन को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस स्वदेशी जागरण मंच द्वारा होटल शिवम् इन में दिन के 01 बजे जिला संयोजक पंचम चौधरी द्वारा आहूत किया गया। प्रेस वार्ता में मंचासीन वक्ताओं ने बताया कि स्थानीय छावनी फुटबॉल मैदान में दिनांक 12 फरवरी 2024 से दिनांक 23 फरवरी 2024 तक स्वदेशी मेला का आयोजन होना हैं। उसी को लेकर प्रेस वार्ता किया गया इस मेला में स्वदेशी उत्पाद को लेकर स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना है। स्वालम्बी भारत से ही आत्मनिर्भर भारत के लिए हमारा संकल्प साकार इस स्वदेशी मेला के माध्यम से होना है।12 फरवरी को उद्घाटन समारोह में स्थानीय सांसद की उपस्थिति मे होनी है। स्वदेशी मेला में प्रतिदिन विविध कार्यक्रम जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कई अन्य कार्यक्रम होना है। प्रेस वार्ता में जिला संयोजक पंचम चौधरी,संरक्षक प्रो आलोक कुमार, जिला सह संयोजक मिथिलेश मंडल, पूर्णकलिक विकास झा, संस्कार भारती कला चित्र सयोंजीका पिंकी कुमारी, कार्यालय प्रभारी प्रेम गुप्ता , मिडिया राजीव पामदत्त, कार्यकारिणी सदस्य प्रह्लाद साव, सह मिडिया सोनु प्रताप सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश ठाकुर, विस्तारक नितेश कुमार मोदी,विक्रम सिंह राठौड़, भाजयुमो जिला सह मिडिया प्रभारी सुमित अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर की बहनों ने मान बढ़ाया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामगढ़ में सभा का आयोजन कर तीन बहनों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोस्वामी तुलसीदास जयंती के मौके पर विद्या विकास समिति , झारखंड के द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश के सभी विद्यालयों में सुलेख,निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें स्थानीय विद्यालय के कक्षा पंचम की बहन निक्की कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, कक्षा चतुर्थ की बहन साक्षी सुमन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। वही निबंध प्रतियोगिता में कक्षा सप्तम की बहन विद्या रानी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर पूरे झारखंड प्रदेश में परचम लहरा कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया।मौके पर कला आचार्य विकास कुमार कुशवाहा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए बच्चों ने बहुत मेहनत की थी। यदि सच्ची लगन और मेहनत से प्रतियोगिता के लिए तैयारी की जाए तो इसका परिणाम भी सकारात्मक होता है। वही प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने सभी बहनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।मौके पर शिशु मंदिर प्रमुख महेश्वर महतो के अलावा कुमकुम झा, पद्मावती सिंह, रीता तिवारी ,दयाशंकर उपाध्याय, प्राण रंजन कुमार ,श्रीकांत द्विवेदी, प्रवीण कुमार राय, वीणा कुमारी, बबीता कुमारी, सोमा चाकी,दुर्गेश कुमार, अंजू कुमारी,अनीशा रंजन ,बबीता रानी, शालू कुमारी आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन० आर० ई० पी०, सिमडेगा

**अति अल्पकालिन– ई निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या –06/2023-24/NREP/SIMDEGA दिनांक – 03.02.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुरडेग | कुरडेग प्रखण्ड के डुमरडीह पंचायत के कसडेगा बल्याडीह में 1X15'X8' का पुलिया एवं 120 फीट गार्डवाल निर्माण | 24.11300 | चौबीस लाख ग्यारह हजार तीन सौ | 5000 | 48300 | 90 Days |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | Date of publication of Bid on Website | :- | 07.02.2024 at 10:00 AM |
| 3 | Mode of Submission of Tender | :- | Online Through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Bid submission start date | :- | 07.02.2024, 12:00 PM onwards |
| 5 | Last date and Time of Online submission of Bid | :- | 15.02.2024 by 05:00 PM |
| 6 | Bid Opening Date and Time | :- | 17.02.2024 at 11:30 AM |
| 7 | Tender inviting Authority | :- | Executive Engineer, N.R.E.P., Simdega |

विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.jharkhandterders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।

PR.NO.318006 NREP(23-24):D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### स्वर्ण जीत कर सृष्टि ने बढ़ाया झारखंड का मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के शहरी क्षेत्र निवासी दिलीप विश्वकर्मा की पुत्री सृष्टि विश्वकर्मा ने 1-4 फरवरी तक महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 13 × 14 नेशनल फील्ड इंडोर आर्चरी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर झारखंड जिले का नाम रौशन किया है। बचपन से ही खेल कूद में रुचि रखने वाली सृष्टि ने पहले भी बहुत सारे राष्ट्राय पदक जीते है। वो अपनी जीत का श्रेय अपने माता पिता बहन एवम अपने गुरु को देती है। आई आई टी बी एच यू की छात्रा सृष्टि पढ़ाई में भी अव्वल है। सृष्टि का लक्ष्य ओलंपिक खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। उसकी इस जीत में पूरे राज्य को गर्व है।

### परमेश्वर माली ने मनरेगा से संचालित योजनाओं का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत उदरंगी पंचायत में मनरेगा से संचालित योजना का मुखिया परमेश्वर महली ने मंगलवार को निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने उदरंगी में पूर्ण हो चुके देवचन उरांव के गाय शेड का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही उदरंगी पंचायत के अंबेरा, उदरंगी, बैमारी में मनरेगा से संचालित सिंचाई कूप, बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना का निरीक्षण कर लाभुकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

70 साल तक कांग्रेसियों ने जनता को बेवकूफ बना वोट बैंक की राजनीति की : सुनीता सिंह

# भाजपा सरकार की देन है कि आज हमारा देश विश्व पटल पर नंबर वन पर है : मनीर उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय कार्यक्रम बूथ प्रवास के तहत लोहरदगा जिला के सेन्हा मंडल के डाडू शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 54 एकागुरी में बुथ कमेटी की बैठक शंकर लोहरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री भाजपा सुनीता सिंह ने कहा कि आज महिला सशक्त हो रही है, गांव में केंद्र सरकार की दी जाने वाली योजना दिख रहा है,सबको उज्जवला गैस का लाभ मिला है,मुफ्त में सभी गरीब परिवारों को खाद्यान्न मिल रहा है,हर घर नल जल योजना के तहत घर-घर शुद्ध पीने का पानी मिल रहा है ,किसानों



को किसान सम्मन निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है,युवाओं को रोजगार देने के लिए कौशल विकास से जोड़ा जा रहा है,महिलाओं को 33त्न आरक्षण दिया गया यह सब तभी संभव हो पा रहा है जब केंद्र में भारतीय जनता पार्टी का नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बनी सरकार है तभी यह संभव हो रहा है। आजादी के 70 साल तक कांग्रेसियों ने गांव गरीब को बेवकूफ बनाकर लूटा वोट की राजनीति की,और अब घोटाला करने के बाद जब जेल जाना पड़ रहा है तो कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोग कह रहे हैं भाजपा के लोग हमें प्रताड़ित कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष श्री मनीर उराँव ने कहा कि मोदी जी गरीबों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख का लाभ दे रहे हैं, गांव के किसानो के उत्थान के लिए किसान सम्मान निधि के रूप में सहयोग हर वर्ष 6000 हजार प्रत्येक किसानों को दे रहे हैं, प्रधानमंत्री द्वारा मोटे अनाज पैदा करने वाले किसान को प्रोत्साहित कर रहे हैं यही तो हमारा विकास है गांव-गांव में बिजली पहुंची, गांव तक सड़क बनी गांव तक स्वास्थ्य सुविधा मिली, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव को जोड़ने का कार्य जारी है यह सब सिर्फ भाजपा सरकार की देन है आज हमारा देश विश्व पटल पर नंबर वन है आने वाला समय सिर्फ हमारा होगा एक दिन हमारा भारत विश्व का गुरु बनेगा। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा मनीर उरांव, जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह, मंडल अध्यक्ष सेन्हा नवीन साहू, धनीराम, साधनू लोहरा, वीरेंद्र मुंडा, शोभा देवी, लक्ष्मण उरांव, कृष्णा उराँव, नंदु महतो, सरिता देवी, विमला देवी सहित डाडु शक्ति केंद्र के पांच बुथ के अध्यक्ष एवं दर्जनों सदस्य उपस्थित हुए।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज सिमडेगा में किया गया युवा कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पॉलिटेक्निक कॉलेज सिमडेगा में कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप कुमार शर्मा के सानिध्य में पीरामल फाउंडेशन के द्वारा युवाओं की समाज में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु युवा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके बाद समाज़ में चल रही समस्याओं पर बात किया गया इसके उपरांत पीपीटी प्रेजेंट कर युवा सेवा सदन गठित कर समाज मे कैसे अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते है इस पर बृहत चर्चा की गई। कैसे विद्यालय के बच्चों का ड्रॉप आउट रोका जा सकता है, स्ट्ठ राउंड, जिले में पीरामल फाउंडेशन के द्वारा चलाये जा रहे प्रोग्राम को कोलाबोरेशन और कन्वर्जेन्स के माध्यम से कार्य कर रही है इस पर भी बात की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के पप्रोफेसर, पीरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम लीडर, मनीषा नेगी एवं गांधी फेलो सत्या सिंह, तनुश्री सरकार के साथ 110 से ज्यादा युवा उपस्थित रहे।

## कुकिंग कम्पीटिशन में 03 संकुल के 06 स्कूलों ने लिया भाग नगड़ा विजेता, कैरो उप-विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड अंतर्गत 06 फरवरी मंगलवार को राजकीय मध्य विद्यालय मे आयोजित 03 संकुल के 06 स्कूल उत्क्र्मीत उच्च विद्यालय नगजुवा, बेसिक स्कूल हनहट, मध्य विद्यालय कैरो, मध्य विद्यालय हुद्दू मध्य विद्यालय गजनी, प्राथमिक विद्यालय नगड़ा, के रसोईयो ने कुकिंग कम्पीटिशन मे लिया भाग। सभी 06 स्कूलों के रसोईयो के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के खाना दाल-भात सब्जी, गाजर व मडूवा की हलवा अण्डा कढी सलाद इत्यादि व्यंजन बनाकर प्रदर्शनी लगाई गई थी। भिन्न-भिन्न स्कूलों के ब्यंजन को कैरो उप-प्रमुख मधुलिका रानी, बीपीओ ओम



प्रकाश रंजन इत्यादि गणमान्य लोगों के द्वारा चखा गया। भोजन को अतिथियों के द्वारा चखने के बाद प्रथम विजेता के रूप मे नगड़ा बरवाटोली द्वितीय बिजेता मे मध्य विद्यालय कैरो, एवं तृतीय बिजेता मे हुद्दू के रसोईयो को उत्कृष्ट भोजन बनाने को लेकर उप-प्रमुख एवं बीपीओ के द्वारा नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा बीआरपी प्रकाश मिश्रा, आपोलो मन्जकन एक्का, शैलेन्द्र कुमार साहू, सीआरपी नन्दकिशोर साहू विकास जयसवाल, बाल संसद की प्रधानमंत्री निशा कुमारी, प्रधानाचार्य मध्य विद्यालय कैरो अम्रेण्द्र कुमार, एसएमसी अध्यक्ष रामप्रसाद पाल, शिक्षक विनोद कुमार सिंह समेत 06 विद्यालय के रसोईया उपस्थित थे।

## सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ के तहत एचएम अलिराजा अंसारी ने बच्चो को विद्यालय आने को ले चलाया अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडु प्रखंड क्षेत्र अवस्थित रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने 13 फरवरी को सुबह विद्यालय पोषक क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न टोलो-मुहल्लों में जाकर सीटी बजाकर बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।सुबह-सुबह सीटी बजाकर बच्चों को अपने मोहल्ले से एक साथ विद्यालय आने के लिए कहा। प्र. प्रधानाध्यापक स्वयं सीटी बजाते हुए बच्चों की टोली लेकर विद्यालय आए। मौके पर उन्होंने अभिभावकों से मुलाकात कर अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की।




उन्होंने कहा कि हल अभिभावक यदि बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक हो जाए तो हर क्षेत्र में सरकारी विद्यालय के बच्चों का प्रदर्शन उत्कृष्ट हो जाएगा। अभिभावक प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजें, शाम में उनको गृहकार्य बनाने के लिए प्रेरित करें, उनकी जरूरत का ध्यान रखें, भविष्य में कुछ बेहतर करने के लिए प्रेरित करें तो कोई वजह नहीं कि उनका भविष्य बेहतर न हो। विद्यालय के बच्चों का सर्वांगीण विकास अभिभावकों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। उन्होंने अपील की कि अभिभावक विद्यालय के शिक्षकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों की कक्षा में उपस्थिति सीखने की क्षमता, शैक्षणिक प्रगति इत्यादि की नियमित जानकारी रखें। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय का समुदाय से मजबूत जुड़ाव बहुत जरूरी कारक है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कंचन राम, शिक्षिका फूलमनी उरांव उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुआ ध्वजारोहण व भूमि पूजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर के पुराना शुकबाजार अजय पार्क के पास श्री सिध्दीविनायक हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हनुमान जी का ध्वजारोहण व भूमि पूजन किया गया। पण्डित जयशंकर मिश्र ने पूरेविधि-विधान और अराध्य देवी देवताओं का आव्हान करते हूए पूजन कराया और कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रथ्वी को जाग्रत करते हुए हनुमान जी को जाग्रत किया जाता है और उनके शरण में जाकर निमंत्रण देकर निवास के लिए जाग्रति किया जाता है। साथ ही कहा जाता है कि यह यज्ञ को



पार लगायें हम सभी आपके शरण में है। पुरोहित पण्डित जयशंकर मिश्र ने ध्वजारोहण आदि कार्य क्रम यजमान सरोज कुमार प्रजापति पत्नी सरिता देवी, महेन्द्र प्रजापति पत्नी यशोदा देवी,दिपक अग्रवाल, कुलदीप कुमार मां पूनम देवी को पूजन कराया। इस दौरान देवी-देवताओं के जयकारे से पूरा श्रेत्र गुंजायमान होता रहा। तत्पश्चात आरती और प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर अजय प्रजापति, मिथलेश कुमार, मन्नु कुमार, मोहन कुमार, इन्द्र कुमार, प्रमोद प्रजापति, राहुल कुमार, अजीत कुमार समेत सनातन लोग उपस्थित थे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 9 फरवरी से शुरू होगा अतः सभी सनातन लोगों से आग्रह किया गया है कि भाग लेकर पूण्य के भागी बने।

## कुरैशी फ्यूल सेंटर द्वारा किया गया लंगर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहंशाहे लोहरदगा हजरत बाबा दुख्ख़न शाह के 99वें वां उर्स के मौके पर कुरैश फ्यूल सेंटर के संचालक हाजी अफसर कुरैशी के द्वारा लंगर खानी का आयोजन किया गया। लंगर खानी में मदरसा कमेटी,मजार कमेटी सहित कई मस्जिदों के इमाम व हाफिज वह मौलानाओं सहित बाबा के उर्स में आए जायरिनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कुरैशी फ्यूल सेंटर के संचालक हाजी अफसर कुरैशी ने कहा के झारखंड सहित देश के अलग-अलग राज्यों से



लाखों लोग बाबा के उर्स में पहुंचते हैं। कुरैश फ्यूल सेंटर के द्वारा उर्स में आए बाबा के मेहमानों के लिए लंगर खानी का आयोजन किया जाता है जिससे कि लोगों की सेवा की जा सके।

## बाबा दुखन शाह के मजार पर पूर्व डिप्टी चेयरमैन बलराम कुमार ने की चादरपोशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नगर परिषद के पूर्व डिप्टी चेयरमैन बलराम कुमार ने मंगलवार को 99 वां उर्स के मौके पर हजरत बाबा दुखन शाह के मजार पर पहुंचकर चादरपोशी की। इस दौरान उन्होंने जिले के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी। उन्होंने उर्स के आयोजन के लिए अंजुमन का आभार जताया। बलराम कुमार ने कहा कि हजरत बाबा दुखन शाह का उर्स भाईचारगी का प्रतीक है। इसे कायम रखने की जरूरत है। बाबा



का मजार इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाबा के मजार पर सभी की मन्नत पूरी होती है। इस मौके पर रूद्र कुमार, चंदन साहू, प्रमोद वर्मा, संजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, रितेश कुमार, अमित वर्मा, दिवेश साहू, रितेंद्र महतो, बड़कू महतो, नितेश वर्मा, सूरज वर्मा, असगर अंसारी, पप्पू अंसारी, बटूना अंसारी, आशीष वर्मा, विकाश वर्मा, राकेश वर्मा, आशिक अंसारी, ममता देवी, आशा देवी, सावित्री देवी, रीना देवी, सबिता देवी, इंद्राणी वर्मा, पुष्पा देवी, आदि लोग उपस्थित थे।

## शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हुआ मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा प्रखण्ड क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच कदाचारमुक्त शांतिपूर्ण ढंग से सीसीटीवी की निगरानी संपन्न हुई। राज्यकीय कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही परीक्षा प्रथम दिन इलेक्ट्रॉनिक व हार्डवेयर की परीक्षा ली गई। जिसमे 52 परीक्षार्थियों में से 50 छात्र छात्राओं ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर का परीक्षा दिया। तथा 02 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वही केंद्राधीक्षक अभिषेक गौरव ने कहा कि मंगलवार को प्रथम दिन का परीक्षा कदाचारमुक्त तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। वीर्य पदाधिकारीयों के निर्देशानुसार परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी किया जा रहा है। परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो जिस के लिये मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट निलेन्द्र कुमार, एस आई शशिकांत कुमार दल बल के साथ उपस्थित थे।

## संत पीयूष स्कूल इंग्लिश मीडियम रेंगारीह में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के संत पीयूष स्कूल इंग्लिश मीडियम रेंगारीह में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री के एनोस एक्का,विशिष्ट अतिथि में जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुखिया शुशीला लकड़ा, उपस्थित उपस्थित हुए। पूर्व मंत्री के पहुंचने के साथी स्कूली बच्चों के द्वारा उनका भव्य तरीके से स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले गए इसके बाद उन्होंने फ्लैग होस्टिंग, बैलून उड़ा कर ,मशाल जलाकर तथा दीप प्रज्वलित करते हुए खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौका पर स्कूली बच्चों ने उनका पारंपरिक तरीके से



स्वागत की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण स्कूल के प्रिंसिपल फादर नीलम राकेश मिंज के द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन से बच्चों के अंदर खेलकूद के प्रति उत्साह बढ़ाती है और खेल के प्रति लगाव से आने वाले दिनों में खेल के क्षेत्र में बच्चे जिला से बाहर जाकर अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्हें सभी बच्चों को पढ़ाई लिखाई में विशेष ध्यान देते हुए खेलकूद में भी आगे रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय में अनुशासन बनाए रखते हुए अपने से बड़ों का आदर करने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से फादर संदीप फादर सैलरी फादर जबल फादर नेल्सन सिस्टर आशा, सिस्टर विभा, ब्रदर परवीन, रवि बड़ाईक, आशीष सिंह सहित स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता से लौटे खिलाड़ी आयुष सिंह को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कुडू प्रखंड के चंदलासो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन कर राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शामिल होकर लौटे खिलाड़ी को सम्मानित किया गया।बताते चलें कि 37 वां सब जूनियर तीन दिवसीय राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जो कि बीते 2 फरवरी से लेकर 4 फरवरी तक सरदार बलवीर सिंह जुनेजा स्टेडियम रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित किया गया था। जिसमें डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र आयुष सिंह ने 37 वां सब जूनियर राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड के लिए प्रतिनिधित्व किया।



37 वां सब जूनियर राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल होकर लौटे खिलाड़ी आयुष सिंह को डिवाइन पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही ताइक्कांडो प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव को भी डिवाइन पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से शुभकामनाएं एवं बधाई दिया गया। इधर डिवाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह ने कहा कि हमारे स्कूल का छात्र राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में झारखंड के लिए प्रतिनिधित्व किया है यह हमारे लिए गौरव की बात है। सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं रेशमी, सुनिता, समीर, सुनिता देवी, विद्या, मीना, पिंकी, सुलेखा, चांदनी, अश्रिता, मनीषा, भावना सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बद से बदतर खाना दिए जाने को लेकर छात्राएं जिला प्रसाशन कार्यालय का किया घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में फिर से एक बार गंभीर मामला सामने आया है। जहां आवासीय विद्यालय के बच्चों को सड़ा गला खाना देने को लेकर परेशान छात्राएं खुद विरोध में उतर गई। मामला जिले के किस्को प्रखंड स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय के कक्षा 10 की लगभग 100 से भी ज्यादा की संख्या में छात्राए रोते बिलखते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे,छात्राओं का आरोप है कि विद्यालय में सही खाना नही मिलने के कारण अकाउंटेंट के विरोध में जिला प्रसाशन के समक्ष पहुंची,जहाँ जिला प्रसाशन एवं जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्या सुनाई। वही मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, उपप्रमुख गीता देवी, बीस सूत्री सदस्य गुलाम जिलानी द्वारा मामले से उपायुक्त व अन्य अधिकारियों को अवगत कराया गया,सभी छात्राए सुबह विद्यालय से



पैदल 10 किलोमीटर चलकर लोहरदगा जहाँ अकाउंटेंट पर मेन्यू के हिसाब से खाना नही देने तथा सड़े हुए सब्जियों को देने एवं बगैर पके भोजन देने की बात कही है। जहाँ प्रसाशन द्वारा छात्राओ को समझाकर बुझाकर वापस विद्यालय भेज दी गई,जहाँ एसडीओ व अन्य अधिकारियों द्वारा विद्यालय में छात्राओ से वार्ता की गई छात्राओ ने बताया कि खाना सही नहीं मिलने के कारण हर समय पेट दर्द,एवं अन्य परेसानियो का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा छात्राओ को दिए जा रहे खाना की जाँच की गई तो इस दौरान बच्चों को घटिया किस्म के खाना दी जा रही थी।विद्यालय में खाना में दाल का कोई पता नहीं रहती है,खाना में चावल हल्दी एवं पानी बच्चों को परोसी जाती है.वही बगैर दूध दिए ही दूध का बिल तैयार कर घोटाला करने भी बात बात कही गई।वही विद्यालय के छात्राओ ने बताया कि विद्यालय में प्रतिदिन बच्चों को घटिया किस्म के खाना परोशी जाती है।वही मेन्यू के आधार पर भोजन नही दी जाती मेन्यू के हिसाब से फल देना था,विद्यालय में लगभग 400 से अधिक छात्राएं है,जिन्हें विद्यालय में मिलने वाली अधिकांश सुविधाओं से वंचित रखा जाता है।बच्चों को सड़ा गला सब्जी दी जाती हैं,मेन्यू अनुसार खाना नही दी जाती,छात्राओ ने बताया कि महीने में एक छोटा पैकेट सैनेटरी नैपकिन दी जाती है,जो महीने भर नही चल पाती महीने से पहले सैनेटरी पैड समाप्त होने से काफी परेशानी होती है.जबकि महीने में नहाने एवं कपड़ा धोने वाला एक छोटा साबुन,एवं छोटा पैकेट निरमा दिया जाता है,जो एक सप्ताह में ही समाप्त हो जाती है,बाकी दिनों अपने पैसे से साबुन निरमा खरीद के गुजारा करना पड़ रहा है जबकि एक वर्ष में एक बार पतला कॉपी 12 पीस दी जाती है जो की बच्चों को अपने से खरीदना पड़ता है।विद्यालय के अकाउंटेंट द्वारा बगैर सामग्री दिए ही बिल निकाल ली जाती है विद्यालय में बच्चों की समस्या पर अगर कोई बात भी किया जाता है,तो उन्हें गलत आरोप लगाकर फंसाने की धमकी कई बार दी गई है एवं गलत आरोप में नोटिस जारी की जाती है बीते महीने छात्राओ की समस्या को लेकर उपप्रमुख, बिस सूत्री सदस्य द्वारा निरीक्षण कर मामले से जिला प्रसाशन को अवगत कराया गया था।

पाकरटांड बाजारटांड मैदान में झारखंड पार्टी द्वारा हुआ नगाड़ा पिटावन रैली

## भाजपा व कांग्रेस ने लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाकर की राजनीति : एनोस एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी द्वारा मंगलवार को पाकरटांड बाजारटांड मैदान में नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का, केंद्रीय उप सचिव ललित संमद, जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, केंद्रीय महिला अध्यक्ष आईरीन एक्का, युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य रूप से मौजूद रहे। मौके पर अतिथियों के पहुंचने के साथ ही उपस्थित लोगों के द्वारा ढोल नगाड़ा एवं पारंपरिक पाइका नृत्य के साथ स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा आज भाजपा और कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय पार्टियों की वजह से इस क्षेत्र में लगातार शोषण जारी



है, यह पार्टियों लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाकर वोट लेती है और क्षेत्र का विकास पूरी तरह से रुक जाता है। आज इस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है लेकिन उन समस्याओं को दूर करने वाला कोई नहीं है वर्तमान सरकार से जिस प्रकार की लोगों की उम्मीदें जुड़ी थी उसके विपरीत यह सरकार सिर्फ और सिर्फ राज्य की खजाना और यहां की खनिज संपदा को लूटने पर व्यस्त है और वर्तमान में इस राज्य में हर तरफ हत्या लूट बलात्कार सहित कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो गई है जिसे देखने वाला कोई नहीं। लेकिन अब वक्त आ गया है झारखंड पार्टी माटी की पार्टी के रूप में और लोगों के विकल्प के रूप में क्षेत्र में लगातार जन भावनाओं का ख्याल रखते हुए कार्य कर रही है और आने वाले दिनों में जिस प्रकार पूर्व में विकास कार्य झारखंड पार्टी द्वारा किया गया था उसी प्रकार दुगने रफ्तार के साथ इस क्षेत्र में विकास किया जाएगा। इसके लिए आप सभी का सहयोग की आवश्यकता है ,इसलिए आने वाले चुनाव में आप सभी झारखंड पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दर्ज कराते हुए सदन में भेजें आपकी आवाज को सदन के माध्यम से उठाते हुए इस क्षेत्र में समस्याओं को दूर करने का कार्य किया जाएगा। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष संदेश एकता ने कहा कि वर्तमान समय राजनीति की परिपेक्ष परिवर्तन हो गया है अभी युवाओं को राजनीति के क्षेत्र में आगे आने की आवश्यकता है क्योंकि युवा देश के भविष्य हैं और देश को आगे बढ़ाने के लिए युवा अपने समाज अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए आगे बढ़े झारखंड पार्टी युवाओं का आवाहन करती है कि पार्टी के साथ जुड़कर क्षेत्र का विकास करें। मौके पर प्रखंड क्षेत्र की हजारों की संख्या में लोगों का जन सैलाब उमड़ा।

## चलते चलते एक नजर

### अपनी कार्यशैली में सुधार करें महाविद्यालय का परीक्षा विभाग : विशाल कुमार यादव

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधि मंडल मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें छात्र-छात्राओं की समस्या से संबंधित 3 सूत्री मांग पत्र सोपा मांग पत्र देते हुए विशाल ने डॉ मनोज कुमार से कहा महाविद्यालय प्रशासन एवं परीक्षा विभाग की लापरवाही के कारण बहुत सारे छात्र-छात्राओं का मिड सेम के मार्क्स में गड़बड़ी सामने आ रही है। महाविद्यालय में जितने भी इंटरनल परीक्षा लिए जाते हैं उनका परिणाम नोटिस बोर्ड पर डिस्प्ले किया जाए।मारवाड़ी महिला महाविद्यालय की सदस्य गुंचा कुमेर ने कहा की जब भी परीक्षा परिणाम घोषित होता तब तब यह समस्या उत्पन्न होती है जिसके कारण छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है महाविद्यालय प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन इस पर जल्द ध्यान दें अन्यथा छात्र आजसू के सदस्य उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।छात्र आजसू के मारवाड़ी महाविद्यालय के पदाधिकारी मनोज कुमार ने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से आग्रह किया के यूजी सेमेस्टर 4 का परीक्षा फल अभिलंब प्रकाशित किया जाए जिससे कि छात्र-छात्राएं अपना स्कॉलरशिप फॉर्म इस सत्र के लिए भर सके। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार ने आश्वासन दिया।

### आर्किटेक्ट विनोद सिंह से ईडी ने की पूछताछ

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर्किटेक्ट विनोद सिंह से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूछताछ की है। बताया गया है कि विनोद सिंह एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में कई दस्तावेज लेकर पहुंचे थे। दस्तावेजों की जांच और पूछताछ के बाद मंगलवार की शाम विनोद सिंह ईडी ऑफिस से निकल गए। आर्किटेक्ट विनोद सिंह सत्ता शीर्ष का करीबी बताए जाते हैं। विनोद सिंह को ईडी के अधिकारियों ने फोन कर ईडी कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया था। बीते तीन जनवरी को आर्किटेक्ट विनोद सिंह के घर में ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जांच ईडी को मिली थी। इसी एवज में 15 जनवरी को ईडी ने विनोद सिंह को अपने जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन ईडी कार्यालय में विनोद सिंह उपस्थित नहीं हुए थे।




# जन्मदिन के ही दिन सिरफिरे आशिक ने उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दो फरवरी को जन्मदिन था उसी दिन सिरफिरे आशिक ने प्रेमिका की हत्या कर दी। घटना मांडर थाना मांडर थाना क्षेत्र के हातमा जंगल की है। जंगल के पास से अध जला शव पुलिस ने बरामद किया। इस मामले की जानकारी मांडर थाना प्रभारी विनय यादव को मिली तो घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद खिलारी डीएसपी भोला सिंह भी पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। इस पूरे मामले में पुलिस को सफलता मिली है और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि युवती की शव मिलने के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक ने टीम गठन करने का निर्देश दिए। पुलिस उपाधीक्षक खलारी भोला सिंह रॉची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुँचकर युवती के जल रहे शरीर को बुझाकर तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया। जहाँ डॉक्टर द्वारा युवती को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस टीम को घटनास्थल से वर का पाईप, युवती का जला हुआ कपडा एवं रंगोली स्वीट्स लिखा हुआ थैला का कुछ हिस्सा, रंगोली बेकर्स लिखा हुआ कुट का बना केक बॉक्स एवं माचिस का डब्बा को बरामद किया गया। अग्रतर अनुसंधान के क्रम में तकनिकी सहयोग एवं गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा कांड का सभेदन करते हुए घटना में शामिल अवनिश कुमार, थाना चान्हो, जिला राँची को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी द्वारा इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए



बताया कि इनका युवती के साथ प्रेम-प्रसंग पूर्व से चल रहा था, इसी क्रम में युवती के परिजन युवती की शादी किसी दूसरी जगह ठीक कर दिये, जिससे दुखी होकर इनके द्वारा सोची समझी साजिश के तहत युवती को हातमा के जंगल में ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दिया गया तथा साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा दिये। अनुसंधान के क्रम में पुलिस टीम ने युवती के मोबाईल के लोकेशन के आधार पर चान्हो थाना अन्तर्गत करकट मोड़ के नजदीक सुनसान स्थान से युवती का बैग बरामद किया गया जिसमें युवती का मोबाईल एवं अन्य समान पाया गया। फास्ट ट्रैक के माध्यम से कार्रवाई कराई जाएगी ताकि और कोई इस तरह से किसी की हत्या न करें। गिरफ्तार अपराधकर्मी के निशानदेही के आधार पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल न0-एच08जी-1285, घटना कारित करते समय अभियुक्त द्वारा पहना हुआ खून लगा वस्त्र, अभियुक्त का मोबाईल एवं अन्य समान को बरामद किया गया। कांड में अग्रत्तर कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अपराधकर्मी का नाम-पता:** अवनिश कुमार सोस, थाना चान्हो, जिला राँची

**बरामद सामान का विवरण:** 1घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल न0-एचह्8जी 1285 2. घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहना हुआ खून लगा वस्त्र, अभियुक्त का मोबाईल, हत्या में प्रयुक्त रयर का पाईप,रंगोली स्वीट्स लिखा हुआ थैला का कुछ हिस्सा,युवती का जला हुआ कपड़ा रंगोली बेकर्स लिखा हुआ कुट का बना केक बॉक्स ,माचिस का डब्बा युवती का बैग जिसमें युवती का मोबाईल एवं अन्य समान

**छापामारी दल में शामिल:** भोला प्रसाद सिंह, पुलिस उपाधीक्षक खलारी राँची, पुअनि विनय यादव, थाना प्रभारी मांडर, पुअनि रंजय कुमार, थाना प्रभारी चान्हो,पुअनि जितेन्द्र प्रसाद वर्मा, मांडर थाना,पुअनि नीरज कुमार, मांडर थाना, पुअनि दीपक कान्त कुमार, मांडर थाना, पुअनि मो0 इमरान खान, चान्हो थाना, सअनि योगेन्द्र सिंह, मांडर थाना, सअनि प्रदीप कुमार चौबे, मांडर थाना 10. आ0/1814 राजीव कुमार, मांडर थाना और माडर थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

# टाटा मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्रैंड फिनाले 10 फरवरी को होगा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राँची :** बीएयू के मैदान पर खेले जा रहे टाटा मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल के सभी मैच सम्पन्न हो गया। पहले रोमांचक मुक़ाबले में दामोदर की टीम ने सकरी की टीम को 40 रनों से शिकस्त दिया।

इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दामोदर टीम के विस्फोटक बल्लेबाज मोनू कुमार को वरिष्ठ पत्रकार ओम रंजन मालवीय और वरिष्ट खेल पत्रकार अजय कुकरेती ने संयुक्त रूप से दिया। मोनू ने शानदार 90 रन बना कर दामोदर को जीत दिलाई।वहीं दूसरे रोमांचक मैच में मयूराक्षी की टीम ने शंख टीम को 7 विकेट से पराजित किया।

मयूराक्षी टीम के अमित कुमार सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ट छायाकार जगदीश सिंह व वरिष्ठ पत्रकार ओम रंजन मालवीय ने दिया। अमित कुमार सिंह ने 30 गेंदों में 47 रन बनाए।

मैच में अंपायर की भूमिका मिर्जा और अजमल ने बखूबी निभाई। मैच को सम्पन्न कराने में प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, संयुक्त सचिव रतनलाल, वहीं मैंनेजिंग कमेटी के आलोक सिन्हा, मोनू कुमार ने अपनी भूमिका निभाई।

# पेटीएम के शेयरों में बढ़त

**एजेंसी**

**मुंबई :** शेयर मार्केट में मंगलवार को कारोबार की शुरुआत हालांकि बढ़त के साथ हुई लेकिन बैंकिंग सेक्टर में लगातार बिकवाली का दबाव देखा गया. इंश्योरेंस सेक्टर में बहार है और आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के शेयरों में 3 प्रतिशत तक की तेजी देखी जा रही है. पेटीएम के शेयरों में पिछले तीन ट्रेडिंग सेशन में 42 प्रतिशत की गिरावट के बाद आज कुछ खरीदारी देखी जा रही है. पेटीएम के शेयरों में निचले स्तर 395 रुपए के लेवल से 473 रुपए के उच्च स्तर तक बढ़ोतरी हुई याने उह शेयर अपने निचले स्तर से लगभग 20 प्रतिशत तक बढ़ गए थे. हालांकि दिन के हाई लेवल से इस काउंटर में एक बार फिर गिरावट आई और इसका भाव नीचे आया. सुबह 11.45 मिनट पर पेटीएम के



शेयर लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की जा रही थी और वह 447 रुपए के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे.मार्केट एक्सपर्ट हेमांग जानी ने पेटीएम पर राय देते हुए कहा कि इस स्टॉक में पिछले दिनों 40त्न की गिरावट आई है.

बहुत सारी अनिश्चितताएं इसमें हैं. इस समय इस स्टॉक में बहादुर निवेशक हैं. वास्तव में दुर्भाग्य से जिस तरह से सर्किट फिल्टर करते हैं, गिरावट में स्टॉक से कई निवेशकों को बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिल सका जो काफी दर्दनाक है. उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि यदि आपका एक्सपोज़र छोटा है तो इस स्टॉक से दूर रहना ही अच्छा होगा. वैसे भी आप बस कुछ समय तक इंतजार कर सकते हैं क्योंकि अभी कंपनी की ओर से इसमें और स्पष्टता सामने आनी बाकी है.


# मन्नारा चोपड़ा ने किया अपनी शादी का खुलासा

**एजेंसी**

**मुंबई :** मोस्ट पॉपुलर टीवी रियलिटी शो बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा इन दिनों अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खीयों में बनी हुई हैं। मुनव्वर फारुकी और अनुराग डोभाल के साथ उनकी दोस्ती और अंकिता लोखंडे के साथ उनकी खतरनाक लड़ाई ने अभिनेत्री को सुर्खियों में बनाए रखा।

प्रियंका और परिणीति की बहन मन्नारा चोपड़ा ने सलमान खान के शो में अपने चुलबुले और मस्त मौला अंदाज से लोगों का दिल जीत लिया है। बिग बॉस 17 के घर से बाहर आते ही एक्ट्रेस मन्नारा चोपड़ा ने अपने फ्यूचर हसबैंड के बारे में बताया हैं कि वह किस तरह का लाइफ पार्टनर चाहती हैं।

साथ ही उन्होंने अपनी शादी की प्लानिंग को लेकर भी जबरदस्त खुलासा किया है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेसअपनी शादी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हमेशा अपनी बहन प्रियंका चोपड़ा के साथ शेयर की गई खास बॉन्ड को लेकर मन्नारा



चोपड़ा खूब चर्चा करती रहती हैं। हाल ही में मन्नारा चोपड़ा ने एक पॉडकास्ट में शादी और अपने फ्यूचर हसबैंड को लेकर खुलासा किया है।

पॉडकास्ट में मन्नारा ने खुलासा किया कि वह किस तरह के आदमी से शादी करना चाहती हैं। होस्ट ने जब एक्ट्रेस से सवाल किया कि क्या अपनी बहन परिणीति चोपड़ा की तरह वो भी किसी पॉलिटिशियन से शादी करना चाहती है? वहीं मन्नारा चोपड़ा ने इस बात पर बड़ी समझदारी से जवाब दिया था। एक्ट्रेस मन्नारा चोपड़ा से सवाल किया गया कि प्रियंका चोपड़ा और परिणीति चोपड़ा की शादी हो चुकी है और मीरा चोपड़ा भी शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं तो ऐसे में आपकी शादी को लेकर आपकी क्या प्लानिंग है?

क्या अपनी बहन परिणीति चोपड़ा की तरह वो भी किसी पॉलिटिशियन से शादी करना चाहती है? मन्नारा चोपड़ा बताती है कि वह किस तरह के लड़के के साथ शादी करना चाहती हैं। मन्नारा चोपड़ा कहती है कि %ओ गॉड, अभी तो बिग बॉस के घर से बाहर आई हूं, शादी करने के बारे में नहीं सोचा है अभी यार, लेकिन मैं किसी ऐसे व्यक्ति से शादी करना चाहती हूं जो हर तरह की बातचीत कर सकता हो,हर तरह के लोगों से मिलना पसंद करता हो और मेरी बात भी सुने। मुझे घर परिवार का लड़का मिले तो और भी अच्छा होगा। वह किसी भी पेशे से हो सकता है लेकिन एक ईमानदारी जो रिश्ते में होती है वह बहुत जरूरी है। बिग बॉस 17 के टॉप 5 में पहुंचने वाले मन्नारा चोपड़ा और अभिषेक कुमार शो के सबसे चर्चित कंटेस्टेंट्स रहे। इसके साथ खबर है कि अभिषेक और मन्नारा एक प्रोजेक्ट के लिए साथ काम कर रहे हैं। दोनों एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे। मन्नारा चोपड़ा बॉलीवुड एक्ट्रेसेस परिणीति और प्रियंका चोपड़ा की कजिन सिस्टर हैं। मन्नारा चोपड़ा कई तेलुगु, तमिल, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है।

### प्रदेश कांग्रेस की चुनाव कमेटी घोषित

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव कमेटी की घोषणा मंगलवार को कर दी। टीम में 29 नेताओं को जगह मिली है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम, डॉ. अजय कुमार, डॉ. रामेश्वर उरांव, सुबोधकांत सहाय, प्रदीप बलमुचू, सुखदेव भगत, गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, फुरकान अंसारी, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, प्रदीप यादव, प्रणव झा, दीपिका पांडेय सिंह, कालीचरण मुंडा, केशव महतो कमलेश, ब्रजेंद्र सिंह, रमा खलखो, अशोक चौधरी, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, विमला कुमारी, मणिशंकर, निरंजन पासवान, अमूल्य नीरज खलखो और सतीश रजक को शामिल किया गया है। इसके अलावा एक्स ऑफिसयो मेंबर में अभिजीत, गुंजन सिंह, अमीर हाशमी और नलिनी नैथन को भी शामिल किया गया है।

# मुस्लिम परिवार में भी गोद लिए बच्चे का संपत्ति पर अधिकार

**दिल्ली कोर्ट का बड़ा फैसला**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की एक अदालत ने मुस्लिम परिवार में बच्चे के गोद लेने और संपत्ति पर उसके अधिकार को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. बंटवारे के एक मुकदमे को खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम समुदाय से संबंधित कोई भी व्यक्ति शरीयत अधिनियम के तहत घोषणा किए बिना बच्चे को गोद ले सकता है और उस बच्चे का संपत्ति पर पूरा अधिकार होगा. एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज (एडीजे) प्रवीण सिंह ने फैसले के दौरान कहा,ऐसा कोई भी गोद लेना सामान्य कानून की ओर से वैध होगा, न कि मुस्लिम पर्सनल लॉ या शरियत कानून द्वारा. अंग्रेजी अखबार टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट की ओर से कहा गया- उक्त बच्चा गोद लेने वाले माता-पिता का वैध बच्चा बन



जाएगा. दरअसल, जिला अदालत मृत मुस्लिम व्यक्ति (जमीर अहमद) के भाई इकबाल अहमद की ओर से दायर बंटवारे के मुकदमे पर सुनवाई कर रही थी. जमीर ने एक बेटे को गोद लिया था पर इकबाल का कहना था कि शरियत कानून के हिसाब से उसके भाई का कोई बेटा नहीं है. ऐसे में संपत्ति पर उसके खून के रिश्ते वाले परिवार का अधिकार होना चाहिए. उसने मुकदमे का निपटारा मुस्लिम पर्सनल लॉ के मुताबिक करने की मांग की थी मगर कोर्ट ने इकबाल अहमद की मांग खारिज कर मामले का निपटारा कर दिया. जमीर अहमद और पत्नी गुलजारो बेगम ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत कोई घोषणा किए बिना ही अब्दुल समद उर्फ समीर नाम के एक बेटे को गोद लिया था. एडीजे प्रवीण सिंह ने बताया कि देश के प्रचलित कानून के तहत, शरीयत के बावजूद, एक मुस्लिम जिसने शरीयत अधिनियम की धारा 3 के तहत घोषणा दायर नहीं की है, वह एक बच्चे को गोद ले सकता है. जस्टिस सिंह ने 3 फरवरी के फैसले में कहा, ÷भले ही जमीर अहमद की 3 जुलाई 2008 को मृत्यु हो गई लेकिन उनका गोद लिया हुआ बच्चा संपत्ति का वैध उत्तराधिकार है. विधवा और बच्चे को उतने ही अधिकार मिलेंगे, जितने भारत में एक बेटे और पत्नी को पति की संपत्ति में अधिकार होता है. इस पर कोई पर्सनल लॉ नहीं चलेगा.

### राजस्थान के पोखरण में आर्मी इंटेलिजेंस ने संदिग्ध पाक जासूस को पकड़ा

**एजेंसी**

**जोधपुर:** राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर के पोखरण क्षेत्र से आर्मी इंटेलिजेंस ने मंगलवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस को पकड़ा। संदिग्ध 2014 में अपने परिवार के साथ टर्म वीजा पर भारत आया था और अभी आर्मी कैंट एरिया में लेबर का काम कर रहा था। अधिकारियों के अनुसार युवक जनवरी 2024 से आर्मी कैंट एरिया में लेबर का काम करता था। युवक जांच के दौरान फोन पर बात करते पकड़ा गया।

उसके फोन में पाकिस्तान के नंबर से बात करने और सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी लोगों से ऑडियो-वीडियो कॉल के जरिए बातचीत के भी सबूत मिले हैं। संदिग्ध युवक का नाम मनुजी भील (24) है। जो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के भावलपुर का रहने वाला है। सुरक्षा एजेंसियां गहनता से पूछताछ कर रही हैं। सूत्रों ने बताया कि मनुजी भील कैंट के अतिसंवेदनशील क्षेत्र में काम करता था। पकड़े जाने पर तलाशी में उसके पास से एक फोन मिला, जिसमें सोशल मीडिया के माध्यम से उसके पाकिस्तान के कई लोगों से संपर्क में होने का खुलासा हुआ। इतना ही नहीं, उसके फोन में आर्मी को पाकिस्तान के कई नंबरों पर मेसेज, वॉट्सऐप चैट्स, वीडियो एवं ऑडियो कॉल से कनेक्टेड होने की भी जानकारी मिली है। पकड़े जाने से कुछ देर पहले भी उसने कुछ पाकिस्तानी नंबरों पर बातचीत की थी। आर्मी इंटेलिजेंस की टीम ने इस संदिग्ध को जैसलमेर पुलिस के कोतवाली थाने को सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि प्रथम दृष्टया सामने आया है कि आरोपित पाकिस्तान का रहने वाला है, जो आर्मी कैंट में मजदूरी का काम कर रहा था। उसके पास से फोन भी मिला है, जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। युवक लॉन्ग टर्म वीजा पर यहां रह रहा था। इसके पाकिस्तान में संपर्क जैसी बात सामने आई है।

# लोक सभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस संगठन को पूरी तरह दुरुस्त करने की जरूरत है : अविनाश पाण्डेय

**एजेंसी**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में कांग्रेस जनों विधायक, सांसद एवं पूर्व सांसद, पूर्व विधायको पीसीसी एवं एआईसीसी सदस्यों एवं लोकसभा चुनाव 2019 के प्रत्याशि, विधानसभा चुनाव 2022 के प्रत्याशी व मेयर चुनाव के प्रत्याशी के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने भाग लिया। जबकि जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्षो प्रदेश के सभी फ्रण्टल संगठनों विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की अलग अलग आयोजित बैठक में सभी संगठनों की समीक्षा बैठक होगी। दोनों बैठकों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय, पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन मुख्य रूप से भाग लेंगे। जबकि श्री पाण्डेय एवं माकन ने सभी कांग्रेस जनों को सम्बोधित किया। यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कांग्रेस जनों एवं जिला शहर अध्यक्षों फ्रण्टल संगठनों एवं विभागों प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब संगठन को बूथ स्तर पर ससक्त बनाने के लिए जिला शहर अध्यक्षों प्रदेश पदाधिकारियों उस क्षेत्रों के पूर्व विधायक पूर्व सांसदो 2022 में विधानसभा चुनाव लडने वाले विगत मेयर एवं नगर पालिका चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों को अपने अपने बूथों को मजबूत बनाने और हर बूथ पर युवक महिलाओं किसानों एवं ओबीसी दलितों को कांग्रेस के मुख्य धारा बूथ से लेकर हर स्तर पर ससक्त बनाने के लिए जोड़ने की जरूरत है। श्री पाण्डेय ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के यूपी आगमन पर भावी रणनीति तैयार किया और चिन्हित प्वाइंट पर गर्मजोशी के साथ भारी संख्या मे ग्रामीण किसानों मजदूरों एवं महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार किया। और कांग्रेस जनों की टीम गठित करने की जरूरत जताया है।

**कांग्रेस जनों को कांग्रेस कोष के लिए अंशदान में यूपी की तगड़ी भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिए : अजय माकन**




कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कांग्रेस जनों को मिशन लोकसभा चुनाव 2024 को इण्डिया गठबंधन को कामयाबी हासिल करने के लिए डटकर मुकाबला करने के लिए तैयार होना पड़ेगा, यह चुनाव कांग्रेस और इण्डिया महा गठबंधन के लिए अस्तित्व का चुनाव रहेगा इसलिए सभी को तन-मन से समर्पित भावनाओं के साथ मुकाबला करने के लिए आगे आना पड़ेगा। श्री माकन ने कांग्रेस कोष में शुरू किए गए अंशदान को एक अभियान के रूप में लगकर कामयाब बनाना होगा, जिससे यूपी को इस अभियान में सबसे आगे होना चाहिए।

**भारत जोड़ों न्याय यात्रा में सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार होना है : अजय राय**

समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने कांग्रेस जनों को यूपी में भारत जोड़ों न्याय यात्रा में सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार होना है। तभी हम-सब का मंसूबा सफलता पूर्वक कामयाब हो सकेगा।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

कांग्रेस प्रभारी के दो दिवसीय बैठक में आज पहले दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद डा राजेश मिश्रा,कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, एवं नीलांशू चतुर्वेदी पूर्व विधायक, प्रदीप नारवाल, सह प्रभारी सत्य नारायण पटेल, विधायक श्री वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, पूर्व विधायक संजीव दरियावादी, पूर्व एम एल सी दीपक सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मदन मोहन शुक्ल,शिव पाण्डेय, प्रवक्ता अंशू अवस्थी, बृजेन्द्र मिश्र, सरिता पटेल, इमरान खान, आदि उपस्थित रहे।